▶▶ वर्ष 73 ▶▶ अंक 79 ▶▶ पृष्ठ 12+8 = 20
रीवा, बुधवार 17 दिसंबर, 2025
▶▶ पौष कृष्ण पक्ष 13, विक्रम संवत् 2082
▶▶ नगर ▶▶ मूल्य 5 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा

दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
www.dainikjagranmpcg.com

उस इंसान से ज्यादा गरीब कोई नहीं, जिसके पास केवल पैसा है।
-एडबिन पग

संक्षिप्त खबरें

मप्र विधानसभा के 69 साल, आज विशेष सत्र

विशेष संवाददाता, भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र बुधवार 17 दिसंबर को आहुत किया गया है। यह सत्र विधानसभा की पहली बैठक से 69 साल पूरे होने पर बुलाया गया है। परिसर में प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसका शुभारंभ राज्यपाल डॉ. मंगुभाई पटेल करेंगे। विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध मप्र के विजन पर विशेष सत्र के शुभारंभ से पहले परिसर में विधानसभा की सात दशक की यात्रा एवं मप्र सरकार के दो वर्ष के कार्यों पर केंद्रित प्रदर्शनी लगाई गई है। सत्र की कार्यवाही के दौरान विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों के लगभग 400 विद्यार्थी मौजूद रहेंगे। सत्र में मप्र को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने पर चर्चा होगी। जानकारी के मुताबिक, 17 दिसंबर को शाम को विधानसभा के मानसरोवर सभागार में सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन रखा गया है।

पहली बार इथियोपिया पहुंचे मोदी
पीएम अली खुद कार चलाकर ले गए होटल

अम्मान, जेएनएन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जॉर्डन का दौरा पूरा करने के बाद इथियोपिया पहुंच गए हैं। राजधानी अदीस अबाबा के एयरपोर्ट पर इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली ने गले लगाकर कर मोदी का स्वागत किया। अहमद अली खुद कार चलाकर मोदी को होटल ले गए। उन्होंने रास्ते में मोदी को साइंस म्यूजियम और मैत्री पार्क भी दिखाया। होटल पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने पीएम का स्वागत किया। पीएम ने प्रवासी भारतीयों से मुलाकात भी। इस दौरान एक बच्ची ने सांस्कृतिक नृत्य भी किया। इसके बाद दोनों नेताओं ने अनौपचारिक बातचीत की। यह पीएम का पहला इथियोपिया दौरा है। वे यहां 2 दिन के राजकीय दौरे पर हैं।

20 प्रतिशत तक महंगे होंगे मोबाइल रीचार्ज

नई दिल्ली, जेएनएन। देश के करोड़ों मोबाइल यूजर्स के लिए आने वाला साल जेब पर भारी पड़ सकता है। ग्लोबल इनवेस्टमेंट फर्म 'मोर्गन स्टेनली' का कहना है कि टेलीकॉम कंपनियां अप्रैल से जून 2026 के बीच 4जी और 5जी प्लान्स की कीमतें 16 से 20 फीसदी तक बढ़ा सकती हैं। यह अनुमान उनकी पहले की उम्मीदों से ज्यादा तेज और पहले का है, क्योंकि इससे पहले फर्म ने अगले साल करीब 15 फीसदी बढ़ोतरी की बात कही थी। रिपोर्ट के मुताबिक, यह बढ़ोतरी प्रीपेड और पोस्टपेड दोनों कैटेगरी में देखने को मिल सकती है। हाल के महीनों में सस्ते प्लान्स हटाना और ओटीटी स्ट्रीमिंग सर्विसेज को केवल प्रीमियम प्लान्स के साथ जोड़ना इस बात का संकेत है कि कंपनियां ग्राहकों को धीरे-धीरे महंगे टैरिफ के लिए तैयार कर रही हैं। अगर यह अनुमान सही साबित होता है, तो यह बीते 8 सालों में चौथी बड़ी टैरिफ बढ़ोतरी होगी। इससे पहले टेलीकॉम सेक्टर में 2019 में करीब 30 प्रतिशत, 2021 में 20 प्रतिशत और 2024 में 15 प्रतिशत तक की कीमतें बढ़ाई जा चुकी हैं।

मप्र कैबिनेट की बैठक में हुए कई महत्वपूर्ण फैसले

प्रदेश में बनेंगे 6 वन विज्ञान केंद्र, अब कर्मचारियों की सिर्फ तीन केटेगरी

विशेष संवाददाता, भोपाल

प्रदेश के 6 जिलों में अगले वित्तीय वर्ष से वन विज्ञान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए सरकार 48 करोड़ रुपए खर्च करेगी। यह निर्णय मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में लिया गया। बैठक में विभिन्न विभागों में स्वीकृत कर्मचारियों के स्थायी और अस्थायी पदों के बीच विभेदीकरण को समाप्त करने का फैसला लिया।

मंत्रालय में हुई बैठक में कई अहम प्रस्तावों को लेकर चर्चा की गई। इसमें सबसे अहम प्रस्ताव वन विज्ञान केंद्र की स्थापना और कर्मचारियों के अस्थायी पदों को स्थाई करना रहा। कैबिनेट में हुए निर्णयों की जानकारी देते हुए डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कहा गया कि प्रशासनिक सुधारों के तहत राज्य शासन के विभिन्न विभागों में स्वीकृत स्थायी और अस्थायी पदों के बीच विभेदीकरण को समाप्त किया जाए।

वर्तमान में कर्मचारियों की 7 श्रेणियां (दैनिक वेतन भोगी, अंशकालीन, कार्यभारित, स्थायी कर्मी व अन्य) हैं, जो अब 3 कर दी जाएंगी। यानी अब नियमित, संविदा और आउटसोर्स कर्मचारी कहलाएंगे। इसके लिए सेवा भर्ती नियमों में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। बताया गया है कि इस निर्णय के बाद कार्यभारित और आकस्मिक स्थापना के सभी पदों को सांख्येतर घोषित कर दिया जाएगा और इन पर कोई नई नियुक्ति नहीं होगी। इसी तरह कैबिनेट ने वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक राज्य में 6 वन विज्ञान केंद्र की स्थापना के लिए 48 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृति अनुसार प्रदेश में वन क्षेत्र के बाहर वानिकी विस्तार गतिविधियों को बढ़ाने, वन भूमि की उत्पादकता बढ़ाने, काष्ठ के विदोहन से अतिरिक्त आय के साधन के लिए जागरूकता बढ़ाने, वृक्ष खेती को बढ़ावा देने और कृषि वानिकी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वन विज्ञान केंद्र की स्थापना की जा रही है। अशासकीय संस्था द्वारा भी वन विज्ञान केंद्र की स्थापना, वन विभाग की अनुमति से की जा सकेगी।

डूब प्रभावितों के लिए 1,782 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज

कैबिनेट ने नर्मदा घाटी विकास विभाग के प्रस्ताव पर अनूपपुर, मंडला और डिंडोरी जिलों में अपर नर्मदा परियोजना, राघवपुर बहुउद्देशीय परियोजना और बसानिया बहुउद्देशीय परियोजना के डूब प्रभावितों के लिए 1,782 करोड़ का विशेष पैकेज स्वीकृत किया गया। परियोजनाओं के डूब प्रभावितों के लिए डीपीआर में प्रावधानित 1656 करोड़ 2 लाख रुपए के अतिरिक्त 1,782 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज स्वीकृत किया गया है।

गांवों की सड़कों के लिए 693 करोड़ की राशि स्वीकृत

कैबिनेट ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास के अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना के कार्यों के प्रस्तावों पर भी सहमति जताई। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना में विभाग में 10 लाख या उससे अधिक लागत राशि के कार्य स्वीकृत किए जाने की अनुमति प्रदान की गई। स्वीकृति अनुसार 693 करोड़ 76 लाख की लागत के लगभग 3810 कार्य पूर्ण किए जा सकेंगे।

मेट्रो के लिए मिलेंगे 90.67 करोड़

कैबिनेट में प्रदेश में मेट्रो रेल संचालन को लेकर एक प्रस्ताव लाया गया, जिसमें राजधानी भोपाल एवं इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के संचालन और रखरखाव के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राजस्व मद में 90 करोड़ 67 लाख रुपए के बजट की मांग की गई, जिस पर चर्चा के उपरांत कैबिनेट ने सहमति प्रदान कर दी। इस राशि से दोनों शहरों में मेट्रो के काम में तेजी आएगी।

अगले पांच साल जारी रहेगी योजना

शुक्ल ने बताया कि अगले कैबिनेट ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना को वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक निरंतर रखे जाने का निर्णय लिया गया है। कैबिनेट ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत 905 करोड़ 25 लाख रुपए के व्यय की स्वीकृति प्रदान की। योजना के तहत युवाओं को आगे भी उद्यम के लिए प्रोत्साहित करने के साथ रोजगार पैदा करने की सरकार की नीति के तहत मदद मिलेगी।

विधायकों, किसान संघ की नाराजगी के बाद लिया निर्णय

सरकार ने लैंड पूलिंग एक्ट किया निरस्त

विशेष संवाददाता, भोपाल। उज्जैन सिंहस्थ क्षेत्र में किसानों की जमीनों के स्थायी अधिग्रहण को लेकर लाया गया लैंड पूलिंग एक्ट आखिरकार सरकार ने निरस्त कर दिया है। विधायकों और भारतीय किसान संघ के कड़े विरोध के बाद नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इस आदेश भी जारी कर दिया है।

17 नवंबर को सीएम डॉ.मोहन यादव की मौजूदगी में सीएम हाउस में संघ के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी मौजूद थे। बैठक के बाद किसान संघ ने दावा किया था कि लैंड पूलिंग एक्ट वापस लिया जाएगा। हालांकि,उस समय मुख्यमंत्री की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया था। इसके दो दिन बाद 19 नवंबर को सरकार ने एक संशोधन आदेश जारी किया। इसमें कहा गया कि अब स्थायी अधिग्रहण बिल्डिंग निर्माण के लिए नहीं होगा, बल्कि सड़क नाली जैसे बुनियादी कार्यों के लिए ही जमीन ली जाएगी, लेकिन संशोधन पर भी किसान संघ और कांग्रेस ने आपत्ति जताई और वापस लेने पर अड़े रहे।



विधायक ने दी थी चेतावनी

15 दिसंबर को उज्जैन उत्तर से भाजपा विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने सीएम को पत्र लिखकर लैंड पूलिंग एक्ट को पूरी तरह वापस लेने की मांग की। विधायक ने चेतावनी दी थी कि यदि एक्ट वापस नहीं लिया गया तो वे किसानों के आंदोलन में शामिल होंगे। विधायक के पत्र के अगले ही दिन यानी 16 दिसंबर को सरकार ने लैंड पूलिंग एक्ट को पूरी तरह वापस लेने का आदेश जारी कर दिया। इस तरह सीएम से किसान संगठनों की मुलाकात के 29 दिन बाद सरकार ने यह फैसला लेते हुए सिंहस्थ क्षेत्र में लैंड पूलिंग एक्ट को समाप्त कर दिया।

विवाद की जड़

लैंड पूलिंग एक्ट के तहत सरकार विकास प्लान के लिए किसानों से जमीन लेती है, फिर उसी क्षेत्र को विकसित कर एक हिस्सा वापस मालिकों को प्लॉट या विकसित भूमि के रूप में देती है। सरकार का दावा है कि इससे किसानों को जमीन का बेहतर मूल्य और शहर को सुनियोजित विकास मिलता है, लेकिन उज्जैन में इस एक्ट को लेकर किसानों की आपत्ति यह रही कि जमीन देने की प्रक्रिया स्वैच्छिक नहीं लग रही, विकसित जमीन कब,कितनी मिलेगी, इस पर स्पष्टता नहीं है। सिंहस्थ और महाकाल लोक से जुड़े क्षेत्रों में जमीनों की कीमत बहुत अधिक है, ऐसे में किसान नुकसान की आशंका जता रहे हैं। कुछ गांवों में बिना पर्याप्त सहमति के सर्वे, नोटिस की बात सामने आई। इन्हीं कारणों से उज्जैन लैंड पूलिंग एक्ट के खिलाफ प्रदर्शन, ज्ञापन से दबाव बढ़ा। उज्जैन उत्तर से भाजपा विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने 15 दिसंबर को सीएम को पत्र लिखकर इस विवाद की ओर ध्यान दिलाया। पत्र में उन्होंने साफ कहा, उज्जैन में लैंड पूलिंग एक्ट को लेकर आम नागरिकों और किसानों में असंतोष है।

कूरियर प्रतिनिधि बताकर महिला को रखा 'डिजिटल अरेस्ट'

ठगों को 2 करोड़ देने बेचे 2 प्लॉट-फ्लैट, लिया लोन

बेंगलुरु, जेएनएन। कर्नाटक में 'डिजिटल अरेस्ट' की शिकार महिला ने कथित तौर पर दो प्लॉट, एक अपार्टमेंट बेच दिया, और कई महीनों में साइबर अपराधियों को 2 करोड़ रुपए से ज्यादा देने बैंक से लोन भी लिया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि पीड़िता बेंगलुरु के न्यू थिप्पसंद्रा की रहने वाली है, जहां 10 साल के बेटे के साथ रहती थी। 27 नवंबर को व्हाइटफील्ड सीईएन पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज की गई।

महिला की शिकायत में कहा गया है कि 19 जून को उसे ब्लू डार्ट कूरियर का प्रतिनिधि होने का दावा करने वाले किसी व्यक्ति का फोन आया। कॉलर ने कथित तौर पर कहा कि उसके आधार नंबर से जुड़े ड्रग्स और सामान मिले हैं, और मुंबई पुलिस उसे गिरफ्तार करने आ रही है। मुंबई पुलिस अधिकारी बनकर साइबर अपराधियों ने कथित तौर पर उसे धमकी दी कि अगर उसने उनकी मांगें नहीं मानीं तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पुलिस ने बताया कि उन्होंने उसे कुछ मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करने का निर्देश दिया और जोर दिया कि वह घर के अंदर ही रहे और 'जांच' पूरी होने तक किसी के साथ कोई जानकारी शेयर न करे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'शुरुआती जानकारी इकट्ठा करते समय, उन्हें पता चला कि उसका 10 साल का बेटा है और उन्होंने इसका इस्तेमाल उसे डराने के लिए किया कि उसे भी गिरफ्तार करके जेल भेज दिया जाएगा।' महिला ने 19 जून से 27 नवंबर के बीच आदेशों का पालन किया और कई बार साइबर धोखेबाजों को पैसे भेजे, उसने बताया। एफआईआर के अनुसार, महिला ने विग्नान नगर में एक अपार्टमेंट बहुत कम कीमत पर बेचा, मालूर में दो प्लॉट कम कीमत पर बेचे, और बैंक से लोन भी लिया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, पैसे ऐंठने के बाद, साइबर अपराधियों ने उसे 'नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' लेने के लिए पुलिस स्टेशन जाने को कहा, और जब वह व्हाइटफील्ड पुलिस स्टेशन पहुंची तो उसे पता चला कि साइबर अपराधियों ने उसे धोखा दिया है।

साइबर अपराध के मामलों में वृद्धि

कर्नाटक में पिछले तीन सालों में 57,733 साइबर अपराध के मामलों में 5,473.97 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है, लेकिन इसमें से केवल 11.5 प्रतिशत ही बरामद हो पाया है। पिछले तीन सालों में, औसतन, कर्नाटक को साइबर अपराध से हर दिन 6.05 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, लेकिन केवल 60 लाख रुपये ही बरामद हुए। आंकड़ों के अनुसार, 2023 में, पीड़ितों के पास खोए हुए पैसे में से कुछ पैसे वापस मिलने की संभावना 1 में से 5 थी।

ऑपरेशन सिंदूर के पहले दिन भारत हारा: चव्हाण

मुंबई, जेएनएन। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा ऑपरेशन सिंदूर के पहले ही दिन भारत को हार का सामना करना पड़ा था। एयरफोर्स के विमान गिराए गए थे। मंगलवार को पुणे में प्रेस कॉन्फ्रेंस में चव्हाण ने कहा- 7 मई को हुई करीब आधे घंटे की हवाई झड़प में भारतीय विमान उड़ान भरने की हालत में नहीं थे, क्योंकि पाकिस्तान की ओर से उन्हें गिराए जाने का खतरा था। इसी वजह से एयरफोर्स को पूरी तरह ग्राउंड कर दिया गया था। उन्होंने दावा किया कि अगर ग्वालियर, बठिंडा या सिरसा से कोई विमान उड़ता, तो उसके गिरने की पूरी आशंका थी।



20 दिसंबर को सुभाष नगर स्टेशन से 5:15 बजे चलेगी मेट्रो, 15 मिनट में पहुंचेगी एम्स

भोपाल में एक दिन भी फ्री नहीं रहेगी मेट्रो

जागरण संवाददाता, भोपाल। राजधानीवासियों को इंदौर की तरह एक हफ्ते तक मेट्रो की फ्री सेवा का लाभ नहीं मिल सकेगा। शहर वासियों को पहले दिन से मेट्रो का किराया चुकाना होगा। दरअसल, इंदौर में एक सप्ताह तक मेट्रो को फ्री करने के बाद यात्रियों से किराया लेना शुरू किया गया था, लेकिन इस दौरान यात्रियों की संख्या में 90 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई थी। यही स्थिति भोपाल में भी न बने, इसे देखते हुए प्रबंधन ने मेट्रो के संचालन के साथ किराया वसूलने की भी तैयारी की है।

एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, इसके लिए प्रबंधन ने अनुमति दे दी है। एक-दो दिन में किराया तय कर इसकी सार्वजनिक घोषणा भी कर दी जाएगी। राजधानी में 20 दिसंबर को मेट्रो ट्रेन का लोकार्पण किया जाएगा। मिंटो हॉल में कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और सीएम डॉ. मोहन यादव शहरवासियों को सौगात देंगे।

सफर : 15 मिनट में 7.5 किमी

लोकार्पण शाम 4 से 4.45 बजे तक होगा। शाम 5.10 पर केंद्रीय मंत्री खट्टर और सीएम सुभाष नगर स्टेशन से हरी झंडी दिखाएंगे। 5.15 बजे मेट्रो में बैठकर एम्स स्टेशन तक सफर करेंगे। कॉरपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार इस दौरान मेट्रो को 60 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलाया जाएगा। मेट्रो 7.5 किमी की यह दूरी करीब 15 मिनट में तय करेगी और शाम 5.30 पर एम्स स्टेशन पर पहुंचेगी। एम्स स्टेशन पर भी शहरवासियों के लिए एक कार्यक्रम रखा गया है।

मिंटो हाल के कार्यक्रम में जुड़ेंगे पीएम मोदी: मिंटो हॉल में होने वाले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जुड़ेंगे। हालांकि, अभी यह तय नहीं हो सका है कि पीएम वीसी के जरिए जुड़ेंगे या मिंटो हॉल में उनका वीडियो संदेश प्रसारित किया जाएगा।

हेराल्ड केस: सोनिया-राहुल को राहत

नई दिल्ली, जेएनएन। दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी, सोनिया गांधी और 5 अन्य के खिलाफ ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। ईडी ने कहा, वह इस आदेश के खिलाफ अपील दायर करेगी। राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज विशाल गोगने ने आदेश में कहा, मामले में दाखिल चार्जशीट एक व्यक्ति की निजी शिकायत से जुड़ी है, न कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत अनुसूचित अपराध से जुड़े एफआईआर पर। ऐसे में इस पर संज्ञान लेना संभव नहीं है। नेशनल हेराल्ड केस भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की एक शिकायत से जुड़ा है। स्वामी ने सोनिया, राहुल, अन्य नेताओं पर एजेएल कंपनी की 2,000 करोड़ की संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया है।

राहुल-सोनिया को एफआईआर की कॉपी देने का आदेश रद्द

इसी मामले में, राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की एक दलील स्वीकार करते हुए राहुल और सोनिया को एफआईआर की कॉपी देने का मजिस्ट्रेट कोर्ट का आदेश रद्द कर दिया। दिल्ली पुलिस ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए कहा था कि आरोपी एफआईआर की कॉपी पाने के हकदार नहीं हैं। इस पर कोर्ट ने कहा, आरोपियों को सिर्फ एफआईआर दर्ज होने की जानकारी दी जा सकती है। दिल्ली पुलिस ने नेशनल हेराल्ड मामले में 3 अक्टूबर को ईडी की शिकायत पर राहुल-सोनिया गांधी के अलावा सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, यंग इंडियन, डोटेक्स मर्चेंडाइज, इसके प्रमोटर सुनील भंडारी, एजेएल और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

कल से बिना पीयूसी दिल्ली में नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

नई दिल्ली, जेएनएन। दिल्ली में लगातार बिगड़ती एयर क्वालिटी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाया है। पर्यावरण मंत्री ने बताया कि वाहन, ईंधन और निर्माण कार्यों से जुड़े नियमों को अब सख्ती से लागू किया जाएगा। 18 दिसंबर से दिल्ली में बिना पीयूसी के किसी भी वाहन को पेट्रोल या डीजल नहीं दिया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई नियमों का उल्लंघन करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पीयूसी बनवाने का आज और कल का दिन बचा है और गुरुवार से नियम पूरा दिल्ली में लागू हो जाएगा।

चिंताजनक देश के 10 शहरों के स्कूली बच्चों में ड्रग्स-स्मोकिंग को लेकर सर्वे में खुलासा

दिल्ली, मुंबई समेत बड़े शहरों में 13 की उम्र से नशे की लत

दिल्ली, जेएनएन। एक मल्टी-सिटी सर्वे में सामने आया कि स्कूल जाने वाले बच्चे ड्रग्स और स्मोकिंग की आदतें डाल रहे हैं। शराब भी पीने लगे हैं। ऐसी नुकसानदायक चीजों से स्कूली बच्चों का परिचय होने की औसत उम्र लगभग 13 साल है। इसे देखते हुए स्टडी में सुझाव दिया गया है कि प्राइमरी स्कूल से ही बच्चों की निगरानी और आदतों के मामलों में दखल देने की जरूरत है।

दरअसल, आल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली द्वारा किए गए एक सर्वे में सामने आया कि महज 13 साल की उम्र में स्कूली बच्चे ड्रग्स और स्मोकिंग की आदतें डाल रहे हैं और शराब पीने लगे हैं। नतीजों से यह भी पता चला कि जैसे-जैसे बड़ी क्लास में जाते हैं, नशे का इस्तेमाल बढ़ता है। ११वीं, १२वीं के छात्रों में १०वीं के छात्रों की तुलना में नशा इस्तेमाल की संभावना दोगुनी है। परिणामों को देखते हुए सर्वे में मिडिल, हाईस्कूल तक लगातार रोकथाम और दखल देने के महत्व पर जोर दिया गया है। करीब 95 फीसदी बच्चे इस बात से सहमत थे कि ड्रग का इस्तेमाल नुकसानदायक है। 40 फीसदी बच्चों ने बताया कि उनके परिवार का कोई न कोई सदस्य तंबाकू, शराब का इस्तेमाल करता था। स्टडी में पाया गया कि आमतौर पर नशे की गिरफ्त में आने वाले बच्चों के परिवार के सदस्य नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं या उनमें आपस में झगड़े होते रहते हैं। परिवार के किसी सदस्य द्वारा कैनाबिस (कोई भी प्रोडक्ट) और ओपिओइड (कोई भी प्रोडक्ट) के इस्तेमाल की रिपोर्ट क्रमशः 8.2 और 3.9 फीसदी स्टूडेंट्स ने की, जबकि परिवार द्वारा इनहेलेंट/सेडेटिव जैसे दूसरे पदार्थों का इस्तेमाल 2-3 परसेंट था। जो बच्चे (पिछले साल) नशीली दवाओं का इस्तेमाल करते थे, उन्होंने बताया, उनके परिवार के सदस्य, साथी नशीली दवाओं का इस्तेमाल ज्यादा करते हैं। 25.7 प्रतिशत स्टूडेंट्स ने परिवार में अक्सर झगड़े होते हैं? सवाल का जवाब हां में दिया।

बच्चों को इनकी लत

- 04 प्रतिशत तंबाकू
- 03.8 प्रतिशत शराब
- 02.8 प्रतिशत ओपिओइड
- 02 प्रतिशत कैनाबिस
- 01.9 प्रतिशत इनहेलेंट
- 90.2 प्रतिशत बिना डॉ. पर्ची दवा ओपिओइड का इस्तेमाल

देश के 10 बड़े शहरों में किया गया सर्वे

एम्स के नेशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट सेंटर की डॉ. अंजू धवन के नेतृत्व में यह स्टडी की गई, जो इस महीने नेशनल मेडिकल जर्नल ऑफ इंडिया में छपी है। यह स्टडी अलग-अलग इलाकों में किशोरों में नशे के इस्तेमाल को देखती है। इस सर्वे में 10 शहरों- बेंगलुरु, चंडीगढ़, दिल्ली, डिब्रूगढ़, हैदराबाद, इंफाल, जम्मू, लखनऊ, मुंबई और रांची के शहरी सरकारी, प्राइवेट और ग्रामीण स्कूलों के क्लास 8, 9, 11 और 12 के 5,920 स्टूडेंट्स शामिल थे।

अध्ययन के नतीजे

- 12.9 सालः किसी भी नशीले पदार्थ का सेवन शुरू करने की औसत उम्र
- 11.3 सालः इनहेलेंट लेने वालों की उम्र
- 12.3 सालः तक के बच्चे हेरोइन का सेवन कर रहे
- 12.5 सालः तक के बच्चे ओपिओइड फार्मास्यूटिकल्स (बिना प्रिस्क्रिप्शन के) ले रहे

यह भी चिंताजनक

- 15.1 प्रतिशत बच्चों ने ड्रग्स के लाइफटाइम इस्तेमाल की बात कही।
- 10.3 प्रतिशत ने पिछले साल इस्तेमाल की बात कही।

आसानी से उपलब्ध

कौन सा पदार्थ आपकी उम्र के व्यक्ति के लिए आसानी से मिल सकता है, तो लगभग आधे स्टूडेंट्स (46.3 प्रतिशत) ने कहा, तंबाकू प्रोडक्ट्स और एक-तिहाई से ज्यादा स्टूडेंट्स (36.5 प्रतिशत) इस बात से सहमत थे कि उनकी उम्र का व्यक्ति आसानी से शराब प्रोडक्ट्स खरीद सकता है। भांग (21.9 प्रतिशत), गांजा/चरस (16.1 प्रतिशत), इनहेलेंट (15.2 प्रतिशत), सेडेटिव (13.7 प्रतिशत), अफीम और हेरोइन (हर एक 10 प्रतिशत) के लिए स्टूडेंट्स ने कहा, इन्हें आसानी से खरीदा जा सकता है।

थाईलैंड से लाए गए लूथरा बंधु, उतरते ही गिरफ्तारी

कोर्ट ने 2 दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेजा

नई दिल्ली, जेएनएन। गोवा नाइटक्लब में आग से हुई 25 लोगों की मौत के बाद क्लब के को-ओनर लूथरा बंधु सौरभ और गौरव को थाईलैंड से डिपोर्ट होने के बाद मंगलवार दोपहर 2 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर लाया गया। एयरपोर्ट से गोवा पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के बाद उन्हें पटियाला हाउस कोर्ट ले जाया गया। सुनवाई के बाद दोनों को ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया गया है। अदालत में पुलिस ने तीन दिन की रिमांड मांगी थी, लेकिन मजिस्ट्रेट ने दो दिन की रिमांड की मंजूरी दे दी है।

भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अनुरोध पर पिछले हफ्ते थाईलैंड के पटोंग के एक होटल से लूथरा बंधुओं को हिरासत में लिया गया था, जिसके बाद उन्हें डिपोर्ट करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई थी। इस हफ्ते की शुरुआत में दोनों को बैंकॉक में एक इमिग्रेशन सेंटर में शिफ्ट किया गया था। इसके बाद सेंट्रल एजेंसियों के अधिकारी उन्हें लेकर दिल्ली रवाना हुए। दिल्ली में प्लेन से उतरते ही गोवा पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। अब उन्हें पटियाला हाउस कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड के लिए पेश किया जाएगा। ट्रांजिट रिमांड की इजाजत मिलते ही पुलिस दोनों को लेकर गोवा जाएगी। सौरभ और गौरव लूथरा बिर्च नाइट क्लब के मालिक हैं। क्लब में 6 दिसंबर को घटना के बाद दोनों भाई थाईलैंड भाग गए थे।

जागरण रीवा

रीवा, 17 दिसम्बर 2025

www.dainikjagranmpcg.com 2

मनरेगा से 'गांधी' का नाम हटाने, फंड शेयरिंग पर संसद में विपक्ष का हंगामा (पेज : 08)

कमिश्नर और अन्य अधिकारी साइकिल से पहुंचे कार्यालय

रीवा। पर्यावरण की सुरक्षा तथा स्वयं की स्वास्थ्य रक्षा रक्षा के उद्देश्य से सप्ताह में मंगलवार के दिन कमिश्नर बीएस जामोद की पहल पर अधिकारी और कर्मचारी साइकिल से कार्यालय पहुंच रहे हैं। यह क्रम लगातार बना हुआ है। सुमंगल साइकिल दिवस पर कमिश्नर और अन्य अधिकारी साइकिल से कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। कमिश्नर के साथ संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, अतिरक्ति संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह, खनिज अधिकारी बसंतराम तथा कमिश्नर कार्यालय के कर्मचारी भी साइकिल से कार्यालय पहुंचे। संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उप संचालक मछलीपालन अंजना सिंह तथा अन्य अधिकारी ने कार्यालय आने के लिए ई-रिक्शा का उपयोग किया।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433

80 साल के पेंशनरों का होगा सम्मान

रीवा। प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन के तत्वाधान में आज 17 दिसम्बर को पेंशनर दिवस के अवसर पर जिले के 52 पेंशनरों को 80 साल पूरे होने पर संभागायुक्त बी.एस. जामोद द्वारा शॉल, श्रीफल देकर सम्मानित किया जायेगा। वीरेन्द्र कुमार तिवारी उप प्रान्ताध्यक्ष एवं जिला शाखा रीवा के अध्यक्ष ने बताया है कि सन् 2007 से यह कार्यक्रम प्रति वर्ष मनाया जाता है, और यह अनवरत चालू रहेगा। प्रति वर्ष पेंशनरों की संख्या बढ़ती जायेगी। पेंशनर दिवस के अवसर पर शहडोल, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज के एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इस बैठक में उपस्थित होने की अपनी सहमति प्रदान की है।

देव पूजन के साथ प्रारम्भ हुआ 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

रीवा। राष्ट्र शौर्य समृद्धि 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ मंगलवार को देव आह्वान, देव पूजन के साथ गायत्री महायज्ञ शांतिकुंज के प्राणवार परिव्राजकों द्वारा संचालित की गई। प्रातः 09 बजे से यज्ञ प्रारंभ होकर 01बजे सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति जी विधायक मनगवां रहे। शाम 03 बजे से प्रज्ञापुराण की कथा मे शांतिकुंज हरिद्वार की टोली नायक राजकुमार भृगु ने बताया कि सब की मंगल कामना करें। गुरुदेव ने हमें जाति-वंश सब एक समान, नर और नारी एक समान, मानव मात्र एक समान का चिंतन दिया है। यदि देश को ऊपर उठाना है तो पहले एक दूसरे के विग्रह को भेद भाव को मिटाना होगा। युग संगीत हरिद्वार के रामवीर सिंह नेगी ने प्रस्तुत किया। आज 17 दिसंबर को प्रातःकाल 09 बजे से यज्ञीय कार्यक्रम एवं संस्कार सम्पन्न कराये जायेंगे और शाम 03 बजे से युग संगीत एवं विशाल दीप महायज्ञ आयोजित होगा। भक्त जनों से अनुरोध किया गया है कि कार्यक्रम मे सपरिवार अपनी सहभागिता निभाएं।

ईव्हीएम मशीनों की एफएलसी आज से

रीवा। पंचायत एवं नगरीय निकाय के उप निर्वाचन 2025 उत्तरार्द्ध के कार्यक्रम के अनुसार जिले के नगर परिषद सेमरिया के अध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद, जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 16 के सदस्य तथा जनपद पंचायत गंगेव के ग्राम महमूदपुर के सरपंच एवं जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के ग्राम पंचायत जरहा के सरपंच पद का निर्वाचन 29 दिसंबर को ईव्हीएम मशीनों से कराया जायेगा।

अंतर्राज्यीय बस अड्डे का बुरा हाल, यात्री निवास में ताला

मुसाफिरों के रैन बसेरे में होटल कर्मचारियों का कब्जा

यात्रियों को होटल में रुकने के लिए किया जाता है विवश, जिम्मेदार मौन

जागरण, रीवा

जिले के इकलौते अंतरराज्यीय सरदार पटेल बस अड्डे की हालात दयनीय है। यात्रियों की सुविधाओं के लिए करोड़ों की लागत से बनाए गए इस बस अड्डे में उस ठेकेदार ने कब्जा कर लिया है जिसे संचारण व संधारण का जिम्मा दिया गया था। बसों के चबूतरे तक बेंच दिए जहां बसें खड़ी होती थी। इतना ही नहीं जिन यत्रियों की सुविधाओं के लिए उसे जिम्मदारी सौंपी गई उनके आशियाने को भी हड़प लिया। मुसाफिरों के रैन बसेरे में ठेकेदार ने अपने होटल के कर्मचारियों को कब्जा दिला दिया। यात्री बसेरे में ताला जड़वाकर यात्रियों को होटल में रुकने के लिए विबश किया जा रहा है। यात्री निवास अब ऐशगह बन गया हैं यहां दारू खोरी होती है ताकि कोई यात्री रैन बसेरे में रहने की सोचे तक नहीं।

शासन-प्रशासन द्वारा रैन बसेरे का निर्माण निराश्रित, मुसाफिर व गरीबों के लिए करवाया गया है, किन्तु शहर के नए बस स्टैंड स्थित रैन बसेरे का लाभ होटल के कर्मचारी उठा रहे हैं। दैनिक जागरण टीम ने जब उनसे पूछा कि आप लोग कहां से आएं हैं तो उनमें से एक व्यक्ति ने बताया कि वे लोग होटल का स्टाफ है। करीब 25-30 लोग यहां रहते हैं, जबकि इसी के आगे दूसरे कक्ष में कुछ लोग बैठे शराब पी रहे थे। अचानक कैमरा देखकर उन्होंने दरवाजा लगा लिया और यहां के इंचार्ज को मोबाइल कर बुला लिया, इंचार्ज ने अपना सोनू मिश्रा बताया जिसने बताया कि यहां 12-13 लोग निवास कर रहे हैं, जो लोग आते हैं उन्हें रहने दिया जाता है, होटल के कर्मचारी यहां निवास कर रहे हैं।

दो साल से एक धेला नहीं मिला, निगम ने दिया 68 लाख बकाया का नोटिस

रीवा। सरदार पटेल के नाम पर शहर में बने अंतर्राज्यीय बस स्टैंड में उनके स्वभाव के विपरीत काम किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधाओं के लिए बनाये गये सरदार पटेल अंतर्राज्यीय बस स्टैंड में यात्रियों को सुविधाएं प्रदान करने के बजाय उन्हें सुविधाएं बेची जा रही हैं। नगर निगम द्वारा सरदार पटेल अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के संचालन एवं संधारण के लिए जिस फर्म को किराये पर दिया गया है, उसके द्वारा बस स्टैंड से 50 से 60 लाख रुपये हर माह वसूले जा रहे हैं लेकिन उसने पिछले दो साल से अधिक समय से नगर निगम को एक धेला नहीं दिया है। अब नगर निगम ने 68 लाख रुपये जमा करने का नोटिस भेजकर चेतावनी दी है कि यदि समयावधि के भीतर उक्त राशि नहीं जमा कराई गई तो सरदार पटेल अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के संचालन एवं संधारण का ठेका निरस्त किया जा सकता है। नगर निगम द्वारा उक्त फर्म को 2.62 लाख रुपये महीने के किराये पर सरदार पटेल अंतर्राज्यीय बस स्टैंड को दिया गया है। उक्त फर्म द्वारा बस स्टैंड में यात्रियों के लिए बनाई गई सुविधाओं पर व्यवसाय किया जा रहा है। इसके अलावा जगह-जगह शेड बनाकर किराया वसूला जा रहा है। यात्री प्रतीक्षालय तक के स्थान को किराये पर देकर वसूली की जा रही है। उक्त फर्म द्वारा सरदार पटेल का नाम भी खराब किया जा रहा है। सरदार पटेल अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के सभी गेटों पर बैरियर लगाकर बसों से वसूली की जा रही है।

खुलेआम होती है शराबखोरी, गैलरी में बोतलों की भरमार

रैन बसेरे में अवैध रूप से निवास कर रहे होटल कर्मचारियों द्वारा यहां खुलेआम शराबखोरी भी की जाती है, जिसका उदाहरण रैन बसेरे की गैलरी में देखने को मिला, गैलरी में जगह-जगह शराब की खाली बोतलें, पानी की खाली बोतलें और चखने की खाली पन्नियां उड़ रही हैं। गैलरी के साथ ही यहां का बरामदा भी गंदगी से पटा पड़ा है, शराबखोरी करने वाले यहीं बाथरूम भी कर देते हैं, जिससे यहां दुर्गंधयुक्त माहौल बना रहता है। आसपास वालों से पूछने पर उन्होंने बताया कि रैन बसेरे में काफी समय से होटल के कर्मचारी ही निवास कर रहे हैं।

पांच कक्ष एक हाल, सभी में ठेकेदार का कब्जा

बस अड्डे के प्रथम तल में यात्रियों के निवास के लिए पांच कक्ष व एक बड़ा हाल बनाया गया है। जो इन्हीं होटल कर्मचारियों से भरे हैं, कोई निराश्रित या मुसाफिर यहां आता भी है तो उसे रुकने की जगह नहीं मिलती, या तो वह रात भर बस स्टैंड पर गुजारता है या फिर अन्य रैन बसेरे की तलाश करने निकल जाता है। रैन बसेरे के निरीक्षण के लिए जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी नियुक्त हैं, जिन्हें समय-समय पर रैन बसेरे का निरीक्षण करना है, किन्तु आज तक इन अधिकारी, कर्मचारियों को गरीबों के रैन बसेरे में प्रभावी होटल संचालक के कर्मचारियों का कब्जा दिखाई नहीं दिया।

वैश्य महासम्मेलन का सम्मान समारोह 21 को

रीवा। वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई रीवा द्वारा वैश्य महासम्मेलन के आजीवन सदस्यों का सम्मेलन, मेधावी छात्रों एव विशिष्टजनों के सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन 21 दिसम्बर रविवार को स्थानीय वृन्दावन गार्डेन में आयोजित किया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वैश्य महासम्मेलन मप्र. के संरक्षक एवं मध्यप्रदेश शासन के पूर्व गृहमंत्री माननीय उमाशंकर गुप्ता एवं वैश्य महासम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, सिंगरौली महापौर रानी अग्रवाल एवं सतना महापौर योगेश ताम्रकार, प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता, प्रदेश महामंत्री हरिओम गुप्ता, संभागीय अध्यक्ष अतुल जैन, महिला इकाई की संभागीय अध्यक्ष गायत्री गुप्ता, तथा युवा इकाई के संभागीय प्रभारी सुमित गुप्ता उपस्थित रहेंगें। तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रीवा नरेन्द्र कुमार गुप्ता करेंगे। इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12 वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंकप्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों, 85 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके समाज के वरिष्ठ व्यक्तियों तथा जिले में निवासरत वैश्य घटक दलों के अध्यक्षों का सम्मान किया जावेगा।

कलेक्टर्स कान्फ्रेंस का आयोजन 18 दिसम्बर को

रीवा। कमिश्नर कार्यालय सभागार में 18 दिसम्बर को दोपहर 1.30 बजे से कलेक्टर्स कान्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। कमिश्नर बीएस जामोद इस संभागीय समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण सूचकांकों में सुधार, राजस्व प्रकरणों के निराकरण, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार नल-जल योजनाओं की स्थिति, कानून और व्यवस्था तथा खाद वितरण की समीक्षा करेंगे। बैठक में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, सिंचाई सुविधा, बिजली की आपूर्ति, ई ऑफिस व्यवस्था, जल स्वावलंबी गांव के चयन, धान उपार्जन तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्यान्न वितरण की भी समीक्षा की जाएगी। बैठक में मुख्य वन संरक्षक, संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर तथा संबंधित संभागीय अधिकारी शामिल होंगे।

जोनल ऑफिस चिरहुला में आज लगेगा स्वास्थ्य शिविर

रीवा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 20 दिसम्बर तक निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं। जोनल ऑफिस चिरहुला में 17 दिसम्बर को निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जाएगा। शिविर में चिकित्सकों के दल तथा तकनीशियन तैनात रहेंगे। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा नोडल अधिकारी को शिविर में उपचार की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

अब वार्डवासियों को अपने काम के लिए मुख्य कार्यालय नहीं जाना पड़ेगाः डॉ. सोनवणे

जोन कार्यालय क्रमांक 4 के रेनोवेशन का हुआ लोकार्पण

जागरण, रीवा। नगर निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत जोन कार्यालय क्रमांक-4 के रेनोवेशन कार्य का लोकार्पण निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे एवं वार्ड पार्षद अर्चना अमृतलाल मिश्रा, एमआईसी सदस्य मनीष नामदेव की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि सहफूज खान, अमृतलाल एवं निगम के कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह, सहायक यंत्री पीएन शुक्ला, सहायक राजस्व अधिकारी रावेंद्र सिंह, नीलेश चतुर्वेदी एवं अन्य कर्मचारी एवं नागरिकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। जोन कार्यालय का रेनोवेशन कार्य लगभग रुपये 12 लाख की लागत से पूर्ण कराया गया है। इस अवसर पर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने कहा कि पूर्व में जोन कार्यालय की स्थिति खराब होने के कारण कर्मचारियों को कार्य करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, साथ ही आमजन को भी अपने कार्यों के लिए मुख्य नगर निगम कार्यालय जाना पड़ता था। अब कार्यालय के रेनोवेशन से कार्य वातावरण बेहतर होगा तथा आमजन के कार्य जोन स्तर पर ही संपादित किए जा सकेंगे। निगम आयुक्त ने वार्ड पार्षदों के निरंतर सहयोग पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जनहित के साथ-साथ कर्मचारी हित को ध्यान में रखते हुए यह कार्य संपन्न कराया गया है जो सराहनीय है। साथ ही उन्होंने जोन कार्यालय क्रमांक-01, 02 एवं 03 भी इसी तरह बनाएं जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वार्ड पार्षद ने कहा कि जोन कार्यालय के सुव्यवस्थित होने से वार्डवासियों को अपने कार्यों के लिए मुख्य कार्यालय नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें अपने क्षेत्र में ही बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की होगी निःशुल्क जाँच

जिला अस्पताल में 23 दिसम्बर को लगेगा शिविर

जागरण,रीवा। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 23 दिसम्बर को कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय बिछिया में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में नवजात से लेकर 18 साल तक के जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की स्वास्थ्य की निःशुल्क जाँच की जाएगी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग तथा नारायण हृदयालय एसआरसीसी चिल्ड्रेन हास्पिटल मुंबई द्वारा किया जा रहा है। शिविर में हृदय रोग से पीड़ित पाए गए बच्चों का इसी अस्पताल में ऑपरेशन एवं अन्य उपचार होगा। नवजात शिशुओं में होठ एवं नाखून के नीला पड़ने, सांस के तेज चलने, बच्चों का थोड़ी देर खेलने पर ही थक जाने, हाथ एवं पैर की उंगली के अगले हिस्से में लगातार सूजन रहना हृदय रोग के प्रारंभिक लक्षण हैं। समय पर जाँच और उपचार से सभी बच्चे स्वस्थ हो जाते हैं। शिविर में बच्चों की जाँच के लिए पंजीयन कराना आवश्यक है। पंजीयन कराने के लिए विष्णु प्रताप सिंह मोबाइल नम्बर 9926004216, उपेन्द्र शुक्ला मोबाइल नम्बर 9691556442 तथा जयश्री द्विवेदी मोबाइल नम्बर 7247485167 पर संपर्क किया जा सकता है। शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य की हृदय रोग विशेषज्ञों द्वारा आधुनिक मशीनों से निःशुल्क जाँच की जाएगी।

ग्राम पंचायत करहिया नंबर-1 के सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक से वसूली का नोटिस जारी

10 दिवस के भीतर करने पड़ेंगे 15 लाख रुपए जमा, मजदूरी के नाम किया अधिक राशि का आहरण

जागरण, रीवा। जिला पंचायत सीईओ द्वारा गत दिवस ग्राम पंचायत करहिया नंबर-1 जनपद पंचायत रीवा के सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक को नोटिस जारी कर सोशल ऑडिट के तहत विशेष ग्रामसभा में पारित वसूली राशि 15 लाख रुपए आगामी दिवस में जमा करने संबंधी नोटिस जारी किया गया है। ऑडिट ऑफ स्कीम रूल्स 2011 के परिपालन में महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत निर्माण कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण कराए जाने के निर्देश जारी किए गए थे। वित्तिय वर्ष 2024-25 में मनरेगा कार्यों सामाजिक अंकेक्षण, विशेष ग्रामसभा पंचायतों में आयोजित की जा चुकी है, एवं विशेष ग्रामसभा द्वारा पारित निर्णय में मुद्दे/वसूली निर्धारित की गई है, जिसमें संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक के ग्रामसभा कार्यवाही विवरण एवं पंचनामें में कार्यवाही रजिस्टर में एवं ग्राम सभा में उपस्थित जनसमुदाय के हस्ताक्षर हैं। ग्राम पंचायत के संबंधित दोषियों को निर्देशित किया गया है कि 10 दिवस केअंतर्गत संजय तिवारी के घर के पास से मण्डी की ओर नाली निर्माण में 6 लाख रुपए तथा नाला निर्माण श्मशान घाट में 9 लाख ग्राम सभा की सहमति वसूली कुल 15 लाख रुपए रुपए वसूली प्रस्तावित की गई। ग्राम पंचायत करहिया नंबर-1 के सच्चा नगर निवासी कमलेश तिवारी द्वारा कलेक्टर को शिकायत दर्ज कराई गई थी कि ग्राम पंचायत द्वारा नाली निर्माण करवाए बिना ही संपूर्ण रारशि आहरित कर ली है, सीएम हेल्प लाइन में की गई शिकायत पर पंचायत द्वारा नाली निर्माण मंजूर नहीं है जानकारी देकर आवेदक की शिकायत बंद करवा दी गई। किन्तु कमलेश तिवारी ने 2020 से ही अपनी लड़ाई लगातार जारी रखी। कमलेश तिवारी ने बताया कि उनकी शिकायत एल-4 तक गई तथा उनके बंद कराए बिना स्वतः ही बंदकरवा दी गई। प्रार्थी द्वारा पत्र क्रमांक 639 27 जनवरी 23 को की गई थी और अपील भी की गई थी। दूसरी अपील के बाद से प्रार्थी को किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई। सोशल ऑडिट के तहत रिकवरी निकालकर स्वयं की पीठ थपथपाना चाहते हैं जबकि आवेदक लगातार लड़ाई लड़ रहा है। उक्त कार्यवाही जो सोशल ऑडिट नहीं बल्कि आवेदक की शिकायत के तहत दर्शाई जाए।

पार्किंग के बजाय बेसमेंट का दुरुपयोग, की गयी सख्त कार्रवाई

निगम आयुक्त के निर्देश पर एक प्रतिष्ठान का बेसमेंट सीज

जागरण,रीवा। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर निगम टीम द्वारा बेसमेंट के निर्धारित उपयोग को लेकर सख्त कार्रवाई की गई। जोन क्रमांक-03 की टीम ने क्षेत्र में स्थित विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बेसमेंट का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड क्रमांक-10, निराला नगर गेट के सामने प्रतिष्ठान में बेसमेंट में अवैध संचालन पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए बेसमेंट को सीज किया गया। इसके अतिरिक्त 360 क्रॉस फिट एवं हैवेल्स प्रतिष्ठानों के बेसमेंट बंद पाए गए, जिन्हें निर्देशित किया गया कि बेसमेंट का उपयोग केवल पार्किंग प्रयोजन हेतु ही किया जाए। जांच के दौरान 5 से 6 प्रतिष्ठानों में बेसमेंट का उपयोग विधिवत पार्किंग के रूप में पाया गया, जिनमें रामा पैलेस, ट्रेंड्स सहित अन्य प्रतिष्ठान शामिल हैं। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बेसमेंट का उपयोग केवल वाहन पार्किंग के लिए अनुमन्य है। किसी भी प्रकार का व्यावसायिक संचालन, भंडारण अथवा अन्य उपयोग नियमों के विरुद्ध है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। निगम प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में बेसमेंट के दुरुपयोग को लेकर सख्त कार्रवाई निरन्तर जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह, सहायक यंत्री अम्बरीष सिंह, सहायक राजस्व अधिकारी रावेंद्र सिंह, अतिक्रमण सहायक ज्ञानेंद्र द्विवेदी एवं अतिक्रमण दस्ता मौजूद रहा। इसी प्रकार जोन क्र. 02 कालेज रोड में 5-6 व्यावसायिक प्रतिष्ठान के बेसमेंट पकिंग का परीक्षण किया गया, इस दौरान अंतिम चेतावनी देते हुए कहा गया कि व्यावसायिक संचालन, भंडारण अथवा अन्य उपयोग नियम विरुद्ध करते पाये जाने पर सीज की कार्रवाई की जावेगी। इस दौरान कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी, सहायक यंत्री एसके गर्ग, अतिक्रमण अमले के साथ मौजूद रहे।

आयुष्मान
में निःशुल्क एवं कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध
कीमोथेरेपी
शिशु रोग विभाग
पथरी का ऑपरेशन
हड्डी का ऑपरेशन
कैंसर का ऑपरेशन
प्लास्टिक सर्जरी
जनरल सर्जरी
आकस्मिक सुविधा
यूरो सर्जरी
जबड़े का फ्रैक्चर
नेशनल हॉस्पिटल, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें- 18008890620, 8608600604 7566831551

वर्ष 73 ▸▸ अंक 79 ▸▸ पृष्ठ 12+8 = 20
रीवा, बुधवार 17 दिसंबर, 2025
पौष कृष्ण पक्ष 13, विक्रम संवत् 2082
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

अगर मेहनत को आदत बना लिया जाए, तो कामयाबी मुकद्दर बन जाती है।
-अज्ञात

ऑफ बीट

अर्जुन रणतुंगा पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

कोलंबो, जेएनएन। श्रीलंका के विश्व कप विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा पर भ्रष्टाचार के एक मामले में गाज गिरने वाली है। उनके बड़े भाई और पूर्व टेस्ट क्रिकेटर दम्मिका रणतुंगा को तो भ्रष्टाचार रोधी आयोग ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अर्जुन रणतुंगा को भी गिरफ्तार किया जा सकता है। हालांकि, वे अभी देश में नहीं हैं तो वे गिरफ्तारी से बचे हुए हैं, लेकिन जैसे ही उनकी वतन वापसी होगी तो उनको उसी समय गिरफ्तार किया जा सकता है। अर्जुन रणतुंगा के बड़े भाई दम्मिका रणतुंगा को देश के भ्रष्टाचार रोधी आयोग ने गिरफ्तार किया था। हालांकि, 15 दिसंबर को उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। भ्रष्टाचार जांच आयोग (सीआईएबीओसी) ने बताया कि 63 वर्षीय दम्मिका को 2017 में सरकारी संस्था सीलोन पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (सीपीसी) द्वारा कच्चे तेल की खरीद में गलत निविदा प्रक्रिया के लिए गिरफ्तार किया गया था। वह उस समय इसके अध्यक्ष थे।

आईपीएल-19: केकेआर ने ग्रीन-पथिराना पर लुटाया पैसा, सीएसके ने युवा भारतीय खिलाड़ियों पर लगाया बड़ा दांव

25.20 करोड़ में बिके कैमरन सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी
अनकैप्ड कार्तिक-प्रशांत को मिले 14-14 करोड़, बना इतिहास

अबु धाबी, जेएनएन

कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल के खिलाड़ियों की नीलामी में मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन के लिए रिकॉर्ड 25.20 करोड़ और श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना के लिए 18 करोड़ रुपए खर्च किए। साथ ही ग्रीन आईपीएल नीलामी में बिकने वाले रिषभ पंत (27 करोड़) और श्रेयस अय्यर (26.75 करोड़) के बाद तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी और अब तक के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए। उन्होंने हमवतन मिशेल स्टार्क (24.75 करोड़ रुपए) को पीछे छोड़ा। इस नीलामी में 'अनकैप्ड' (अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलने वाले) भारतीय खिलाड़ियों को भी बड़ी सफलता मिली। इसमें उत्तर प्रदेश के 20 साल के बाएं हाथ के स्पिनर प्रशांत वीर और राजस्थान के विकेटकीपर और आक्रामक बल्लेबाज कार्तिक शर्मा को चेन्नई सुपर किंग्स ने एक समान 14.20 करोड़ रुपए में खरीदा। दोनों खिलाड़ी 30 लाख रुपए की आधार मूल्य में आने के बाद आईपीएल नीलामी के इतिहास में सबसे अधिक कीमत पाने वाले अनकैप्ड खिलाड़ी बन गए। जम्मू और कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी डार को भी दिल्ली कैपिटल्स ने 8.40 करोड़ रुपए में खरीदा। दार की शुरुआती कीमत भी 30 लाख रुपए थी। केकेआर ने वेंकटेश अय्यर को हासिल करने की कोशिश की थी, लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इस हरफनमौला को सात करोड़ रुपए की बोली के साथ अपनी से जोड़ा। इस एकदिवसीय नीलामी में 77 खिलाड़ियों में से कुल 29 विदेशी खिलाड़ी बिके। सभी 10 टीमों ने मिलकर 215.45 करोड़ रुपए खर्च किए।

भोपाल लेपर्ड्स के शिवांग को सनराइजर्स हैदराबाद ने 30 लाख रुपए में खरीदा

● कैमरन ग्रीन

आईपीएल मिनी नीलामी के सबसे महंगे खिलाड़ी

खिलाड़ी	टीम	मूल्य
कैमरन ग्रीन	केकेआर	25.20
मथीशा पथिराना	केकेआर	18.00
प्रशांत वीर	सीएसके	14.20
कार्तिक शर्मा	सीएसके	14.20
लियाम लिविंगस्टोन	हैदराबाद	13.00
मुस्तफिजुर रहमान	केकेआर	9.20
जोश इंग्लिस	लखनऊ	8.60
आकिब दार	दिल्ली	8.40
रवि बिश्नोई	राजस्थान	7.20
वेंकटेश अय्यर	आरसीबी	7.00
जेसन होल्डर	गुजरात	7.00

(राशि करोड़ रु. में)

26 मार्च से 31 मई के बीच होगा आईपीएल

मुंबई। आईपीएल का अगला सत्र 26 मार्च से 31 मई की विंडो (टूर्नामेंट के लिए निर्धारित समय) के बीच होगा, लेकिन यह देखना होगा है कि क्या रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपने घरेलू मैदान बेंगलुरु में टूर्नामेंट के पहले मैच की मेजबानी कर पाएगा या नहीं। नियमों के अनुसार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को टूर्नामेंट के पहले मैच की मेजबानी का मौका मिलना चाहिए, क्योंकि घरेलू टीम आरसीबी ने आईपीएल 2025 का खिताब जीता था। हालांकि इस आयोजन स्थल को कर्नाटक राज्य सरकार ने शर्तिया स्वीकृति दी है, लेकिन इस साल जून में आरसीबी की जीत के जश्न के दौरान भगदड़ में 11 प्रशंसकों की मौत के बाद इसे जरूरी सुरक्षा मानकों को भी पूरा करना होगा।

मप्र के वेंकटेश को आरसीबी ने 7 करोड़ में खरीदा

केकेआर ने इसके बाद मप्र के वेंकटेश अय्यर को हासिल करने की कोशिश की थी, लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इस हरफनमौला को सात करोड़ रुपए की बोली के साथ अपनी से जोड़ा। तीन बार की इस चैंपियन ने श्रीलंका के तेज गेंदबाज पथिराना को खरीदने की होड़ में तब प्रवेश किया जब दिल्ली और लखनऊ ने शुरुआती बोली के बार पीछे हटने का फैसला किया। दो करोड़ रुपए की आधार मूल्य के साथ इस नीलामी में शामिल होने वाले पथिराना आईपीएल में बिकने वाले सबसे महंगे श्रीलंकाई खिलाड़ी बन गए। विदेशी खिलाड़ियों के लिए नीलामी के नियमों के अनुसार हालांकि शेष राशि बीसीसीआई के खिलाड़ी विकास कार्यक्रम में जाएगी। ऐसे में इस सत्र के लिए उनका वेतन 18 करोड़ रुपए (19 लाख अमेरिकी डॉलर) ही रहेगा।

5 खिलाड़ी 10 करोड़ से ऊपर

नीलामी में कुल 77 खिलाड़ी बिके, जिनमें से सिर्फ 5 खिलाड़ी 10 करोड़ रुपए से अधिक की कीमत पर बिके, जबकि बाकी 72 खिलाड़ी 10 करोड़ से कम में टीमों द्वारा खरीदे गए। इन 5 खिलाड़ियों पर कुल लगभग 84.80 करोड़ रुपए खर्च हुए, जो नीलामी के कुल खर्च (237.55 करोड़) का बड़ा हिस्सा है।

ट्रम्प जूनियर की हुई तीसरी सगाई

वाशिंगटन, जेएनएन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सबसे बड़े बेटे ट्रम्प जूनियर की सगाई हो गई है। उनकी सगाई सोशल मिडिया इन्फ्लुएंसर बेटिना एंडरसन से हुई है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने यह घोषणा 15 दिसंबर को व्हाइट हाउस में आयोजित एक हॉलिडे पार्टी के दौरान की। जूनियर की यह तीसरी सगाई है। इससे पहले उनकी शादी पूर्व मॉडल और अभिनेत्री वैनेसा से हुई थी। वह वैनेसा के साथ 12 साल तक रिश्ते में रहे थे। दोनों के पांच बच्चे हैं। वैनेसा ने वर्ष 2018 में तलाक की अर्जी दी थी। इसके बाद ट्रम्प जूनियर की सगाई अमेरिकी टीवी पर्सनैलिटी किम्बर्ली गिलफॉयल से 2018 में हुई थी। यह शादी 6 साल तक चली। रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रम्प जूनियर और बेटिना एंडरसन पिछले करीब एक साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।

इंश्योरेंस एक्ट में होगा बड़ा बदलाव
सबका बीमा, सबकी सुरक्षा विधेयक को केंद्रीय कैबिनेट ने दी मंजूरी

नई दिल्ली, जेएनएन। देश के इंश्योरेंस सेक्टर में रिफॉर्म आने वाला है। केंद्रीय कैबिनेट ने पिछले दिनों इंश्योरेंस एक्ट में बड़े बदलाव करते हुए सबका बीमा, सबकी सुरक्षा विधेयक को मंजूरी दी है। ये बिल 100 साल पुराने बीमा कानूनों में बड़ा बदलाव लाने वाला है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सदन में ये संशोधन विधेयक पेश करने वाली हैं। इस बिल में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की सीमा को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने जैसे क्रांतिकारी फैसले लिए गए हैं, जिससे भारतीय बाजार के लिए ग्लोबल कंपनियों के दरवाजे पूरी तरह खुल गए हैं। बिल के पास होने के बाद जब ये कानून का रूप ले लेगा, तब देश के इंश्योरेंस सेक्टर में 100 फीसदी निवेश के साथ विदेशी कंपनियां भी आएंगी। इससे कंपटीशन बढ़ेगा, कम प्रीमियम में अच्छी बीमा योजनाएं आएंगी और आम लोगों को फायदा पहुंचेगा। बिल का मुख्य उद्देश्य देश में बीमा कवरेज को बढ़ाना और पॉलिसीहोल्डर्स के फायदों को ध्यान में रखते हुए उन्हें सुरक्षा देना है। केंद्र सरकार का दावा है कि ये नया बिल आम पॉलिसी होल्डर्स के लिए एक गेम चेंजर साबित होगा।

मेसी विवाद: बंगाल के खेल मंत्री का इस्तीफा

कोलकाता, जेएनएन। पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री अरूप बिस्वास ने इस्तीफा दे दिया है। 13 दिसंबर को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में फुटबॉलर लियोनल मेसी के कार्यक्रम में तोड़फोड़ और अव्यवस्था की घटना के बाद उन्होंने सीएम ममता को इस्तीफे की पेशकश की थी,जो मंगलवार को स्वीकार हुआ। फिलहाल सीएम खुद ये पद संभालेंगी। टीएमसी सांसद कुनाल घोष ने पोस्ट में दावा किया था कि बिस्वास ने सीएम को पत्र लिखकर उन्हें खेल मंत्री के दायित्व से मुक्त करने का अनुरोध किया। उन्होंने इस्तीफे की कॉपी भी पोस्ट में शेयर की थी। हालांकि, वो आधिकारिक लेटरहेड नहीं थी। इधर, स्टेडियम की घटना पर ममता ने सख्त एक्शन लिया। बिधाननगर पुलिस कमिश्नर, डीजीपी, खेल विभाग के प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिन्हा को शो-कॉज नोटिस जारी किया है।

जानलेवा कोहरा: मथुरा में 8 बसें, 3 कारें टकराईं, आग लगने से 13 लोग जिंदा जले

शरीर के टुकड़े 17 पॉलिथीन में ले गए | प्रत्यक्षदर्शी बोले-लगा जैसे बम फटा हो

मथुरा, जेएनएन। उप्र के मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर कोहरे के चलते 8 बसें और 3 कारें भिड़ गईं। टक्कर होते ही गाड़ियों में आग लग गई। भाजपा नेता समेत 13 लोगों की जलकर मौत हो गई। 70 लोग घायल हैं। मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है, क्योंकि बसों में कटे हुए अंग मिले हैं। हादसा थाना बलदेव क्षेत्र में माइलस्टोन 127 पर हुआ। पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ के 50 जवानों और 9 थानों की पुलिस ने 6 घंटे में रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा किया। हादसे के चलते एक्सप्रेस-वे पर 3 किमी लंबा जाम लग गया था। हादसे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं। एडीएम प्रशासन अमरेश जांच का नेतृत्व करेंगे। टक्कर के बाद राहगीर ने पुलिस को फोन कर सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि टक्कर के बाद ऐसा लगा जैसे बम फटा हो। लोग बसों के शीशे तोड़कर बाहर कूद रहे थे। थोड़ी देर में बसें जलकर राख हो गईं। हमने बस से 8-9 लाशें निकालीं।

सिंगरौली: पिकअप पलटने से 4 की मौत, 3 घायल

जागरण, सिंगरौली। प्रदेश के सिंगरौली जिले की चितरंगी तहसील इलाके में कोहरे के कारण झरकटा पहाड़ सड़क मार्ग पर देर रात उप्र से श्रमिकों को घर छोड़ने आ रहा पिकअप पहाड़ी मोड़ पर बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में चार मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे में मरने वाले तीन लोग बगडेवा गांव के थे, जबकि एक सीमावर्ती सोनभद्र जिले के जुगैल क्षेत्र का रहने वाला था। मृतकों की पहचान शीलू, अमरपाल बैगा, लाल कुमार और सूरज लाल बैगा के रूप में हुई है। वहीं संतोष कुमार, अमरेश पटेल और नन्हकू केवट की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे का करण कोहरे को माना जा रहा है।

मैक्सिको: प्राइवेट विमान दुर्घटनाग्रस्त, 7 की मौत

मैक्सिको सिटी, जेएनएन। सेंट्रल मैक्सिको में एक छोटा प्राइवेट विमान इमरजेंसी लैंडिंग की कोशिश के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में कम-से-कम सात लोगों की मौत की जानकारी सामने आ रही है। मैक्सिको राज्य के सिविल प्रोटेक्शन कोऑर्डिनेटर एड्रियन हर्नांडेज ने ये जानकारी दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ये दुर्घटना मैक्सिको सिटी के पश्चिम में लगभग 50 किलोमीटर और टोलुका हवाई अड्डे से लगभग 5 किलोमीटर दूर एक औद्योगिक क्षेत्र सैन माटेओ एटेन्को में हुई। टोलुका मैक्सिको की राजधानी के करीब एक बड़ा एयरपोर्ट है। विमान मैक्सिको के प्रशांत तट पर स्थित अकापुल्को से उड़ान भरकर आ रहा था। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। मैक्सिको सिविल प्रोटेक्शन के अधिकारी मामले की जांच में जुटे हैं। हर्नांडेज ने बताया कि जेट में आठ यात्री और दो क्रू मेंबर सवार थे। लेकिन दुर्घटना के कई घंटे बाद केवल सात शव बरामद हो सके हैं। अधिकारियों के अनुसार, विमान पास के एक फुटबॉल मैदान पर उतरने की कोशिश कर रहा था, तभी वह एक इमारत की धातु की छत से टकरा गया, जिससे विमान में आग लग गई।

बफेट की पूरे जीवन की कमाई से ज्यादा मस्क ने एक दिन में कमाए

नई दिल्ली, जेएनएन। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की दौलत में ऐतिहासिक उछाल आया है। दरअसल, मस्क ने एक ही दिन में अपनी संपत्ति में इतनी बढ़ोतरी कर ली है जितनी वॉरेन बफेट पूरी जिंदगी में नहीं जुटा सके। 16 दिसंबर को मस्क की कुल संपत्ति बढ़कर 638 अरब डॉलर पहुंच गई। वर्तमान में एलन मस्क की दौलत 638 बिलियन डॉलर है। एक दिन पहले के मुकाबले एलन मस्क की दौलत में 167 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। एक ही दिन के ऐतिहासिक उछाल के साथ ही एलन मस्क ने दिग्गज निवेशक वॉरेन बफेट को बहुत पीछे छोड़ दिया है। वॉरेन बफेट की कुल संपत्ति करीब 152 अरब डॉलर आंकी गई है। अमीरों की लिस्ट में कौन कितने नंबर पर ब्लूमबर्ग की सूची में एलन मस्क पहले स्थान पर बने हुए हैं जबकि गूगल के सह-संस्थापक लैरी पेज लगभग 265 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर हैं। मस्क और पेज के बीच करीब 373 अरब डॉलर का अंतर है, जो इस सूची में शीर्ष दो स्थानों के बीच अब तक के सबसे बड़े अंतर में से एक माना जा रहा है।

जस्टिस वर्मा ने जांच कमेटी को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

सर्वोच्च न्यायालय ने दोनों सदनों को भेजा नोटिस

नई दिल्ली, जेएनएन। इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा अपने घर में मिले जले हुए नोटों के मामले में जांच का सामना कर रहे हैं। इस बीच, जस्टिस वर्मा ने लोकसभा अध्यक्ष की ओर से गठित 3 सदस्यीय जांच कमेटी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका पर लोकसभा और राज्यसभा सचिवालय को नोटिस जारी किया है।

क्या है पूरा मामला: 14 मार्च 2025 को जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित घर में आग लग गई थी। आग बुझने के बाद पुलिस और दमकल कर्मियों ने वहां बड़ी मात्रा में जलते हुए नोट पाए थे। इसके बाद जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर इलाहाबाद हाई कोर्ट कर दिया गया और उन्हें न्यायिक कार्यों से हटा दिया गया था। इस बीच, 12 अगस्त 2025 को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 3 सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया था, जो जजेस इन्क्वायरी एक्ट, 1968 के तहत बनाई गई थी। इस कमेटी के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अरविंद कुमार हैं और इसके सदस्य मद्रास हाई कोर्ट के जस्टिस मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और वरिष्ठ वकील बी वी आचार्य हैं।

7 जनवरी को होगी अगली सुनवाई

जस्टिस यशवंत वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि 21 जुलाई 2025 को लोकसभा और राज्यसभा में उन्हें पद से हटाने का प्रस्ताव एक ही दिन पेश किया गया था। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में संयुक्त जांच कमेटी का गठन होना चाहिए था लेकिन राज्यसभा में कोई फैसला नहीं लिया गया क्योंकि उपराष्ट्रपति के इस्तीफे के बाद अध्यक्ष का पद खाली था। इस बीच लोकसभा अध्यक्ष ने एकतरफा फैसला लेते हुए कमेटी का गठन कर दिया जो कानूनन गलत था। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस यशवंत वर्मा की ओर से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने दलीलें दीं।

तकनीक | नया स्टार्टप ढूढ़ रहे पुराने में लगा ताला

कबाड़ हो रहा 7.71 करोड़ का वन विभाग का हर्बल प्लांट

डेढ़ दशक पहले औद्योगिक क्षेत्र चोरहटा में किया गया था स्थापित

जागरण, रीवा। प्रदेश सरकार पिछले दो साल से औद्योगिक क्रांति लाने के लिए इंन्वेस्टर मीट कर नए स्टार्टप के पसीना बहा रहे हैं। दुर्भाग्य है कि करोड़ों की लागत से स्थापित हर्बल प्लांट कबाड़ होता जा रहा है। वन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही ही कही जाय कि आज तक इस दाबए रखा और सरकार को जानकारी तक नहीं दी। दरअसल वन विभाग द्वारा लगभग डेढ़ दशक पहले औद्योगिक क्षेत्र चोरहटा रीवा में 7.71 करोड़ की लागत से स्थापित हर्बल प्लांट किया गया था। स्थानीय लोगों को रोजगार के सपने भी दिखाए गए थे, किसानों को औषधीय खेती कर आमदनी दुगुनी होने का सब्जबाग दिया गया। कुछ दिन संचालन भी हुआ। अब कई वर्षों से रखरखाव एवं संचालन के अभाव में कबाड़ का रूप लेता जा रहा है। प्लांट में लगी करोड़ों की मशीने जंग खाकर बर्बाद हो रही है। यह प्लांट काफी समय से बंद पड़ा है।

2011 में किया गया था स्थापित : तत्कालीन वन मंत्री राजेन्द्र शुक्ल के प्रयासों से स्थापित किया गया यह हर्बल प्लांट वर्ष 2011 में प्रारंभ किया गया था। यह उनका ड्रीम प्रोजेक्ट था और प्रारंभिक काल में इस प्लांट से अर्जुन छाल, गुड़मार पत्ती, निबोला, आंवला, हर्रा, एलोवेरा एवं नीम आयल का उत्पादन किया जाता था। लेकिन विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिये जाने का परिणाम यह निकला कि यह प्लांट कुछ साल चलने के बाद बंद हो गया है। गौरतलब है कि विंध्य क्षेत्र में अनेक दुर्लभ जड़ी बुटियों का भंडार है। उनके औषधीय महत्व को देखते हुए रीवा में हर्बल प्लांट की स्थापना की गई थी। वन औषधीयों के इस्तेमाल के लिए वन विभाग ने लगभग पौने 8 करोड़ की लागत से हर्बल प्लांट लगाया था। वर्तमान में इस प्लांट की स्थापना में 50 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी। तत्कालीन वन मंत्री राजेंद्र शुक्ल के प्रयास से रीवा में एक हर्बल प्लांट लगाया था। शानदार मशीनें, शानदार बिल्डिंग, पूरे तामझाम के साथ हर्बल प्लांट की शुरुआत रीवा के इंडस्ट्रियल क्षेत्र में की गई थी। शुरू में प्लांट को विभाग ने चलाया, लेकिन सरकारी प्रयास नाकाफी रहे। उसके बाद इसको कानपुर एवं नोएडा के साथ लोकल लोगों ने भी चलाने की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं रहे। अब एक बार फिर वन विभाग को हर्बल प्लांट की याद आई है। विभाग अब स्वयं इसे चलाने की भी बात कह रहा है। इस बारे में वन विभाग के सीसीएफ साफ तौर से कहते हैं, हमने इलाके की वन औषधीय के इस्तेमाल के लिए इस प्लांट को बनाया था, कुछ दिन तक प्लांट ठीक चला, लेकिन बाद में कुछ गड़बड़ियां हो गई. जिसे हम एक बार फिर ठीक करने जा रहे है।

पतंतलि ने भी नहीं दिखाई रुचि

पिछले दिनों पतंजलि कंपनी ने इस पर रुचि दिखाते हुए उसके अधिकारियों ने दौरा किया था लेकिन इसके बाद उसके द्वारा आगे कोई कार्यवाहीं नहीं की गई जिससे फिलहाल वन विभाग को कोई उम्मीद नहीं नजर आ रही है। लेकिन उसके दौरे का यह असर अवश्य हुआ कि वनविभाग ने इसे चालू करने के लिए प्रयास प्रारंभ कर दिया है। मुख्य वन संरक्षक रीवा राजेश कुमार राय ने बताया कि पिछले दिनों विभाग हाई लेवल की मीटिंग में भी इस पर बातचीत हुई है। वर्तमान समय में कुछ कंपनियां हर्बल प्लांट को लेना चाहती है। हमारी बातचीत चल रही है, बात बन गई तो ठीक है, नहीं तो हम इसकी शुरुआत जरूर करेंगे। हर्बल प्लांट चालू करने के लिए विभागीय तैयारी भी की जा रही है।

धान बेचने आए तो पता चला पटवारी ने गिरदावरी नहीं की दर्ज, कलेक्टर ने कार्रवाई के दिए निर्देश

कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण, धान की क्वालिटी तथा तौल के संबंध में ली जानकारी

जागरण, रीवा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सगरा समिति द्वारा संचालित धान खरीदी केन्द्र कस्तूरी ट्रेड एवं चन्द्रप्रभा वेयर हाउस पहड़िया का निरीक्षण किया। उन्होंने खरीदी केन्द्र में की गई व्यवस्थाओं तथा खरीदी जा रही धान की क्वालिटी तथा तुलाई के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर ने किसानों से संवाद करते हुए खरीदी केन्द्र में व्यवस्थाओं तथा खरीदी में लगने वाले समय के विषय में पूंछताछ की। किसानों ने कलेक्टर को अवगत कराया कि व्यवस्थित ढंग से धान की खरीदी की जा रही है तथा हम जिस दिन धान लेकर आते हैं उसी दिन तौल हो जाती है। कलेक्टर ने खरीदी से संबंध अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिये कि गुणवत्तापूर्ण धान की खरीदी करें, सही तौल करें तथा एक सप्ताह में किसानों के भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। कलेक्टर ने वेयर हाउस में खरीदी उपरांत रखी गई धान की अवलोकन किया तथा टैग न लगे होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिये कि तुलाई के बाद बोरों की सिलाई कर तत्काल टैग लगाया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने खरीदी प्रभारी, समिति प्रबंधक व वेयर हाउस सर्वेयर को टैग न लगे होने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। किसान द्वारा गिरदावरी में फसल न प्रदर्शित करने की पटवारी की शिकायत पर एसडीएम को जांचकर पटवारी अर्चना पटेल के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एसडीएम संजय जैन, खाद्य नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर, महाप्रबंधक केन्द्रीय सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

नफरत प्रेरित आतंकी हमलों पर शिकंजा कसे दुनिया

सिडनी में यहूदियों को निशाना बनाये जाने की घटना ने पहलगाम आतंकी हमले के जख्मों को हरा कर दिया। पहलगाम में भी आतंकियों ने लोगों को चुन-चुनकर मारा था। सिडनी के बॉन्डी बीच पर यहूदी समुदाय की सभा पर हुआ हमला हमें इस क्रूरता की याद दिलाता है कि आतंकवादी आम जीवन के केंद्र में, प्रार्थना स्थलों और सुकून देने वाले स्थलों को ही अपना निशाना बनाते हैं। यह हिंसा उस हनुक्का उत्सव के दौरान की गई, जो अंधकार के साम्राज्य को प्रकाश से पराजित करने का संकल्प दर्शाता है। इस मायने में यह हमला क्रूरता की हद दर्शाता है। दरअसल, आस्ट्रेलिया लंबे समय से इस विश्वास के चलते शांति का अहसास करता रहा है कि तमाम वैश्विक संघर्षों से बनायी गई उसकी दूरी, उसे सुरक्षा प्रदान करती है। लेकिन इस घटना के बाद उसका भ्रम टूटा है। अब जाकर उसे यह अहसास हुआ है कि आतंकवादी अपने घातक मसूंबों को अंजाम देने के लिये हमारे ऐसे ही विश्वासों को तोड़कर हमले करते हैं। बॉन्डी के हमले ने न केवल आस्ट्रेलिया के भ्रम को तोड़ा है बल्कि उसे अपनी सुरक्षा नीतियों में बदलाव को बाध्य किया है।

जैसा कि अपरिहार्य है, आस्ट्रेलिया के अधिकारियों ने हमले को एक वैश्विक आतंकवाद के रूप में वर्गीकृत किया है। खासकर हिंसा के तौर-तरीके और वैचारिक मकसद को ध्यान में रखते हुए। यह वर्गीकरण इस बात को भी स्वीकार करता है कि हमला नफरत से प्रेरित हिंसा के एक व्यापक पैटर्न का हिस्सा था,जो दुनिया के तमाम देशों में देखा जा रहा है। इस आतंकी घटना के बाद यहूदी समुदाय में दुख के साथ-साथ आक्रोश भी उमड़ रहा है। खासकर इस बात को लेकर कि यहूदी समुदाय द्वारा लंबे समय से दी जा रही चेतावनी के बावजूद आस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी रवैये को गंभीरता से नहीं लिया गया। इस प्रवृत्ति पर पहले से ही सतर्क निगरानी रखी गई होती तो शायद बॉन्डी के हमले को टाला जा सकता।

निस्संदेह, आस्ट्रेलिया में गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से ही इस मुद्दे पर सार्वजनिक बहस तीखी और ध्रुवीकृत हो चली थी। यह हमला ऐसे मंसूबों की रोकथाम की सीमाओं को भी उजागर करता है। निस्संदेह, सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता से आंतकी नेटवर्क की निगरानी समय रहते की जा सकती है। वे सही वक्त पर ही न केवल आने वाले खतरों का आकलन कर सकती हैं बल्कि साजिशों को नाकाम भी कर सकती हैं। लेकिन एक विसंगति यह भी है कि सार्वजनिक स्थानों पर अकेले हमले करने वालों को रोकना कुछ कठिन जरूर होता है। जैसे कि इस मामले में देखने में आया है। फिर भी, इस भयावह घटना के बीच एक साहस देखने को भी मिला। एक बहादुर राहगीर ने एक हमलावर को निहत्था करने के लिये अपनी जान भी जोखिम में डाली। हालांकि, वह इस प्रयास में घायल हुआ, लेकिन वह कई लोगों की जान बचाने में कामयाब हुआ। पूरी दुनिया में उसके साहस के लिये प्रशंसा हो रही है। संकट की घड़ी में ऐसा साहस आतंकवादियों की कायरता पर करारा प्रहार होता है। यह घटना हमें यह याद दिलाती है कि घोर अंधकार के क्षणों में भी मानवता का अंत नहीं होता। निश्चित रूप से इस घटना के बाद आस्ट्रेलिया को सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके यहां रह रहे संवेदनशील समुदायों के लिये मजबूत सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही समय रहते समाज में घृणा को बढ़ाने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। ऐसे वक्त में जब हमास व इस्राइल के संघर्ष के बाद पूरी दुनिया में यहूदी विरोधी माहौल बनाया जा रहा है, तो इसके खिलाफ वैश्विक स्तर पर साझा लड़ाई लड़ने की जरूरत है। विश्व समुदाय को किसी धर्म या संप्रदाय के खिलाफ होने वाली आतंकी घटनाओं का मुकाबला मिलकर करने की जरूरत है। अन्यथा कट्टरपंथी तत्वों के हौसले बुलंद होते रहेंगे।

विकास दर और जीवन स्तर के बीच संतुलन बनाना जरूरी

विकास और प्रदूषण

प्रसेनजित दत्ता

पिछले कुछ हफ्तों के दौरान दिल्ली और देश के अन्य महानगरों में बढ़ते वायु प्रदूषण ने भारतीय नीति निर्माताओं को एक ऐसे विषय का सामना करने के लिए विवश कर दिया है जिसकी वे अक्सर अनदेखी करते रहे हैं। वह विषय है कुल उत्सर्जन पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत न कि केवल अर्थव्यवस्था की उत्सर्जन तीव्रता पर। वायु प्रदूषण की यह विकट समस्या ऐसे समय में सरकार सहित सबकी सांसे रोक रही है, जब भारत अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर तेज करने और वर्ष 2047 तक एक विकसित देश बनने की दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास कर रहा है।

कुल उत्सर्जन और अर्थव्यवस्था की उत्सर्जन तीव्रता के बीच का अंतर बेहद महत्वपूर्ण है। भारत ने उत्सर्जन तीव्रता कम करने पर ध्यान केंद्रित किया है यानी वह आर्थिक उत्पादन की प्रति इकाई उत्सर्जन कम करना रहा है। भारत ने वर्ष 2030 तक जीडीपी की उत्सर्जन तीव्रता वर्ष 2005 के स्तर से 45 फीसदी तक कम करने का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य निश्चित रूप से साधा जा सकता है क्योंकि भारत 2005 से उत्सर्जन तीव्रता लगभग 36 फीसदी तक कम करने में सफल रहा है।

मगर समस्या यह है कि इससे वास्तव में हवा स्वच्छ नहीं होती है या वैश्विक तापमान में वृद्धि थमती नहीं। पूर्ण स्तर पर उत्सर्जन अभी भी बढ़ रहा है और तब तक बढ़ता रहेगा जब तक नीति निर्माता आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए नीतियां तैयार करते समय उत्सर्जन कम करने या कम से कम इसे सीमित रखने का तरीका नहीं खोज लेते। मौजूदा अध्ययनों से पता चलता है कि भारत का कुल उत्सर्जन वर्ष 2040 तक या जीडीपी की मौजूदा वृद्धि दर पर और अधिक समय तक बढ़ता ही रहेगा।

तेज आर्थिक तरक्की और ऊंची आर्थिक वृद्धि के साथ उत्पन्न होने वाली उत्सर्जन की अपरिहार्य समस्या के बीच संतुलन साधना एक ऐसी चुनौती रही है जिसका सामना सभी विकासशील देश कर रहे हैं। त्वरित विकास के लिए अनिवार्य रूप से ऊर्जा की अधिक खपत, उच्च निर्माण गतिविधियों और उच्च औद्योगिक उत्पादन आदि की जरूरत होती है।

वर्ष 2047 के लिए निर्धारित भारत के विकास लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक है कि हमारी अर्थव्यवस्था लगातार दो दशकों तक 8 फीसदी सालाना वृद्धि दर से आगे बढ़े। यह आर्थिक वृद्धि देश की प्रति व्यक्ति आय को उस सीमा के पार पहुंचाने के लिए जरूरी है जिसका उपयोग विश्व बैंक किसी देश को उच्च आय वाले देश के रूप में वर्गीकृत करने के लिए करता है। यह बात भी उतनी ही महत्त्वपूर्ण है कि 8 फीसदी से अधिक वृद्धि दर कुल उत्सर्जन में बढ़ोतरी का कारण बनेगी और जब तक इससे गंभीर तरीके से निपट नहीं लिया जाता तब तक देश के सभी बड़े शहरों में नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना जारी रहेगा। कई अध्ययनों से पता चला है कि लगातार उच्च वायु प्रदूषण जीवन प्रत्याशा कम करता है और नए शोध से यह भी पता चलता है कि इससे गर्भ में पल रहे शिशुओं को भी भ्रूण अवस्था में नुकसान पहुंच सकता है।

सरकार को विकास दर में तेजी और नागरिकों के जीवन स्तर के बीच संतुलन बनाए रखना होगा। तेज आर्थिक वृद्धि के साथ कुल उत्सर्जन में लगातार बढ़ोतरी की जा रही है, जिससे वायु प्रदूषण, स्वास्थ्य जोखिम और जीवन गुणवत्ता पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। त्वरित विकास के लिए अनिवार्य रूप से ऊर्जा की अधिक खपत, उच्च निर्माण गतिविधियों और उच्च औद्योगिक उत्पादन आदि की जरूरत होती है। लेकिन तेज आर्थिक तरक्की और ऊंची आर्थिक वृद्धि के साथ उत्पन्न होने वाली उत्सर्जन की अपरिहार्य समस्या के बीच संतुलन साधना एक ऐसी चुनौती रही है, जिसका सामना सभी विकासशील देश कर रहे हैं।

एक विकसित देश की पहचान केवल उच्च प्रति व्यक्ति आय ही नहीं बल्कि संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) के अनुसार उच्च प्रति व्यक्ति आय के साथ-साथ जीवन की उच्च गुणवत्ता, विशेष रूप से शिक्षा और स्वास्थ्य, हासिल करना भी है। इसका मतलब है कि भारत को औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों की रफ्तार तेज करने के साथ ही वायु और जल प्रदूषण जैसे सार्वभौमिक और उच्च गुणवत्ता वाली स्कूली शिक्षा आदि पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

उच्च आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के साथ गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा सुनिश्चित करना बहुत मुश्किल नहीं है। हालांकि, भारत में अधिकांश केंद्र सरकारों ने अब तक शिक्षा में सुधार का जिम्मा राज्य सरकारों या निजी क्षेत्र पर छोड़ना अधिक उचित समझा है। मगर पूर्ण उत्सर्जन कम करना या उससे निपटना नीति निर्माताओं के लिए कहीं अधिक बड़ी चुनौती है।

भारत की भविष्य की आर्थिक वृद्धि की दशा-दिशा विनिर्माण और सेवाओं, दोनों पर निर्भर होनी चाहिए। एक समय यह कहा जा रहा था कि सेवा-आधारित वृद्धि में कम ऊर्जा की आवश्यकता होगी और विनिर्माण क्षेत्र की तुलना में कम उत्सर्जन होगा। मगर आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) और विशाल डेटा केंद्रों के आने के बाद बढ़ी ऊर्जा और पानी की खपत ने खतरे की घंटी बजा दी है। पूर्ण स्तर पर उत्सर्जन अभी भी बढ़ रहा है और तब तक बढ़ता रहेगा जब तक नीति निर्माता आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए नीतियां तैयार करते समय उत्सर्जन कम करने या कम से कम इसे सीमित रखने का तरीका नहीं खोज लेते। मौजूदा अध्ययनों से पता चलता है कि भारत का कुल उत्सर्जन वर्ष 2040 तक या जीडीपी की मौजूदा वृद्धि दर पर और अधिक समय तक बढ़ता ही रहेगा।

यही कारण है कि नीति निर्माताओं के लिए यह महसूस करना अब जरूरी हो गया है कि वे कुल उत्सर्जन या वायु प्रदूषण जैसे मुद्दों से निपटने के लिए भारत के एक उच्च आय वाला देश बनने तक इंतजार नहीं कर सकते। वर्ष 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य तक पहुंचने की राह में निर्धारित अंतरिम लक्ष्यों के लिए भी पूर्ण उत्सर्जन के लिए समाधान मुहैया करने की जरूरत होगी। यह कतई नहीं कहा जा सकता कि आर्थिक वृद्धि दर धीमी कर दी जाए बल्कि वायु प्रदूषण की वास्तविक समस्या से निपटने का तरीका खोजना सही रणनीति होगी। जब तक इससे गंभीर तरीके से निपट नहीं लिया जाता तब तक देश के सभी बड़े शहरों में नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना जारी रहेगा। तेज आर्थिक विकास साथ में वायु प्रदूषण जैसी चुनौतियां भी लाता है जिसका सामना सभी लोगों को करना पड़ता है। इनमें से कम से कम कुछ समस्याओं को अधिक कठोर पर्यावरणीय नियमों को लागू करके और मौजूदा मानदंडों के बेहतर ढंग से लागू कर हल किया जा सकता है। पूर्ण उत्सर्जन कम करना या उससे निपटना नीति निर्माताओं के लिए कहीं अधिक बड़ी चुनौती है। भारत की भविष्य की आर्थिक वृद्धि की दशा-दिशा विनिर्माण और सेवाओं, दोनों पर निर्भर होनी चाहिए।

यह कोई छुपी बात नहीं है कि कई उद्योग (बड़े, मध्यम और लघु) उत्सर्जन मानदंडों पर बहुत कम ध्यान देते हैं। स्थानीय, राज्य या यहां तक कि केंद्र सरकार के स्तर पर भी उत्सर्जन या वायु प्रदूषण रोकने के लिए गंभीर प्रयास नहीं होते हैं। पुराने ताप बिजली संयंत्रों को अक्सर अधिकारियों द्वारा उत्सर्जन नियंत्रण प्रणाली लागू करने के लिए अतिरिक्त समय दिया गया है। पूरे देश में जल प्रदूषण और जल स्तर में कमी का सिलसिला जारी है।

उत्सर्जन अवशोषित करने एवं प्रदूषण कम करने में बेहद महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पेड़ सड़कों एवं कारखानों के निर्माण और खनन गतिविधियों के लिए बेरहमी से गिराए जा रहे हैं और इनके बदले नई हरियाली विकसित करने के बहुत कम प्रयास किए जाते हैं। इसी तरह, जल निकायों को साफ करने से निर्माण गतिविधि और संबंधित क्षेत्रों के लिए सख्त उत्सर्जन नियंत्रण जैसे उपायों के साथ-साथ उत्सर्जन अवशोषित करने में मदद मिल सकती है। केंद्र सरकार को उच्च आर्थिक गति और नागरिकों के जीवन की बेहतर गुणवत्ता के बीच सही संतुलन साधने की जरूरत है। वह एक पहलू पर अधिक ध्यान देने के चक्कर में दूसरे की अनदेखी नहीं कर सकती।

भारत को औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों की रफ्तार तेज करने के साथ ही वायु और जल प्रदूषण जैसे सार्वभौमिक और उच्च गुणवत्ता वाली स्कूली शिक्षा आदि पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

भारत पाक संघर्षों में नजर आता है सैन्य रणनीति का विकास

भारतीय सैन्य रणनीति

जयसिंह रावत

इतिहास में कुछ तारीखें केवल अतीत नहीं होतीं, वे वर्तमान को चेताती और भविष्य की दिशा तय भी करती हैं। 1971 का युद्ध और 2025 का आपरेशन सिंदूर दोनों अलग-अलग युगों की उपज होते हुए भी एक साझा सूत्र से जुड़े हैं। भारत की वह रणनीतिक चेतना, जो खतरे को सीमा पर पहुंचने से पहले रोकने में विश्वास रखती है। एक संघर्ष ने एक नए राष्ट्र को जन्म दिया, दूसरा परमाणु युग में आतंकवाद के खिलाफ भारत की बदली हुई युद्ध-भाषा को परिभाषित करता है।

यह एक तरह से परमाणु धमकियों की पराजय ही थी। 13 दिनों के पूर्ण युद्ध और चार दिनों की सीमित सैन्य कार्रवाई के बीच का यह अंतर केवल समय का नहीं, बल्कि राजनीति, तकनीक, कूटनीति और वैश्विक शक्ति-संतुलन में आए गहरे बदलाव का भी दर्पण है।

देखा जाए तो भारत-पाकिस्तान संबंधों के इतिहास में 1971 और 2025 दो ऐसे पड़ाव हैं, जो अलग-अलग समय, तकनीक और वैश्विक परिस्थितियों में लड़े गए संघर्षों का प्रतिनिधित्व करते हैं। एक ओर 1971 का 13 दिनों का पूर्ण युद्ध था, जिसने एशिया का राजनीतिक नक्शा बदल दिया, वहीं दूसरी ओर 2025 का चार दिन का सीमित आपरेशन था, जिसने परमाणु युग में युद्ध की नई परिभाषा गढ़ी।

इन दोनों संघर्षों को साथ रखकर देखने से न सिर्फ सैन्य रणनीति का विकास समझ में आता है, बल्कि यह भी साफ होता है कि भारत ने समय के साथ अपने प्रिवेंटिव एक्शन को कैसे बदला और परिष्कृत किया।

भारत-पाकिस्तान संबंधों के इतिहास में 1971 और 2025 दो ऐसे पड़ाव हैं, जो अलग-अलग समय, तकनीक और वैश्विक परिस्थितियों में लड़े गए संघर्षों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इन दोनों संघर्षों को साथ रखकर देखने से न सिर्फ सैन्य रणनीति का विकास समझ में आता है, बल्कि यह भी साफ होता है कि भारत ने समय के साथ अपने प्रिवेंटिव एक्शन को कैसे बदला और परिष्कृत किया।

1971 का युद्ध किसी सीमित सैन्य घटना का परिणाम नहीं था। यह पूर्वी पाकिस्तान में चले 'ऑपरेशन सर्चलाइट' की परिणति ही था जिसके दौरान हुए भीषण जनसंहार में लाखों लोग मारे गए और एक करोड़ से अधिक शरणार्थी भारत में आ गए थे। भारत के लिए यह केवल रणनीतिक नहीं, बल्कि मानवीय हस्तक्षेप का प्रश्न भी था। इसके विपरीत 2025 का संघर्ष पहलगाम में हुए आतंकी हमले से उपजा, जिसमें 25 भारतीय नागरिक मारे गए जिसकी जिम्मेदारी जैश-ए-मोहम्मद ने ली। फर्क साफ है, 1971 का संघर्ष मानवाधिकार संकट से उपजा था, जबकि 2025 प्रॉक्सी वॉर और आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का उदाहरण है।

अवधि और पैमाने में भी दोनों संघर्ष बिल्कुल अलग हैं। 1971 में 13 दिनों के युद्ध के बाद 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया और बांग्लादेश का जन्म हुआ। यह न केवल भारत की अब तक की सबसे निर्णायक सैन्य विजय थी, अपितु विश्व के युद्धों के इतिहास का एक जगमगाता पन्ना भी था। इसके मुकाबले 2025 की कार्रवाई चार दिनों तक सीमित रही जिसमें करीब 14 लक्षित स्ट्राइक्स, नौ आतंकी कैंप ध्वस्त हुये मगर कोई भू-क्षेत्रीय बदलाव नहीं, जो भारत की मंशा भी नहीं थी। यह परमाणु हथियारों के साये में लड़े जा रहे लिमिटेड वॉर का उदाहरण था, जहां लक्ष्य जीत नहीं, बल्कि विरोधी की क्षमता को बाधित करना था। आपरेशन सिन्दूर ने पाकिस्तान की बार-बार की परमाणु हमले की धमकियों की हवा भी निकाल दी।

अंतरराष्ट्रीय भूमिका भी दोनों दौर में बदली हुई दिखती है। 1971 में भारत को सोवियत संघ का स्पष्ट समर्थन प्राप्त था, जबकि अमेरिका और चीन पाकिस्तान के पक्ष में खड़े थे। 2025 में तस्वीर ज्यादा जटिल है। अमेरिका और चीन दोनों मध्यस्थ की भूमिका में दिखते हैं, जबकि चीन खुले तौर पर पाकिस्तान को ड्रोन और तकनीकी सहायता देता रहा है।

फर्क यह है कि 1971 में भारत एक विकासशील अर्थव्यवस्था था, जबकि 2025 में एक मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ भारत की वैश्विक सौदेबाजी की क्षमता भी कहीं अधिक मजबूत है। रणनीति और तकनीक के स्तर पर बदलाव सबसे गहरा है। 1971 का युद्ध टैंक, तोप और पारंपरिक वायुसेना अभियानों पर आधारित था, जिसका अंतिम परिणाम एक नए राष्ट्र का निर्माण था।

2025 में ड्रोन, सटीक मिसाइलें, सैटेलाइट इंटेलिजेंस और साइबर क्षमताएँ निर्णायक रहीं। ब्रह्मोस जैसी प्रणालियों और रियल-टाइम इंटेलिजेंस ने यह दिखाया कि अब युद्ध की तैयारी महीनों नहीं, घंटों में होती है।

पाकिस्तान ने एक बार फिर 'मॉरल विक्टरी' का दावा ठीक उसी तरह किया जैसे 1971 में 120 भारतीय विमानों को मार गिराने का झूठा प्रचार किया गया था।

फर्क यह है कि आज सूचना युद्ध में झूठ ज्यादा देर नहीं टिकता। 2025 के संघर्ष में पाकिस्तान अब उसी तरह चीन का फ्रंट फेस बन चुका है, जैसे 1971 में वह अमेरिका के लिए था। साथ ही, सोशल मीडिया ने युद्ध और इतिहास की व्याख्या का नया मंच बना लिया है, जहाँ विजय और पराजय के दावे तुरंत चुनौती के घेरे में आ जाते हैं।यह साफ होता है कि साहस, नेतृत्व और स्पष्ट उद्देश्यकृये तत्व दोनों दौर में समान हैं, भले ही साधन बदल गए हों।

भविष्य के लिये इन संघर्षों का सबक स्पष्ट हैं। 1971 ने सिखाया कि राष्ट्रीय एकता और तेज निर्णय ऐतिहासिक परिणाम दे सकते हैं। 2025 चेतावनी देता है कि प्रॉक्सी वॉर के दौर में केवल सर्जिकल स्ट्राइक काफी नहीं, लंबी रणनीति, कूटनीति और खुफिया नेटवर्क उतने ही जरूरी हैं।

इतिहास बताता है कि शांति केवल ताकत से नहीं, बल्कि सतर्कता और समझदारी से आती है। अतीत की सीख ही भविष्य की सबसे मजबूत ढाल है।

प्रसंगवश

एक सोचा-समझा राजनीतिक संदेश है नितिन की नियुक्ति

राकेश के सिंह

नितिन नवीन बिहार से आते हैं और बिहार लंबे समय से राष्ट्रीय राजनीति में अहम भूमिका निभाता रहा है। इसके बावजूद, शीर्ष स्तर पर वहां के नेताओं की भागीदारी सीमित रही है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा नितिन नवीन को पार्टी का वर्किंग प्रेसिडेंट नियुक्त करना केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं है। यह एक सोचा-समझा राजनीतिक संदेश है। भाजपा में ऐसे फैसले आम तौर पर सिर्फ व्यक्ति को देखकर नहीं किए जाते, बल्कि इसके पीछे कार्यकर्ताओं, सहयोगियों, विरोधियों और मतदाताओं तक पहुंचने वाला संकेत छिपा होता है।

सबसे पहले यह नियुक्ति पीढ़ीगत बदलाव का संकेत देती है। 45 वर्ष की उम्र में नितिन नवीन उस नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने भाजपा की राजनीति को उसके विस्तार और मजबूती के दौर में देखा है। उनकी नियुक्ति यह बताती है कि पार्टी नेतृत्व को उम्र या विरासत नहीं, बल्कि निरंतर मेहनत और संगठन में काम करने के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। भाजपा यह संदेश देना चाहती है कि बदलाव जरूरी है, लेकिन वह व्यवस्था को तोड़कर नहीं, बल्कि उसे मजबूत करते हुए किया जाएगा।

इस फैसले में एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय संदेश भी छिपा है। बिहार लंबे समय से राष्ट्रीय राजनीति में अहम भूमिका निभाता रहा है। इसके बावजूद, शीर्ष स्तर पर वहां के नेताओं की भागीदारी सीमित रही है। एक बिहारी नेता को राष्ट्रीय संगठन में अहम जिम्मेदारी देना यह दर्शाता है कि भाजपा पूर्वी भारत और हिंदी पट्टी के राज्यों को गंभीरता से ले रही है। नेताओं को यह भरोसा भी देता है कि पार्टी का केंद्र सिर्फ दिल्ली तक सीमित नहीं है।

भाजपा ने इस नियुक्ति के जरिए खुद को एक कार्यकर्ता-आधारित पार्टी के रूप में फिर से स्थापित किया है। नितिन नवीन का राजनीतिक सफर—युवा मोर्चा से लेकर विधायक और मंत्री तक—पार्टी को यह कहने का अवसर देता है कि जो कार्यकर्ता जमीन पर काम करता है, वही आगे बढ़ता है। ऐसे समय में जब कई दल बाहरी और चर्चित चेहरों को तरजीह देते हैं, यह संदेश भाजपा के कार्यकर्ताओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

इस नियुक्ति में भविष्य की नेतृत्व तैयारी का संकेत भी दिखाई देता है। भाजपा भले ही उत्तराधिकार पर खुलकर बात न करती हो, लेकिन वर्किंग प्रेसिडेंट जैसे पद स्वाभाविक रूप से ऐसी चर्चाओं को जन्म देते हैं। नियुक्ति की घोषणा जिस तरीके और गति से हुई, वह भी अपने आप में एक संदेश है। प्रधानमंत्री और वरिष्ठ नेताओं की तुरंत बधाई ने यह सुनिश्चित किया कि चर्चा सकारात्मक दिशा में जाए।

कुल मिलाकर, यह नियुक्ति एक व्यक्ति की तरक्की से ज्यादा भाजपा की सोच को दर्शाती है- युवा नेतृत्व, क्षेत्रीय संतुलन, कार्यकर्ताओं का सम्मान और भविष्य की तैयारी। यह एक शांत लेकिन प्रभावशाली राजनीतिक संदेश है।

नितिन नवीन की नियुक्ति यह बताती है कि पार्टी नेतृत्व को उम्र या विरासत नहीं, बल्कि निरंतर मेहनत और संगठन में काम करने के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। भाजपा यह संदेश देना चाहती है कि बदलाव जरूरी है, लेकिन वह व्यवस्था को तोड़कर नहीं, बल्कि उसे मजबूत करते हुए किया जाएगा।

।।गीता।।

श्लोक

इन्द्रियाणि मनो बुद्धिरस्याधिष्ठानमुच्यते।
एतैर्विमोहयत्येष ज्ञानमावृत्य देहिनम।।

भावार्थ

इन्द्रियाँ, मन और बुद्धि, ये सब वास स्थान कहे जाते हैं। यह काम इन मन, बुद्धि और इन्द्रियों के द्वारा ही ज्ञान को आच्छादित करके जीवात्मा को मोहित करता है।

जीवन दर्शन

तूफानों से लड़ने वाले वृक्ष ही मजबूत बनते हैं

प्रकृति बताती है कि मजबूत वृक्ष वे नहीं हैं, जिन्हें सुरक्षा मिली हो, बल्कि वे हैं, जिन्होंने खुले मैदान में तूफानों का सामना किया हो। बेशक संघर्ष पीड़ा देता है, लेकिन इन्सान को बेहतरीन प्रतिफल भी उसी से मिलता है।

प्रकृति ने मनुष्य के भीतर जो सबसे चतुर तंत्र रचा है, उसका नाम है संघर्ष। यह वही शक्ति है, जो इन्सान को आगे बढ़ने, विकसित होने और अंततः महान बनने के लिए प्रेरित करती है। संघर्ष कभी दर्द बनकर सामने आता है और कभी किसी अद्भुत अनुभव का रूप लेकर, परंतु हर रूप में वह मनुष्य को आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा ही देता है। जन्म से लेकर अंतिम सांस तक का जीवन चुनौतियों व परीक्षाओं से भरी एक निरंतर यात्रा है, जिसे कोई भी टाल नहीं सकता। ऐसे में, लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए संघर्ष जरूरी है।

हर सीख, हर समझ और हर अनुभव एक नई चुनौती के द्वार से होकर गुजरता है। ठीक उसी प्रकार जैसे सोना आग में तपकर चमकता है, व्यक्ति भी संघर्ष के ताप से निखरता है। धन-संपत्ति का निर्माण हो या कॅरिअर की ऊंचाई, कोई भी लक्ष्य संघर्ष के बिना नहीं मिलता। कई लोग तो आवश्यकता से अधिक धन कमाने की बेचैनी में, अत्यधिक परिश्रम और चिंता के कारण जीवन के शुरुआती पड़ाव में ही खुद को थका देते हैं। परंतु संघर्ष केवल धन या पद तक सीमित नहीं है। बेहतर सेहत बनाए रखना अपने आप में एक निरंतर युद्ध है-आलस्य, अस्वास्थ्यकर आदतें, रोगों और तनाव से लड़ने का युद्ध। इसी प्रकार भोजन, आश्रय, नौकरी की सुरक्षा, पेशे में पहचान, और व्यवसाय को संकट से बचाने जैसे हर मोड़ पर संघर्ष मिलता ही है। जीवन का ऐसा शायद ही कोई क्षेत्र हो, जहां संघर्ष का हाथ थामे बिना आगे बढ़ना संभव हो पाए।

संघर्ष मनुष्य को तोड़ता नहीं, बल्कि उसे और बेहतर ढंग से गढ़ता है। वह बुद्धि को पैना करता है, उत्साह को जगाता है, विश्वास को मजबूत करता है और कल्पनाशक्ति को बढ़ाता है। यही वह चीज है, जो मनुष्य को अपने भीतर छिपे उस उद्देश्य की खोज करने के लिए प्रेरित करता है, जिसके लिए वह इस धरती पर आया है।

यह आत्मसंतोष और आलस्य की नींद से बाहर निकालकर उसे जीवन की अनवरत गति में बनाए रखता है। मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति वही है, जो उसे सबसे बड़ी चुनौती देती है। और यही सत्य है। शक्ति, चाहे शारीरिक हो या मानसिक, संघर्ष की ही उपज है। जो व्यक्ति चुनौतियों का सामना करता है, वह अंततः वही शक्ति प्राप्त करता है, जिसकी उसे अपनी विजय के लिए आवश्यकता होती है।

जीवन की राह स्पष्ट है-गतिशील रहो या फिर समाप्त हो जाओ। यहां कोई अपवाद नहीं, कोई समझौता नहीं। प्रकृति बताती है कि सबसे मजबूत वृक्ष वे नहीं हैं, जिन्हें सुरक्षा मिली हो, बल्कि वे हैं, जिन्होंने खुले मैदान में तूफानों का सीधे सामना किया हो।

हर संघर्ष कुछ पीड़ा देता है, लेकिन यही पीड़ा मनुष्य को उसका सबसे बड़ा प्रतिफल भी देती है। इतिहास के हर सफल व्यक्तित्व ने अपना नेतृत्व संघर्षों की भट्टी में तपा है। इसलिए, संघर्ष से भागिए मत।

जीवन में हर कदम पर खुद को गढ़ना पड़ता है। संघर्ष ही वह जादू है, जो क्षमताओं को तराशता तथा हौसले को और मजबूत बनाता है। जो व्यक्ति चुनौतियों से नहीं डरता, वही अपनी वास्तविक क्षमता को पहचान पाता है। तूफानों से जूझकर खड़े रहने वाले वृक्षों की तरह, इन्सान भी विपरीत परिस्थितियों का सामना करके ही महान बनता है।

-नेपोलियन हिल

कुलाधिपति की मौजूदगी में विवि का 13वां दीक्षांत समारोह आज

मुख्य वक्ता होंगे महामंडलेश्वर अखिलेश्वर दास, 59 छात्रों को दिए जाएंगे स्वर्ण पदक

विवि में 13वां दीक्षांत समारोह आज, राज्यपाल करेंगे अध्यक्षता

जागरण,रीवा

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में आज 13वां दीक्षांत समारोह आयोजित होगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता परम पूज्यनीय महामंडलेश्वर अखिलेश्वर दास होंगे। उक्त जानकारी मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया ने दी। वार्ता में कुलगुरु ने बताया कि इस समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के राज्यपाल व विश्वविद्यालय कुलाधिपति मंगूभाई छगनभाई पटेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में चित्रकूट विवि के कुलगुरु, सांसद जर्नादन मिश्रा रहेंगे। इस गरिमामयी समारोह के लिए विश्वविद्यालय द्वारा गत 14 दिसम्बर से निरंतर अभ्यास सत्र का आयोजन कराया जा रहा है। ताकि समारोह में सम्मलित होने वाले छात्रों को अतिथियों के सामने उपस्थित होकर उपाधि प्राप्त करने का सलीका बताया जा सके। वार्ता में उन्होंने बताया कि इस समारोह में वर्ष 2024-25 के 53 उत्कृष्ट छात्रों को स्वर्ण पदक दिए जायेंगे। जिसमें 27 को कुलगुरु स्वर्ण पदक व 26 को स्वर्ण पदक दिए जाएंगे। 6 पदक दानदाताओं के नाम से छात्रों को दिए जाएंगे। 53 पीएचडी व 44 स्नातकोत्तर उपाधिधारक को उपाधियां दी जाएंगी। समारोह में छात्र परम्परागत पोशाक पहनकर उपाधि प्राप्त करेंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय ने छात्र-छात्राओं के ड्रेसकोड निर्धारित कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि दो लोगो को मानद उपाधि दी जाएगी जिसमें ले फ्टि . क र्न ल धीरेन्द्र सिंह कुशवाह डी.लिट प्रबंध संकाय में व डॉ.वायके मिश्रा डीएससी जीवन संकाय में मानद उपाधि दी जाएगी। वार्ता के दौरान कुलसचिव डॉ सुरेंद्र सिंह परिहार ने राज्यपाल के तय कार्यक्रम के अनुसार सभी आगुंतकों से समारोह में सम्मलित होने की अपील की है। इस दौरान वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.एनपी पाठक, डॉ.दिनेश कुशवाह, डॉ.लक्ष्मीकांत चंदेला व मीडिया प्रभारी नलिल दुबे मौजूद रहे।

हुई कार्यपरिषद् की आपात बैठक

बता दें कि दीक्षांत समारोह के आयोजन को लेकर विवि में मंगलवार को कार्यपरिषद की अपात बैठक बुलाई गई। इस बैठक में अतिथियों के आगमन संबंधी सूचना ग्रहण की गई। वहीं दूसरी ओर आयोजन के लिए तीन दिन से चल रहे पूर्वाभ्यास का समापन किया गया। अंतिम दिन राजभवन से आई विशेष टीम के बीच रिहर्सल किया गया। जिसमें कुलगुरु व कुलसचिव सहित आचार्य मौजूद रहे।

भवनों की हुई साज-सज्जा

समारोह की तैयारियों को मंगलवार के दिन अंतिम रूप दिया गया। देर शाम तक विश्वविद्यालय के मुख्य प्रशासनिक भवन की साज-सज्जा की गई। शाम ढलने के बाद विश्वविद्यालय के भवन झिलमिल रोशनी से जगमगा गए। अब बुधवार को अतिथि गृह से शोभा यात्रा निकलेगी। वेद मंत्रों व शंखध्वनि के साथ यह शोभा यात्रा पं शम्भुनाथ शुक्ल सभागार में पहुँचेगी। तत्पश्चात सुबह 11.50 बजे कार्यक्रम का शुभारम्भ होगा।

ऐसा रहेगा राज्यपाल का कार्यक्रम

राज्यपाल श्री पटेल आज सुबह 10.45 बजे भोपाल से वायुयान द्वारा प्रस्थान कर सुबह 11.30 बजे एयरपोर्ट रीवा पहुंचेगे। इसके बाद राज्यपाल एयरपोर्ट से प्रस्थान कर सुबह 11.50 बजे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय पहुंचेगे तथा रिसर्च, इनोवेशन और इनक्यूवेशन सेंटर का उद्घाटन करेंगे। तदुपरांत वह दोपहर 12 बजे विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह शामिल होंगे। राज्यपाल दीक्षांत समारोह में शामिल होने के बाद दोपहर 1.30 बजे सर्किट हाउस आयेंगे और दोपहर 3 बजे एयरपोर्ट रीवा से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

शिक्षकों की उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

रीवा। डाइट रीवा में शैक्षिक संवाद, सहयोग और शिक्षा कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय शिक्षकों का उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य डाइट रीवा टीपी सिंह के निर्देशानुसार किया गया। जन शिक्षा केंद्र स्तरीय शैक्षिक संवाद माह दिसंबर का एफएलएन शिक्षक समूह के संवाद हेतु विषय प्रारंभिक कक्षाओं में प्रभावी लेखन वास्ते जन शिक्षा केंद्र स्तरीय शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया। जिले के समस्त 9 ब्लॉक के विद्यालयों के शिक्षकों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डाइट कोऑर्डिनेटर अशोक पटेल ने कक्षाओं हेतु रिसोर्स मैट्रियल पर संवाद किया एवं दीपेंद्र सिंह बीआरसी रीवा द्वारा चाइल्ड ट्रैकिंग पर चर्चा की गई। कार्यशाला में बीपी त्रिपाठी, नवनीत चौबे, अर्चना मिश्रा, अनुज पटेल, रामकृष्ण द्विवेदी, रामशरण सोनी, विशाल शुक्ला, अर्चना पुरवार, श्रद्धा सिंह, गायत्री ताम्रकार, अंकिता सिंह, मिली सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

अकादमिक पीयर रिकमेंडेशन के शोध पर मिली पीएचडी

रीवा। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बक्सर (बिहार) के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग की सहायक प्राध्यापक दीपिका शुक्ला को अकादमिक पीयर रिकमेंडेशन के क्षेत्र में किए गए शोध के लिए आईआईटी (बीएचयू) द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपने पीएचडी शोध कार्य के दौरान कई अंतरराष्ट्रीय उच्च स्तरीय शोध पत्रिकाओं में शोध पत्र प्रकाशित किए हैं। दीपिका शुक्ला रायपुर कचुंलियान तहसील के पूर्वा गाँव की निवासी हैं। वे भूतपूर्व प्रधानाध्यापक हनुमान प्रसाद शुक्ला की नातिन हैं तथा उच्च श्रेणी शिक्षिका शारदा रानी तिवारी और संतोष सोहगौरा की बड़ी बहू हैं। उन्होंने अपना शोध कार्य आईआईटी (बीएचयू) के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रवींद्रनाथ चौधरी के निर्देशन में पूर्ण किया है।

केवीके में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ

रीवा। संचालक विस्तार सेवाएं प्रोफेसर टी आर शर्मा, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर एवं अटारी जबलपुर निदेशक डॉ एसआरके सिंह के मार्गदर्शन एवं डॉ एके पांडेय केंद्र प्रमुख के निर्देशन में वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों द्वारा 16 से 31 दिसम्बर स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम की शुरुआत शपथ लेकर की गई । सभी वैज्ञानिक कर्मचारी द्वारा कार्यालय एवं परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिक डॉ एके पांडेय, डॉ सीजे सिंह, डॉ के सी सिंह डॉ अखिलेश कुमार, डॉ स्मिता सिंह, संदीप शर्मा, डॉ संजय सिंह, एम के मिश्रा, मंजू शुक्ला, शत्रुघ्न वर्मा के साथ साथ सफाई कर्मचारियों ने भाग लिया।

कलेक्टर ने अजा सीनियर छात्रावास का किया औचक निरीक्षण

छात्राओं से व्यवस्थाओं के संबंध में ली जानकारी

रीवा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने शासकीय उत्कृष्ट अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास रायपुर कर्चुलियान का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास में निवासरत छात्राओं से व्यवस्थाओं एवं मीनू के अनुसार दिये जाने वाले भोजन एवं नाश्ता के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर ने छात्रावास में बनाये गये भोजन की गुणवत्ता परखी तथा स्टोर में रखी सामग्री का निरीक्षण किया। उन्होंने अधीक्षिका को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाये दुरूस्त रखें तथा इसे आदर्श छात्रावास बनायें। कलेक्टर ने छात्रावास की बालिकाओं अंचल सरस्वती साकेत तथा साक्षी चौधरी से संवाद कर पढ़ाई व अन्य दैनिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। छात्राओं ने बताया कि हम पढ़कर डॉक्टर, वकील तथा पुलिस विभाग में नौकरी करना चाहती हैं। कलेक्टर ने कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ों। छात्रावास ऐसी जगह होती है जहाँ अन्य छात्राओं के साथ रहकर ग्रुप डिस्कशन भी किया जा सकता है तथा एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा रखकर पढ़ाई भी खूब की जा सकती है। उन्होंने छात्राओं के भविष्य के लिये शुभकामना दी। इस दौरान एसडीएम संजय जैन, प्रभारी जिला संयोजक रुचि तिवारी उपस्थित रहे।

छात्रों को प्लास्टिक मुक्त वातावरण अपनाने हेतु किया प्रेरित

स्कूलों में चल रही ननि की 'स्वच्छता की पाठशाला'

जागरण, रीवा। स्वच्छ भारत मिशन के क्रियांन्वयन हेतु निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर नगर निगम स्वच्छता टीम द्वारा दिनांक 15 से 17 दिसंबर 2025 तक चलाए जा रहे स्वच्छता गतिविधियों में 'स्वच्छता की पाठशाला' अभियान अंतर्गत मंगलवार को जोन क्रमांक 02 वार्ड क्रमांक 29 पाण्डेन टोला स्कूल में स्वच्छता की पाठशाला गतिविधि का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली छात्र छात्राओं को स्वच्छता के विषय में प्रेरित किया गया साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही स्वच्छता की पाठशाला कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित सभी छात्र- छात्राओं एवं स्कूल के स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इसी कड़ी में स्वच्छता की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेल मार्ग में किया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यालय में जाकर सिंगल यूज़ प्लास्टिक कचरे की पहचान, कचरे का पृथक्करण (सेग्रीगेशन) एवं उसके दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराना था, कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता की शपथ दिलाई गई तथा विद्यार्थियों को प्लास्टिक मुक्त वातावरण अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त गतिविधियों में विद्यालय का स्टाफ शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ एवं स्वच्छता टीम उपस्थित रहे।

स्व.एमएम जगदाले (अंडर-15) अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता

रीवा की टीम प्रतियोगिता से बाहर होने की कगार पर

ग्वालियर के समर सिसोदिया एवं कार्तिक बंसल ने जमाये शतक

जागरण,रीवा। डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के आयोजकत्व में मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की स्व.एमएम जगदाले अंडर-15 अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत रीवा के एमपीसीए क्रिकेट मैदान में मेजबान रीवा एवं ग्वालियर की टीमों के बीच खेले जा रहे 3 दिवसीय मैच के दूसरे दिन के खेल में ग्वालियर ने अपनी पहली पारी में 7 विकेट खोकर 331 रनों का स्कोर बनाया है। उक्त जानकारी देते हुये रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव कमल श्रीवास्तव ने बताया कि इस मैच के पहले दिन के खेल में रीवा ने अपनी पहली परी में 228 रनों का सम्मानजनक स्कोर बनाया था तथा उम्मीद थी कि इस महत्वपूर्ण मैच में दूसरे दिन के खेल में रीवा के गेंदबाज अपनी गेंदबाजी से ग्वालियर की पहली पारी को लीड लेने से रोकेंगे पर हुआ इसके बिल्कुल विपरीत व ग्वालियर के बल्लेबाज समर सिसोदिया एवं सिसोदिया एवं कार्तिक बंसल की शानदार बल्लेबाजी के सामने रीवा के गेंदबाज बहुत ही बौने दिखे । इन दोनों बल्लेबाजों जबरदस्त बल्लेबाजी का प्रदर्शन व शतकीय प्रहार किये जिसके कारण दूसरे दिन का खेल खत्म होने के समय तक ग्वालियर ने अपनी पहली पारी में 7 विकेट खोकर 331 रन बना लिये हैं । समर सिसोदिया ने 221 गेंदों का सामना करते हुये 26 चौकों की मदद से 137 रन बनाये वहीं कार्तिक बंसल ने 119 गेंदों पर 117 रनों की पारी खेली। इस प्रकार अभी तक ग्वालियर ने रीवा पर पहली पारी में 103 रनों की लीड ले ली है और उसके 3 विकेट अभी भी शेष हैं । रीवा के गेंदबाज पूरे दिन संघर्ष करते रहे, गौरव मिश्रा ने 3 विकेट एवं अभिनव सोनी ने 2 विकेट लिये। रीवा की टीम ने अपने पहले दोनों मैचों मे भोपाल एवं चंबल के खिलाफ बेहतरीन खेल दिखाया तथा इस महत्वपूर्ण मैच में भी टीम से अच्छे खेल की उम्मीद की जा रही थी किंतु ग्वालियर से पहली पारी में पिछड़ने के कारण अब रीवा की टीम पर प्रतियोगिता से बाहर होने का पूरा खतरा उत्पन्न हो गया है।

उलटफेर करते हुए रीवा का शानदार प्रदर्शन जारी

जल संसाधन विभाग की खेल प्रतियोगिताएं

रीवा। तीसरे दिन मप्र. जल संसाधन विभाग की खेली जा रही अर्न्तक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता में टीमें फाइनल/सेमी फाइनल की ओर बढ़ने लगी है। बैडमिन्टन में मनोज तिवारी एवं फर्णीश दुबे की जोड़ी ने ग्वालियर एवं नर्मदापुरम की मजबूत टीम के खिलाफ जबरदस्त खेल का प्रदेशन करते हुए टीम को सेमीफाइनल में प्रवेश दिलाया। कबड्डी मे जबलपुर ने नर्मदापुरम को लीग मैच मे पराजित किया। इसी खेल में रीवा टीम ने शानदार खेल का प्रर्दशन करते हुए ग्वालियर को पराजित कर फाइनल मे प्रवेश कराया, जिसमे के.पी. कडयाम रेडर आर.बी. भेडिया, अवधेश मांझी आदि ने उत्कृष्ठ खेल का प्रर्दशन किया। तथा टीम को सेमी फाइनल मे प्रवेश दिलाया। लॉन टेनिस में उलटफेर करते हुऐ रीवा की टीम वर्षों बाद फाइनल में प्रवेश किया जिसमें सौरव पटेल एवं आशुतोष शर्मा का बेहतरीन खेल प्रदर्शन रहा। कैरम महिला के वर्ग मे रीवा की नेहा पाण्डेय ने प्रवेश किया। शतरंज महिला वर्ग का सेमी फाइनल मैच ग्वालियर विरूद्ध भोपाल खेला गया, जिसके फाइनल मे ग्वालियर की मेघा ने प्रवेश किया। सबसे रोमांचकारी क्रिकेट मैच रहा, जिसमे रीवा विरुद्ध नर्मदापुरम के बीच खेला गया, एक वक्त ऐसा था कि रीवा की टीम का स्कोर 70 रन मे 9 विकेट हो गये थें, ऐसे मे नौंवे विकेट के लिए चन्द्र प्रकाश वर्मा एवं उनके पार्टनर वीरेन्द्र सिंह सोलंकी ने 65 रन की साझेदारी कर अपनी टीम को संकट से निकालकर 139 रन तक पहुंचाया तथा रीवा टीम ने नर्मदापुरम को 100 रन के भीतर ऑल आउट कर जीत हासिल की। वीरेन्द्र सोलंकी ने 3 विकेट भी लिये। उन्हे मैन ऑफ दि मैच चुना गया। वहीं फुटबॉल मे रीवा ने 2-0 से भोपाल को पराजित कर अग्रिम चक्र मे प्रवेश किया।

उच्च शिक्षा के छात्रों के लिए वर्ष 2024 ने दी कई सौगातें

एपीएसयू ने शुरू किए नए 32 पाठ्यक्रम, रामायण शोध पीठ की स्थापना करने वाला पहला विश्वविद्यालय

छात्रों की समस्या के घर बैठे निदान के लिए शुरू हुआ हेल्पलाइन पोर्टल

दैनिक जागरण फ्लैशबैक 2024

जागरण,रीवा। छात्रों की उच्च शिक्षा के लिए वर्ष 2024 कई सौगातें लेकर आया। जिले के सबसे बड़े शैक्षणिक संस्थान अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय ने कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया के कुशल मार्गदर्शन में कई सौगातें छात्रों को दी गईं। इस वर्ष छात्रों को 32 नए पाठ्यक्रमों की सौगात की गई, जिसमें कई ऐसे पाठ्यक्रम रहे जो स्थानीय छात्रों के लिए एक बड़ी सौगात कहा जा सकता है। नए पाठ्यक्रमों में बीटेक (डाटा साइंस), एमटेक (एआई एवं मशीन लर्निंग)व माइनिंग जैसे महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम शामिल हैं। इसके अलावा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने कई पाठ्यक्रम सहित अर्हमू जैन शोध पीठ की स्थापना के साथ एमए में जैनोलॉजी, प्राकृत एवं बीए में जैनोलॉजी/प्राकृत पाठ्यक्रम शुरू किए गए। इसके अलावा गौसंवर्धन एवं सात्विक आहार के दो सर्टिफिकेट कोर्स शुरू कराए गए। विवि में कौशल विकास की दृष्टि से डिजाइनिंग, हार्डवेयर, सर्टिफिकेशन, बेव डिजाइनिंग, ब्यूटी केयर, गार्डनिंग आदि रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों को शुरू कराया गया। इन पाठ्यक्रमों में छात्रों ने रुचि भी दिखाई। यह कोर्स कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया द्वारा शुरू कराए गए।

बीएएमएस कराएगा एपीएसयू

वहीं अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया ने कहा कि विवि में वर्ष 2024 में छात्र हित में कई निर्णय लिए गए हैं, जिसका लाभ छात्रों को मिल रहा है। वर्ष 2025 के लिए भी कार्ययोजना तैयार कर ली गई है, जिसमें छात्रों को नए पाठ्यक्रमों सहित रोजगार व समस्याओं के निदान सहित अन्य योजना है। छात्रों के लिए बीएएमएस पाठ्यक्रम, प्राकृतिक चिकित्सा, होटल मैनेजमेंट में डिग्री कोर्स प्रारंभ करना, बीए एवं एमए संस्कृति में कोर्स प्रारंभ करने सहित ऑनलाइन एवं हायब्रिड मोड में रोजगार मूलक कोर्स प्रारंभ करने की योजना है। उन्होंने कहा कि छात्रों को किसी प्रकार की समस्या न हो, समय पर परीक्षा व परिणाम सहित समय पर कक्षाओं का संचालन व पढ़ाई के बाद प्लेसमेंट जैसी सुविधा मिले, इस पर पूरा फोकस किया जा रहा है।

एमओयू हुए, छात्रों को मिलेगा लाभ

एपीएसयू ने कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया के मार्गदर्शन में नए चार एमओयू किए, जनजातीय कल्याण के लिए जनजातीय कल्याण केन्द्र बरगांव जिला डिंडोरी से, पतंजलि विवि हरिद्वार से एमओयू, एडब्लिट्ज क्रियेटिव कम्युनिकेशन इंडिया और यूएसए से एमओयू किया गया। आईआईटी भिलाई व आआइआईटी जबलपुर से भी एमओयू की चर्चा हो चुकी है, नए वर्ष में एमओयू होगा। इसी प्रकार विवि में पहली बार एक साथ 4 शोध परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई। बताया गया कि अब तक विवि ने कुल 44 एमओयू छात्र हित में किए हैं, जिनका लाभ यहां के छात्रों को मिलेगा। इसके साथ ही विवि परिसर में स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा लगाए जाने की स्वीकृति भी दी गई है।

पहला विवि जहां रामायण शोधपीठ

बता दें कि वर्ष 2024 में एपीएसयू ने रामायण शोध पीठ व महाराजा मार्तंड सिंह बघेली शोध पीठ की स्थापना की गई। रामायण शोध पीठ स्थापित करने वाला एपीएसयू पहला विवि बना। इसके अलावा ओरक्षा में विवि की भूमि में रामायण शोध संग्रहालय के भवन एपं केशव अध्यापन एवं अनुसांधान केन्द्र का निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई। इस वर्ष विवि में छात्रों के लिए राष्ट्रीय स्तर की 8 कार्यशालाएं कुलगुरु के प्रयास से हुई, शोध पत्रों का राष्ट्रीय व अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशन किया गया। ई-गवर्नेंस प्रणाली को लागू किया गया, परीक्षा प्रणाली का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। छात्रों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन पोर्टल तैयार किया जा रहा है, जिसमें छात्र घर बैठे अपनी समस्या का निदान कर सकेंगे। इसे वर्ष के अंतिम तक शुरू करने की योजना है। इसके साथ ही छात्रों की सुविधा के लिए हेल्प केन्द्र बनाया, जिसमें तय समय में समस्याओं का निराकरण हुआ जिससे छात्रों को काफी राहत मिली।

संयुक्त परिवार से आधुनिकता के बीच भी संस्कार सुरक्षित रहते हैं: प्रो.शुक्ल

भारत विकास परिषद ने किया संगोष्ठी का आयोजन

जागरण,रीवा। भारत विकास परिषद रीवा शाखा (विन्ध्य प्रांत) द्वारा 'संयुक्त परिवार की आवश्यकता' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन परिषद के उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बघेल द्वारा किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य बदलती सामाजिक परिस्थितियों में संयुक्त परिवार की प्रासंगिकताए उसकी सांस्कृतिक महत्ता तथा समाज निर्माण में उसकी भूमिका पर विमर्श करना रहा। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रहे। अपने सारगर्भित उद्बोधन में प्रोफेसर शुक्ल ने कहा कि संयुक्त परिवार भारतीय संस्कृति की वह शाश्वत धरोहर ह, जिसमें आधुनिकता के बीच भी संस्कार सुरक्षित रहते हैं। परिवार केवल साथ रहने की व्यवस्था नहीं बल्कि व्यक्ति के सामाजिक, नैतिक एवं भावनात्मक विकास की पहली और सबसे महत्वपूर्ण पाठशाला है। प्रोफेसर शुक्ल ने स्पष्ट किया कि 'अधिकार से बड़ा कर्तव्य' ही संयुक्त परिवार का मूल संदेश है जो व्यक्ति को उत्तरदायित्वबोध और सामाजिक संवेदनशीलता से जोड़ता है। उन्होंने आगे कहा कि युग बदले, व्यवस्थाएँ बदलीं और जीवन-शैली में परिवर्तन आया, किंतु भारतीय समाज की आत्मा परिवार आज भी उसकी शक्ति का मूल स्रोत बना हुआ है। संयुक्त परिवारों में जहाँ एक ओर बुजुर्गों का अनुभव, युवाओं की ऊर्जा और बच्चों की आशाएँ परस्पर संबल देती हैं, वहीं दूसरी ओर यही समन्वय सशक्त समाज और राष्ट्र निर्माण की सुदृढ़ नींव रखता है। संगोष्ठी में भारत विकास परिषद् के पदाधिकारियों एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रबुद्धजनों ने सहभागिता की। प्रमुख रूप स कमल सूरी अध्यक्ष भारत विकास परिषद, राजेंद्र सिंह बघेल व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर उमावि निराला नगर एवं उपाध्यक्ष भारत विकास परिषद सुरेश विश्नोई (संस्कार प्रमुख) भारत विकास परिषद, विन्ध्य प्रांत, राजेंद्र ताम्रकार भारत विकास परिषद शाखा रीवा, दलवीर द्विवेदी कोषाध्यक्ष तथा उमाशंकर पाठक प्राचार्य सरस्वती उमावि निराला नगर की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र ताम्रकार द्वारा किया गया।

1343 गांवों में घर-घर पहुंच पशुपालकों से लेंगे जानकारी

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का दूसरा चरण का शुभारंभ आज

जागरण, रीवा

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का दूसरा चरण आज यानि 17 दिसंबर से रीवा व मऊगंज जिले में प्रारंभ किया जाएगा। पशु पालन एवं डेयरी विभाग उपसंचालक डॉ.डीपी सिंह ने बताया कि हमारे ग्रामीण अर्थव्यवस्था के प्रमुख आधार पशु पालकों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान, तकनीकी जागरुकता तथा उनकी आय दोगुनी करने के उद्देश्य से सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में विभाग द्वारा सतत नवाचार किये जा रहे हैं। नवाचार की इसी श्रृंखला में पशुपालन विभाग द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में 'दुग्ध समृध्दि सम्पर्क अभियान' चलाया जा रहा है। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य दुग्ध उत्पादन में गुणात्मक सुधार लाने हेतु पशुपालकों से गृह भेंटकर उनको तीन मुख्य स्तंभों नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य पर व्यापक रूप से जागरूक किया जाएगा। यह संपूर्ण अभियान तीन चरणों में संचालित किया जाना है। जिसका दूसरा चरण 17 दिसंबर से शुरु किया जा रहा है। जिसको लेकर दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

1343 गांवों में पहुंचेगी टीम : अभियान के द्वितीस चरण में जिले के कुल 195 कार्यकर्ताओं द्वारा 1343 ग्रामों के कुल 23678 पशुपालकों जिनके पास 152428 पशु संख्या है के घर जाकर भेंट की जाएगी। वहीं मऊगंज जिले के लिए अलग लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के दूसरे चरण में 17 दिसंबर से 5 से 9 गौवंशीय तथा भैंस वंशीय पशु रखने वाले पशुपालकों के घर पहुंचकर संपर्क किया जाएगा। अभियान की अवधि न्यूनतम 7 दिवस एवं अधिकतम 15 दिवस रखी गई है।

कंट्रोल रूम शुरू : जिले भर में पशुपालन विभाग द्वारा समृद्धि सम्पर्क अभियान का दूसरा चरण 17 दिसम्बर से शुरू किया जा रहा है। अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए उप संचालक पशुपालन कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। इस संबंध में उप संचालक डॉ.डीपी सिंह ने बताया कि कंट्रोल रूम में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ मनु दीक्षित, डॉ शिरीन दुबे, एबीएफओ विनय वर्मा तथा एबीएफओ वैशाली मिश्रा को तैनात किया गया है। तैनात अधिकारी और कर्मचारी अभियान की लगातार मॉनिटरिंग करेंगे। अभियान के दौरान मैदानी कर्मचारियों और सुपरवाइजर को आने वाली कठिनाईयों का तत्परता से निराकरण करेंगे। साथ ही अभियान की दैनिक रिपोर्ट राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी को भेजेंगे।

मास्टर ट्रेनर ने दिया प्रशिक्षण

अभियान को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने प्रत्येक विकासखण्ड से एक पशु चिकित्सक को मास्टर ट्रेनर के रूप में राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, अभियान में उप संचालक, पशुपालन एवं डेयरी डॉ.डीपी सिंह के माध्यम से सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, मैत्री, गौसेवक, पशु सखी एवं अन्य का तिथिवार, ग्रामवार रूट चार्ट तैयार किया गया है।

दूसरा चरण आज से होगा शुरू

इस संबंध में संयुक्त संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.डीपी सिंह बघेल ने बताया कि यह अभियान तीन चरणों में संचालित किया जाना है। अभियान का प्रथम चरण सफलतापूर्वक 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक पूरा किया गया था। जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के 40,974 ग्रामों और रीवा तथा शहडोल संभाग के 5,915 ग्रामों में संपर्क स्थापित किया गया। अब अभियान का द्वितीय चरण संपूर्ण राज्य में दिनांक 17 दिसम्बर से प्रारम्भ किया जाना है। इस चरण में विभाग उन पशुपालकों से संपर्क करेगा जिनके पास 5 से 9 गौवंशीय तथा भैंस वंशीय पशु हैं। द्वितीय चरण के अंतर्गत प्रदेश के 49,028 ग्रामों और रीवा तथा शहडोल संभाग के 7,056 ग्रामों में संपर्क किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि प्रथम चरण में कुछ उदाहरणीय पशुपालकों को चयनित किया गया है, जिनके अनुभवों को इस चरण में अधिकतम उपयोग करते हुए अन्य पशुपालकों से साझा किया जाएगा।

लौआ लक्ष्मणपुर में एक माह से पावर कट का दंश झेल रहे ग्रामीण

जेई बोले- ऊपर करो शिकायत, रात 1 बजे से सुबह 8 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित

जागरण, रीवा। जिले के लौआ लक्ष्मणपुर विद्युत वितरण केन्द्र से संचालित ग्रामों में पिछले एक महीने से चल रही अघोषित व भारी बिजली कटौती ने ग्रामीणों और किसानों का जीना मुहाल कर दिया है। भीषण ठंड में भी विद्युत विभाग की घोर लापरवाही से लोग परेशान हैं, किन्तु अधिकारियों का रवैया अत्यंत गैर जिम्मेदाराना बना हुआ है। कटौती का सबसे बुरा असर सेमरा, खैर, कबरा, मझियार, मझगवां, गभुआनी, बगढ़ा समेह अन्य ग्रामों पर पड़ रहा है। ग्रामीणों नेबताया कि कटौती का कोई तय शैड्यूल नहीं है, जिससे दैनिक जीवन और खेती-बाड़ी दोनों बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। रात करीब 1 बजे विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित कर जाती है जो सुबह 8 बजे बहाल होती है। सुबह बिजली आने के बाद भी बिजली एक या दो घंटे ही टिकती है। ग्रामवासियों ने बताया कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण गांवों में पानी के मोटर पंप चल नहीं पा रहे हैं। ग्रामीणों ने अपनी समस्या को लेकर जब जेई आर्यन निगम से संपर्क किया तो उनका जवाब बेहद चौंकाने वाला और आपत्तिजनक रहा। जेई निगम ने ग्रामीणों की परेशानी सुनने की बजाय सीधे कह दिया कि ऊपर शिकायत कर दो। ग्रामीणों को 24 घंटे में मात्र 6-7 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। ग्रामीणोंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली आपूर्ति व्यवस्था नहीं सुधरी तो ग्रामवासी आंदोलन को बाध्य होंगे।

आईटीआई में दिया गया ई-ऑफिस का प्रशिक्षण

रीवा। संभागीय आईटीआई रीवा में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में संभाग के सभी आईटीआई के प्राचार्यों को ई-ऑफिस प्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देते हुए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल ने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली से फाइलों के मूवमेंट और कार्यवाही में समय की बचत होती है। ई मेल और मोबाइल नम्बर के आधार पर ई-ऑफिस में पंजीयन कराएं। कार्यालय में अधिकारी से लेकर अधीनस्थ अधिकारियों और कार्यालय सहायकों तक का पदक्रम बनाएं। कार्यालय प्रमुख को फाइल के क्रिएशन और मूवमेंट के लिए अधिकृत किया गया है। कार्यालय सहायक फाइल क्रिएट करके उसमें नोटशीट लिख सकते हैं। पत्र तथा अन्य जानकारियाँ पीडीएफ बनाकर इसमें अटैच करें। संभागीय अथवा जिला अधिकारी जो पदक्रम में नियत होगा उसे फाइल भेजी जा सकती है। केवल सिंगल क्लिक से फाइल संबंधित अधिकारी के पास पहुंच जाएगी।

पुण्य स्मृति - तेइसवीं पुण्यतिथि



17 दिसंबर 2025
गोविन्द प्रसाद तिवारी
जी की तेइसवीं पुण्यतिथि पर हम सब
श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं
1935-2002
- श्रद्धानवत-
शैलाभ - सौम्या, इशा- नितांत, शिखा - अखिलेश, शमी-आशीष, इना, कमल, गुलाब, शर्वाणी, शैनक, नारायणी, अतुल- चेतना, इला - रविशंकर, मनीषा - राकेश, हिमांशु - कामिनी, केतकी तिवारी
पताः मारुति भवन चिरहुला मंदिर गेट रीवा (म.प्र.) मो.: 8225858790

उत्तर मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना
खुली निविदा संख्या : JHS-RCNK-M-VBETL-25-26-43
मुख्य कारखाना प्रबंधक, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से अनुभवी और इच्छुक ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।
कार्य का नाम : SS-I शेड्यूल पर ध्यानार्थ कार्य के दायरे के अनुसार आर सी एन के, झाँसी में वन्दे भारत चेयर कार ट्रेन सेट के कंज्यूमेबल मटीरियल के साथ प्रोपल्शन सिस्टम, ट्रैक्शन मोटर्स और इलेक्ट्रिकल ट्रेन लाइटिंग (ETL) का कार्य।
कार्य की लागत : Rs. 40,65,512.28/- (18% जीएसटी सहित)
बयाना राशि/बोली सुरक्षा : Rs. 81,300/-
कार्य पूरा होने का समय : दो महीने
ऑनलाइन निविदा समापन तिथि एवं समय : 07.01.2026 समय 11:00 बजे तक
निविदा एवं निविदा प्रारूप के बारे में विस्तृत जानकारी www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है।
2424/25 (AS)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।
ई-निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इन्जी0-मुख्यालय-2025-196
कार्य का नाम : वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-एक्सटेंशन ऑफ़ आरओएच शेड इन झाँसी।
अनुमानित लागत रु : 22815344.50
अमानत राशि : 264100.00
निविदा बन्द होने की तिथि : 09/01/2026 at 15:00 hrs.
स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह
• निविदा दिनांक 09/01/2026 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे।
• पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें।
2416/25(AS)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे
ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 11/2025-26 दिनांक 12.12.2025
ई-प्रापण निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, झांसी द्वारा निम्नलिखित मद के लिए ई-प्रापण निविदा आमंत्रित की जाती हैः-
निविदा संख्या : 92257348
मात्रा : 51.00 सेट
विवरण : मेन कंप्रेसर 1750 एल.पी.एम ईच ऑनबोर्ड माउंटिंग टाइप विथ मोटर एंड माउंटिंग एक्सेसरीज़ फॉर यूजड इन लोकमोटिवस
निविदा खुलने की दिनांक : 12.01.2026
नोट : उपरोक्त ई-प्रापण निविदा का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाइट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। 2412/25 (C)
@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

महिला आजीविका औद्योगिक सहकारी संस्था मर्यादित- रीवा
Mahila Aajivika Audyogik Sahkari Sanstha Maryadit
(Ready To Eat Energy Food Plant)- Rewa 486114
पहड़िया, पोस्ट बकक्षेरा, जनपद पंचायत, शयपुर कर्चुलियान, जिला-रीवा (म0प्र0) 486114
Mail Id- thrplantrewa@gmail.com
पंजीयन क्रमांक/आर.सी.एस / नवाचार /275
जीएसटी नं.- GST-23AAOAM4263E1ZN मो. 8120673628
पत्र क्र./पो.आ.सं./रीवा/2025/814 दिनांक: 16.12.2025
निविदा आमंत्रण सूचना
मुख्य कार्यपालन अधिकारी (पोषण आहार संयत्र रीवा) के द्वारा पोषण आहार संयंत्र रीवा में उपयोग होने वाली विभिन्न प्रकार की कच्ची सामग्री एवं पैकेजिंग मटेरियल जैसे (शक्कर सोयाग्रिट, सोयाफ्लोर, चनादाल, मूंगदाल, हल्दी, नमक, मिर्च, गरम मसाला, पाम ऑयल, सोया ऑयल, होल मिल्कपाउडर, विटामिन एवं मिनरल्स प्रिमिक्स, लेमिनेटेड रोल, कोयला तथा पैकेजिंग बैग इत्यादि) के क्रय करने हेतु आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण mptender.gov.in (mp state rural livelihoods mission/mahila Ajivika audyogik sahkari sanstha maryadit Rewa) पर उपलब्ध है। निविदा खुलने की अंतिम दिनांक 31.12.2025 अपरान्ह 05:00 तक है।
अधिक जानकारी हेतु नीचे दिये गये नम्बर पर संपर्क किया जा सकता है।
मो.: 8473983067/9993340355
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
पोषण आहार संयंत्र रीवा (म.प्र.)

जिला प्रशासन नहीं चाहता कि आत्म निर्भर हो ग्राम पंचायतें

पंचायत ने इंडस कंपनी पर कर लगाने हेतु दिया नोटिस, अधिकारी सहयोग ही नहीं कर रहे

चुनरी सरपंच ने प्रभारी मंत्री को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की



जागरण, रीवा। एक तरफ पंचायतों को आत्म निर्भर बनाने के बात की जाती है, ग्राम स्वराज अधिनियम के तहत पंचायतों को टैक्स लगाने का अधिकार भी दिया गया है लेकिन पंचायतों जब अपने अधिकार का उपयोग करती हैं तो अधिकारी उनका सहयोग नहीं करते। ऐसे में पंचायतें कैसे आत्म निर्भर बनेंगी। उक्ताशय ज्ञापन पत्र प्रभारी मंत्री को सौंप कर कार्यवाही की मांग की गई है।

जनपद पंचायत त्योंथर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत चुनरी की सरपंच सुनीता सिंह ने कैबीनेट मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मप्र भोपाल को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज करवाई कि ग्राम पंचायत चुनरी में एनसीसी कंपनी द्वारा नल जल योजना का बहुत बड़ा यार्ड बनाया गया है, जहां से आसपास की कई पंचायतों में नल जल योजना का क्रियान्वयक कर रहे एनसीसी कंपनी ने हमारी ग्राम पंचायत चुनरी में अपनी कंपनी का स्टोर रूम बना रखा है। सरपंच ने बताया कि आपके द्वारा आत्मनिर्भर पंचायत के नारे से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत चुनरी द्वारा पत्र क्रमांक 51/सूचना/ग्रा.पं./2024 चुनरी 05/08/24 के जरिए व्यावसायिक कर जमा करने एनसीसी कंपनी को नोटिस दिया गया था किन्तु कंपनी द्वारा आज दिनांक तक कर जमा नहीं करवाया गया। उक्त कंपनी द्वारा व्यावसायिक कर जमा न करने की सूचना मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा को दी गई थी। इसी प्रकार ग्राम पंचायत में इंडस कंपनी द्वारा टॉवर लगाया गया है, जिसकी ग्राम पंचायत से एनओसी नहीं ली गई इस संबंध में इंडस कंपनी को भी नोटिस दिया गया था। नोटिस दिए जाने के बाद भी आज तक इंडस कंपनी ने टैक्स जमा नहीं करवाया। जनपद पंचायत त्योंथर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा संदर्भित पत्र के माध्यम से ग्राम पंचायत चुनरी क्षरा एनसीसी कंपनी को जारी नोटिस कोवैध बताया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के सहयोग के बगैर ग्राम पंचायतें किस प्रकार आत्मनिर्भर बन पाएंगी? चुनरी ग्राम पंचायत सरपंच सुनीता सिंह ने कैबीनेट मंत्री से आग्रह किया कि एनसीसी कंपनी व इंडस टॉवर द्वारा किए जा रहे व्यवसाय पर व्यावसायिक कर दिलाए जाने की कृपा करें।

कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

कार्यालय दूरभाष नं.-07662-241655 ई मेल-deanmcrewa@rediffmail.com
वेबसाईट-www.ssmcrewa.ac.in
क्रमांक 32672/स्था/राज/एम्सी/विज्ञप्त/2025 रीवा, दिनांक 15/12/25

//विज्ञप्ति//

मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय, भोपाल के ज्ञाप क्रमांक एफ 2-53/2017/1/55, भोपाल, दिनांक 12.01.2018 द्वारा जारी ''मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय शैक्षणिक आदर्श सेवा नियम, 2018'' तथा म.प्र. शासन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय, भोपाल के आदेश क्रमांक 1105-एफ 2-45/2010/1/55, भोपाल, दिनांक 24.07.2024 में किए गए प्रावधानों अंतर्गत श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा के अधीन निम्नानुसार सहायक प्राध्यापक के सीधी भर्ती (बैकलॉग सहित) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवारों से निर्धारित प्रपत्र (संलग्न) में भरकर दिनांक 08.01.2026, सायं 05:00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है:-

क्र.	विषय	कुल रिक्त पद	रोस्टर अनुसार वर्गीकरण				
			अनारक्षित	अपिव	अजजा	अजा	ई. डब्ल्यू. एस.
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	एनेस्थेसिया	01	00	00	01	00	00
2.	एनाटॉमी	01	01	00	00	00	00
3.	कम्युनिटी मेडिसिन	01	00	00	01(BL)	00	00
4.	जनरल मेडिसिन	01	00	00	01	00	00
5.	फार्माकोलॉजी	01	00	00	01(BL)	00	00
6.	फिजियोलॉजी	01	00	00	01(BL)	00	00
7.	मेडिकल ऑन्कोलॉजी	01	01	00	00	00	00
8.	प्रसूति एवं स्त्री रोग	02	01	00	01(BL)	00	00
	कुल योग	09	03	00	06	00	00

BL=Backlog

टीप:-
1. पदों की संख्या घटाई/बढ़ाई जा सकती है। कृपया गैर-चिकित्सा स्नातक/स्नातकोत्तर आवेदन न करें।
2. विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र का प्रकार चिकित्सा महाविद्यालय रीवा की वेब साइट www.ssmercwa.ac.in पर उपलब्ध है।
3. साक्षात्कार की तिथि पृथक से प्रकाशित की जावेगी।
4. आवेदन शुल्क:-अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु रू. 1000/- एवं आरक्षित श्रेणी (अभिव, अजजा, अजा एवं ई.डब्ल्यू.एस.) के अभ्यर्थियों हेतु रू. 750 का ड्राफ्ट मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता, श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.) (CEO & Dean S.S. Medical College, Rewa (M.P.) के नाम से देय होगा (आवेदन के साथ ड्राफ्ट की मूल प्रति संलग्न करें)

(कार्यकारिणी समिति, चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा द्वारा अनुमोदित)

(डॉ. सुनील अग्रवाल)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

G-22813/25

कार्यालय जिला पंचायत रीवा
जिला- रीवा (म.प्र.)
क्र./4736/स्टोर/निविदा/कार्या. व्यवस्था/जि.पं./2025 रीवा, दि. 17.11.25
निविदा आमंत्रण सूचना
मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग द्वारा जारी बुक के अध्याय क्रमांक 50 के बिन्दु कमांक 08 की कण्डिका क्रमांक 1 से 11 तक में निहित प्रावधानानुसार मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल के आदेश क्रमांक 560/एनआर-4, वित्त एवं लेखा 2017, भोपाल दिनांक 10.08.2017 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार जिला पंचायत रीवा में स्टेशनरी/कम्प्यूटर क्रय, शासकीय कार्यक्रमों के आयोजन में फ्लैक्स, टेन्ट एवं मीटिंग हेतु स्वल्पाहार एवं भोजन की व्यवस्था हेतु इच्छुक फर्मे निविदा प्रकाशन दिनांक से 21 दिवस के भीतर (अवकाश अवधि सहित) कार्यालयीन दिवस/समय पर जिला पंचायत कार्यालय के लेखा शाखा में निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु निर्धारित राशि रु. 2000/- (दो हजार मात्र) जमा कर निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक नियम शर्ते प्राप्त कर सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/123532/2025 मुख्य कार्यपालन अधिकारी

धान बेचने आए किसान हो रहे परेशान, समय पर नहीं तौल रहे

जो आर्थिक सेवा कर रहे उनकी धान पहले तौली जा रही, किसानों ने लगाया आरोप

जागरण, रीवा। करहिया मण्डी में धान उपार्जन केन्द्र में धान विक्रय करने वाले किसान परेशान हो रहे हैं, किसानों ने आरोप लगाया कि जो यहां धान की तौलाई करवाने वाले हैं उनके द्वारा पहले धान लेकर किसानों की धान की तौलाई नहीं करवाई जा रही, किसानों को धान तौलवाने के लिए दो-दो दिन तक इंतजार करना पड़ता है, जबकि जो किसान धान तौलाई करने वाले जिम्मेदारों की आर्थिक सेवा कर रहे हैं उनकी धान पहले तौली जा रही है। किसानों ने आरोप लगाया कि कुछेक किसानों से दो-दो हजार रुपए की राशि लेकर यहां धान तौलने में भी धांधली की जा रही है, जिन किसानों के पास देने के लिए राशि नहीं वे अपनी धान ट्रॉली में भरे बैठे इंतजार कर रहे हैं, किसानों को यहां सुविधा के नाम पर कुछ नहीं मिल रहा, रात को कड़कड़ाती ठंड में ठिठुरते रहते हैं, अलाव जलाने तक का साधन नहीं, मण्डी परिसर में उड़ रही प्लास्टिक पन्नियां व कचरा जलाकर ठंड से राहत पाने का प्रयास करना पड़ रहा है। पीने का पानी लेने मण्डी के गेट पर जाना पड़ता है, किसानों को अपनी व्यवस्था अपने स्तर पर करना पड़ रही है।

आम सूचना
यह कि आप राकेश विश्वकर्मा निवासी गहिरा नाला बाजाज एजेन्सी के बगल में (राकेश बस सर्विस) पुलिस थाना - कोलगवॉ जिला सतना (म.प्र.) द्वारा मेरे पक्षकार महेन्द्र यादव पिता रामनाथ यादव निवासी ग्राम भीटी थाना व तहसील गुढ,जिला रीवा (म.प्र.) को स्वयं के खाते का चेक क्र. 353198 आई.डी.बी. आई बैंक, सतना (म.प्र.) का कुल राशि 1,50,000/- रू. का प्रदान दिनांक 17.10.2025 को किया गया था। आपके द्वारा दिया गया चेक हस्ताक्षर मिलान न होने के कारण दिनांक 15/11/2025 को चेक अनादरित हो गया है जो परक्राम्य लिखित अधि. के तहत अपराध की श्रेणी में आता है।
अतः इस सूचना के माध्यम से आपको यह अवगत कराया जा रहा है कि आपने जो मेरे पक्षकार से व्यवसायिक दृष्टिकोण से उधार के रूप में 1,50,000/- लिया था व अदा कर देवे अन्यथा मेरा पक्षकार आपके विरूद्ध सक्षम फोरम में योग्य कानूनी कार्यवाही करेगा।
दिनांक :16/12/2025
स्थान: रीवा
भवदीय
महेन्द्र यादव पिता रामनाथ यादव
नि. ग्राम भीटी थाना व तह. गुढ़
जिला रीवा (म.प्र.)
द्वारा
अधि. अजीत सिंह
RN-.83107

सूचना
जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

लोन
लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म0प्र0)
क्र. 588 /विशेष विवाह/2025
रीवा, दिनांक : 10/11/2025
इश्तहार
आवेदक उमेश कुमार मांझी पिता श्री रामकृष्ण मांझी उम्र 38 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 13 करहिया तहसील हुजूर थाना चोरहटा जिला रीवा म.प्र. एवं आवेदिका वंदना केवट पिता श्री राम बृहस्पति केवट उम्र 34 वर्ष निवासी 327 कृपालपुर गली न. 1 तहसील रघुराज नगर थाना कोलगवां जिला सतना म.प्र. के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं 100/-रू. चालान प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है।
अतः उक्त विवाह अनुष्ठान के सम्बंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
पेशी दिनांक: 19.07.2026
विवाह अधिकारी
जिला रीवा (म.प्र.)
RN- 82959

कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)

N.I.T क्र 30 (E.T)/ निर्माण/ न.पा.नि/2025-26 सतना दिनांक 12.12.2025

//निविदा आमंत्रण सूचना//

नगर पालिक निगम सतना द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	निविदा क्र व जारी दिनांक	टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	वार्ड क्र	अनुमानित लागत	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य की समयावधि
1	30/01 12.12.2025	2025_UAD_468175_1	बाउण्ड्रीवाल एवं पेटिंग कार्य सामुदायिक भवन में (द्वितीय काल)	42	25,39,035/-	50,000/-	5000/-	05 माह
2	30/02 12.12.2025	2025_UAD_468176_1	सी.सी. रोड निर्माण लल्लू पयासी के घर से गोलू गुप्ता के घर तक (द्वितीय काल)	32	10,07,019/-	20,200/-	2000/-	03 माह
3	30/03 12.12.2025	2023_UAD_468178_1	सामुदायिक शौचालय निर्माण रिस्क एण्ड कास्ट (द्वितीय काल)	29	3,19,057/-	6,400/-	2000/-	04 माह

शर्ते :- 1. निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 13.12.2025 समय 15:30 से दिनांक 29.12.2025 समय 17:30 बजे तक आनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा। 2. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाइन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम सतना म.प्र.

MADHYA PRADESH BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION
(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16-A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (MP)-462011
Ph. : 0755-4853297, 0755-4853295, E-mail : einc-mpbdc@mp.gov.in, dgmhqmpbdc@gmail.com
NIT No.: 9225/GM/MPBDC/CW/25/NIT-74 Bhopal, Dated :16.12.2025
NOTICE INVITING TENDER
Madhya Pradesh Building Development Corporation Limited (MPBDC) Bhopal invites online tenders for the following works :-
1. Construction of Maharshi Panini Sanskrit Evam Vedic Vishwavidyalaya Dist. Ujjain (M.P.) PAC :- Rs. 5291.61 Lakhs
2. (i) Construction work of Auditorium (Waterproof Dome) in the residential complex at Chief Ministers residence, Shyamala Hills, Bhopal (M.P.), (ii) Construction of Guest House at First Floor Samatav in CM House campus Bhopal M.P. Total PAC :- Rs. 3635.34 Lakhs
3. Construction of Kanya Shiksha Parisar, Thikri, District - Barwani, M.P. PAC :- Rs. 3172.4 Lakhs
4. Construction of Kanya Shiksha Parisar at Dist. Bhopal M.P. PAC :- Rs. 3172.2 Lakhs
5. Construction of Kanya Shiksha Parisar, Badnawar, District - Dhar, M.P. PAC :- Rs. 3170.68 Lakhs
6. Construction of Kanya Shiksha Parisar at Nalchha Dist. Dhar (M.P.) PAC :- Rs. 3170.15 Lakhs
7. Construction of Kanya Shiksha Parisar at Nisarpur Dist. Dhar M.P. PAC :- Rs. 3169.93 Lakhs
8. Construction of Auditorium and MBA Block at Institute for Excellence in Higher Education (IEHE) Dist. Bhopal M.P. PAC :- Rs. 2876.99 Lakhs
9. Construction of Stadium at Govt. College Deotalab Dist. Mauganj M.P. PAC:- Rs.1312.39 Lakhs
10. Construction of Government College Rajodha Dist. Morena M.P. (3rd call) PAC :- Rs.1131.96 Lakhs
11. Construction of 50 bedded Boys and 50 bedded Girls Hostel at Sandeepani School Jaisinghnagar Dist. Shahdol M.P. PAC :- Rs. 367.72 Lakhs
12. Construction of Outdoor stadium at Bareli Dist. Raisen M.P. PAC :- Rs. 237.83 Lakhs
13. Construction of approch road to CM Rise School Pati, Barwani (M.P.) PAC :- Rs.191.88 Lakhs
14. Construction of 50 Bedded Girls Hostel at Sandeepani School Burhar Dist. Shahdol M.P. PAC :- Rs.183.71 Lakhs
15. Construction of approach road to CM Rise School Tirla, Dhar (M.P.) PAC :- Rs. 95.87 Lakhs
Detailed NIT and tender documents can be viewed, downloaded and purchased online for from 19.12.2025 at 18:00 hrs. to 12.01.2026 at 15:30 hrs. from website www.mptenders.gov.in. PAC can vary at the time of uploading of tender document. Any amendment/corrigendum 'if any' will be published on website only, will not be published on newspapers.
M.P. Madhyam/123530/2025 MANAGING DIRECTOR

अटल जयंती पर ग्वालियर में ग्रोथ मीट, एक लाख करोड़ के निवेश की तैयारी

25 को केंद्रीय गृह मंत्री शाह की मौजूदगी में लॉन्च होगी नई निर्यात संवर्धन नीति

मुख्य संवाददाता, भोपाल। देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश सरकार निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एमपी ग्रोथ समिट का आयोजन करने जा रही है।

आगामी 25 दिसंबर को ग्वालियर के मेला ग्राउंड में इस दौरान प्रदेश की महत्वाकांक्षी नवीन निर्यात संवर्धन नीति 2025 को लॉन्च किया जाएगा। इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मौजूद रहेंगे। सुबह 11 बजे से आयोजित होने वाली इस समिट के लिए

देश-विदेश के प्रमुख निवेशकों को न्योता भेजा गया है। समिट के जरिए ग्वालियर चंबल अंचल को प्रदेश का एक्सपोर्ट हब बनाने की भी तैयारी है। 1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश की उम्मीद मध्य प्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन एमपीआईडीसी) द्वारा आयोजित इस समिट का फोकस ग्वालियर और चंबल अंचल पर है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस दौरान अंचल के लिए एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में रोजगार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए बुलाई समिट निवेशकों को इस दौरान कई नई सहूलियतें देने की भी घोषमा करेंगे ताकि निवेश बढ़ाने के साथ ही रोजगार के नए अवसर भी पैदा हों। इस दौरान ग्वालियर-चंबल अंचल में निवेश के लिए नए एक्सपोर्ट ओरिएंटेड पार्क और क्लस्टर तैयार करने और वहां बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने की भी घोषणा होगी।

एक्सपोर्टर्स के लिए नई नीति में मिलेंगे ये तोहफे

पहली बार निर्यात प्रोत्साहन
रजिस्ट्रेशन कम मेंबरशिप सर्टिफिकेट (आरसीएमसी) पाने वाले निवेशकों को पहली बार एक्सपोर्ट करने पर 10 लाख तक और सीलिंग पंजीकरण पर 25 लाख तक की आर्थिक मदद मिलेगी।

एक्सपोर्ट यूनिट्स को सपोर्ट
एक्सपोर्ट ओरिएंटेड यूनिट्स को पहली बार एक्सपोर्ट पर आने वाले खर्च का 25प्रतिशत या अधिकतम 1 करोड़ तक दिया जाएगा।

टर्नओवर आधारित प्रोत्साहन
निर्यात के लिए ट्रांसपोर्टेशन फ्री ऑन बोर्ड वैल्यू पर 1प्रतिशत यानी अधिकतम 2 करोड़ तक की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

ग्रीन बैनिफिट भी
ग्रीन सर्टिफिकेशन और इंटरनेशनल मानकों का पालन करने पर फर्म को 20 लाख प्रति वर्ष (5 वर्ष तक) मिलेगा। निर्यात संबंधी क्रेडिट फेसिलिटीज पर 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान भी दिया जाएगा।

सेवा क्षेत्र को बढ़ावा
इंजीनियरिंग, आईटी, कन्सल्टेंसी और फिल्म्स जैसी हाई ग्रोस वैल्यू सर्विस को भी 70 लाख से 3.5 करोड़ की आर्थिक सहायता मिलेगी।

मार्केटिंग और ट्रेड शो सहायता
मेले और ट्रेड शो पर होने वाले खर्च के लिए अधिकतम 25 लाख तक की सहायता राज्य सरकार प्रदान करेगी।

श्रमवीरों की मेहनत से बनती है विकास की मजबूत नींव: सीएम

संबल योजना के तहत श्रमिकों के खातों में अंतरित की राशि

विशेष संवाददाता, भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि श्रमवीरों की मेहनत से ही विकास की मजबूत नींव रखी जाती है। उनके कल्याण के लिए राज्य सरकार ने 'श्रमणा' पहल शुरू की है और नए श्रम कानूनों को प्राथमिकता से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर उस जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है, जो इसके वास्तविक हकदार हैं।

मुख्यमंत्री मंगलवार को मंत्रालय में मुख्यमंत्री जनकल्याण (सम्बल 2.0) योजना के तहत सहायता राशि वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों के लिए 5 लाख रुपये तक आयुष्मान बीमा को इस योजना में जोड़ा है। गर्भवती बहनों को काम पर न जाना पड़े, इसके लिए 16,000 रुपये की आर्थिक राशि देने की भी योजना है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीब, लाचार, श्रमिक, निराश्रित और जरूरतमंद नागरिकों को स्नेह, अपनत्व, स्वावलंबन और आर्थिक सहायता का संबल देती रहेगी। प्रदेश की जनता के सुख-दुख में सरकार हमेशा साथ खड़ी है। डॉ. यादव ने कहा कि समय के साथ श्रम के स्वरूप भी बदले हैं। हमारी सरकार ने गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को असंगठित श्रमिक का दर्जा दिया है। एक मार्च 2024 से इन्हें भी संबल योजना के दायरे में शामिल किया गया है। अब तक 1400 से अधिक गिग वर्कर्स पंजीकृत किए गए हैं। डॉ. यादव ने कहा कि अब पत्थर तोड़ने वाले, ईंट बनाने वाले, पापड़ अचार बनाने वाले, खाना बनाने वाले, घरों में काम करने वाले मजदूर या तेंदूपत्ता बीनने वाले सभी श्रमिक और उनके परिवार इस योजना से जुड़कर आर्थिक मदद पा रहे हैं। साथ ही प्रदेश की कुशल श्रम शक्ति को सहकारिता के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए हमने श्रमणा जैसी योजनाएं भी शुरू की हैं, जिससे श्रमिक वर्ग आत्मनिर्भर बन सकें। इस मौके पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अमरकंटक से वर्चुअल शामिल होकर कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में आज संबल योजना के अंतर्गत 7वीं बार हितग्राही परिवारों को राशि अंतरित की जा रही है। संबल योजना के अंतर्गत अब तक 1.83 करोड़ से अधिक श्रमिकों ने पंजीयन कराया है, जबकि संबल 2.0 में 43 लाख लोगों ने पंजीयन किया है।

श्रमिकों के खातों में भेजे 160 करोड़
इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के 55 जिलों के 7227 सम्बल हितग्राहियों के बैंक खाते में 160 करोड़ रुपए की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। उन्होंने बताया कि योजना के प्रारंभ वर्ष 2018 से लेकर अब तक 7.76 लाख प्रकरणों में 7383 करोड़ रुपए की सहायता राशि जरूरतमंद हितग्राहियों को दी जा चुकी है।

दृष्टि बाधित महिला क्रिकेटर को दिए जाएंगे 25-25 लाख रुपए

कैबिनेट से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने मंत्रिमण्डल के सदस्यों से अनौपचारिक चर्चा की। उन्होंने बताया कि विमेन टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 (ब्लाइंड) का फाइनल मैच जीतने वाली भारतीय टीम में शामिल मध्यप्रदेश की तीन दृष्टि बाधित महिला क्रिकेट खिलाड़ियों सुनीता सराठे, सुषमा पटेल और दुर्गा येवले को 25-25 लाख रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जा रही है। प्रत्येक खिलाड़ी के लिए 10-10 लाख रुपए नगद और 15-15 लाख रुपए की एफडी की व्यवस्था है। टीम के तीनों कोच सोनू गोलकर, ओमप्रकाश पाल और दीपक पहाड़े को एक-एक लाख रुपये प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुना जिले के म्याना रेलवे स्टेशन को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा सम्मानित करना प्रदेश के लिए गर्व की बात है। स्टेशन का बेस्ट परफॉर्मिंग यूनिट के रूप में सम्मानित होना, प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। इसी तरह राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने बैतूल जिले के शिल्पकार बलदेव वाघमारे को राष्ट्रीय शिल्प पुरस्कार से सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि इंदौर में एम.वाय. हॉस्पिटल का नवनिर्माण किया जाएगा। जिससे पुरानी बिल्डिंग की कठिनाईयों से मुक्ति मिलेगी। डॉ. यादव ने कहा कि राजधानी भोपाल को प्रदेश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक समृद्धता से जोड़ने के संकल्प के अंतर्गत राजधानी भोपाल के प्रमुख मार्गों पर महापुरुषों को समर्पित द्वार बनाने का निर्णय लिया गया था। यह द्वार, विरासत से विकास के संकल्प की सिद्धी की दिशा में प्रभावी कदम सिद्ध होंगे।

विधानसभा सत्र के दौरान भोपाल में धारा 163 लागू

5 किलोमीटर के दायरे में लगा प्रतिबंध

मुख्य संवाददाता, भोपाल। मध्यप्रदेश की 16वीं विधानसभा के एक दिनी विशेष सत्र को लेकर राजधानी में मंगलवार से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। बुधवार को आयोजित होने वाले इस सत्र के लिए पुलिस आयुक्त भोपाल हरिनारायणचारी मिश्र ने बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह आदेश बुधवार सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक प्रभावी रहेगा। आदेश के मुताबिक विधानसभा के नजदीक और गुजरने वाले मेन रोड पर पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान जुलूस, धरना-प्रदर्शन, रैली, आम सभा, पुतला दहन और आंदोलन की अनुमति भी नहीं होगी। निषेधाज्ञा के दौरान शस्त्र, लाठी, डंडा, भाला, पत्थर, चाकू, धारदार हथियार या बंदूक लेकर चलने पर प्रतिबंध के अलावा परिसर के 5 किलोमीटर के दायरे में ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली, डंपर जैसे भारी वाहनों तथा यातायात बाधित करने वाले तांगा, बैलगाड़ी आदि के आवागमन पर भी रोक रहेगी।

इन इलाको के लिए जारी हुआ प्रतिबंधात्मक आदेश
आदेश के अनुसार लिली टॉकीज से 7 बटालियन मार्ग, रोशनपुरा, बाणगंगा चौराहा, राजभवन-ओल्ड विधानसभा मार्ग, जिंसी-शब्बन-पुरानी जेल मार्ग, स्लॉटर हाउस रोड, बोर्ड ऑफिस चौराहा, ठंडी सड़क, 74 बंगला, रोशनपुरा, पॉलिटेक्निक रोड, दूरदर्शन रोड, भारत भवन रोड से मुख्यमंत्री निवास तक, नवीन विधानसभा, राजभवन, मुख्यमंत्री निवास, पत्रकार भवन, विधायक विश्राम गृह, सतपुड़ा, विंध्याचल, वल्लभ तक के इलाके में निषेधाज्ञा जारी रहेगी। इस दौरान स्कूल-कॉलेजों, होटलों, दुकानों, उद्योगों और निजी अथवा सार्वजनिक सेवाओं में व्यवधान पैदा करने वाली गतिविधि पर भी रोक रहेगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बीएनएस की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात शासकीय कर्मचारियों-अधिकारियों, पुलिस स्टाफ, विवाह समारोह, बारात और शवयात्रा पर लागू नहीं होगा।

संक्षिप्त खबरें

अंतरराष्ट्रीय वन मेले का आज सीएम करेंगे शुभारंभ

विसं भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लाल परेड ग्राउण्ड, भोपाल में बुधवार 17 दिसम्बर को शाम 5 बजे अंतर्राष्ट्रीय वन मेले का शुभारंभ करेंगे। उनके द्वारा लघु वनोपज हमारी शान गान का विमोचन एवं एम.एफ.पी.-पार्क के लोगो के अनावरण के साथ ही एम.एफ.पी.-पार्क द्वारा निर्मित वेलनेस किट का विमोचन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, अपर मुख्य सचिव एवं प्रशासक मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज अशोक बर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही.एन. अम्बाडे और प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज डॉ. समीता राजौरा उपस्थित रहेंगे।

सरकार ने बनाया राज्य स्तरीय जांच दल

विसं भोपाल। आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तरुण राठी ने सतना जिला चिकित्सालय में थैलेसीमिया से पीड़ित चार बच्चों में एचआईवी संक्रमण पाए जाने के संबंध में तत्काल और पारदर्शी जांच के लिए राज्य स्तरीय जांच दल का गठन किया है। जांच दल के अध्यक्ष डॉ. सत्या अवधिया, क्षेत्रीय संचालक, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, रीवा संभाग, सचिव डॉ. रूबी खान, उप संचालक, एस.बी.टी.सी./ ब्लड सेल, संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सहित जांच दल में ब्लड ट्रांसफ्यूजन विशेषज्ञ डॉ. रोमेश जैन, एम्स भोपाल, डॉ. सीमा नवेद, सीनियर ब्लड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन एवं ब्लड सेंटर अधिकारी, भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र (बीएमएचआरसी), भोपाल, संजीव जादोन, वरिष्ठ औषधि निरीक्षक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, होशंगाबाद, और प्रियंका चौबे, औषधि निरीक्षक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, भोपाल शामिल हैं। जांच दल 7 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

शासकीय कॉलेजों में छात्रों की बनेगी आभा आईडी

विसं भोपाल। प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। अब आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत प्रदेश के सभी शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की (आभा आईडी) बनाई जाएगी। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग, ने सभी शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। प्रत्येक शासकीय महाविद्यालय में आभा आईडी निर्माण के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। साथ ही अंतिम वर्ष में अध्ययनरत दो विद्यार्थियों को एबीडीएण चैम्पियन के रूप में नामांकित किया जाएगा, जो इस अभियान के सफल क्रियान्वयन में सहयोग करेंगे।

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का शुभारंभ

विसं भोपाल। प्रदेश में पशुपालकों, किसानों की आय बढ़ाने व दुग्ध उत्पादन वृद्धि के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान चलाया जा रहा है, जिसके द्वितीय चरण का शुभारंभ 17 दिसंबर, से होगा। द्वितीय चरण में प्रदेश के सभी गांवों में दुधारू पशु रखने वाले पशुपालकों से सीधे संपर्क कर संवाद किया जाएगा। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक विकासखंड से एक पशु चिकित्सक को मास्टर ट्रेनर के रूप में राज्य स्तर पर प्रशिक्षित किया गया है। प्रथम चरण में 3 लाख 76 हजार पशुपालकों के घर विभागीय अधिकारी पहुंचे थे और उन्हें अभियान से संबंधित सूचनाओं व सुविधाओं लाभान्वित किया था।

विशेष सत्र में सरकार से 22 साल का हिसाब मांगेगी कांग्रेस

विधायक दल की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

विशेष संवाददाता, भोपाल। विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को विधायक दल की बैठक बुलाई। जिसमें सत्र को लेकर रणनीति पर चर्चा हुई। जानकारों की माने तो बैठक में तय किया गया कि कांग्रेस एक दिवसीय सत्र में भाजपा सरकार से उनके 22 साल के कार्यकाल का हिसाब मांगेगी।

नेता प्रतिपक्ष के आवास में हुई बैठक में विधायकदल ने नेता प्रतिपक्ष सिंघार और उपनेता कटारे के 2 साल पूर्ण करने पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। बैठक में प्रदेश की आर्थिक स्थिति, किसानों, युवाओं, महिलाओं, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों एवं कमजोर वर्गों से जुड़े मुद्दों के साथ-साथ विकास की वास्तविक चुनौतियों पर चर्चा की गयी। साथ ही सरकार की नीतियों की समीक्षा करते हुए कांग्रेस विधायक दल द्वारा विशेष सत्र में उठाए जाने वाले मुद्दों को अंतिम रूप दिया गया। विधायकों ने कहा कि प्रदेश के मौजूदा हालात खराब हैं और सरकार भविष्य की बात कर सिर्फ जनता को बरगलाने की कोशिश कर रही है। उमंग सिंघार ने कहा कि एक दिवसीय विशेष सत्र केवल औपचारिकता न बने, बल्कि इसमें किसानों की आय, युवाओं के रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा, आदिवासी-दलित समाज के अधिकार और प्रदेश की बदहाल आर्थिक स्थिति पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हम सत्र की अवधि बढ़ाने की बात करते हैं, तो सरकार सुनती नहीं जबकि एक दिन का सत्र बुलाकर सिर्फ अपनी ब्रांडिंग करना चाहती है। हम सभी विधायक एकजुट होकर भाजपा सरकार से 22 साल का हिसाब मांगेंगे।इस मौके पर विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे का उनके कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने पर अभिनंदन किया।

एसआईआर में संलग्न अधिकारी नहीं जाएंगे प्रशिक्षण में

विशेष संवाददाता, भोपाल। राज्य सरकार ने नीतिगत निर्णय लिया है कि मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) में संलग्न किसी भी भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी को मिड कैरियर ट्रेनिंग फेस 3 के लिए नामांकित नहीं किया जाएगा। दरअसल कांग्रेस ने सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी पत्र दिनांक 2.12.2025 के आधार पर भारत निर्वाचन आयोग से शिकायत की है कि प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्य चल रहा है. लेकिन राज्य सरकार द्वारा 24 जिलों के कलेक्टर को प्रशिक्षण के लिये भेजा जा रहा है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन अकादमी द्वारा आवंटन वर्ष 2010 से 2018 तक के अधिकारियों को मिड कैरियर ट्रेनिंग फेस 3 हेतु नामित किए जाने संबंधी पत्र प्रेषित किया था, जिसकी प्रति सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही हेतु समस्त 127 अर्ह अधिकारियों को प्रेषित की गई थी। लेकिन विभाग द्वारा जारी पत्र का आशय यह बिल्कुल ही नहीं है कि सूची में शामिल हर अधिकारी को प्रशिक्षण के लिये नामांकित कर दिया है। विभाग ने साफ किया कि अर्ह अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन नामांकन किए जाने उपरांत नामांकित अधिकारियों में से प्राथमिकता के आधार पर अफसरों को राज्य शासन द्वारा ट्रेनिंग में सम्मिलित होने अनुमति दी जाती है।

स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बेहतर प्रयास हुए: शुक्ल

विशेष संवाददाता, भोपाल। उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश में पिछले दो वर्षों में राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कई बड़े प्रयास किए गए है। सरकार प्रदेश के अस्पतालों में गंभीर से गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए जहां आधुनिक मशीनों के स्थापित किया गया है,तो वहीं मरीजों को उपचार हेतु कई तरह की सुविधाएं प्रदान की जा रही है। हेल्थ एवं मेडिकल शिक्षा विभाग संभाल रहे डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल अपने विभाग के राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के साथ जनसंपर्क संचालनालय में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाए और इसी उद्देश्य के अनुरूप योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। इंदौर, जबलपुर, रीवा और ग्वालियर में अत्याधुनिक लिनियर एक्स-रेटर मशीनें स्थापित की गई हैं, जिससे कैंसर उपचार की सुविधाएं प्रदेश स्तर पर सुलभ हुई हैं। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा और सागर में सीटी स्कैन एवं एमआरआई मशीनों को स्वीकृति दी गई है, जबकि ग्वालियर, रतलाम और विदिशा में एमआरआई एवं सीटी सुविधाओं का विस्तार किया गया है। शुक्ल ने कहा कि भोपाल एवं रीवा में कार्डियक कैथ लैब स्थापित की गई हैं तथा भोपाल, इंदौर, रीवा और सागर में ब्रेकी-थेरेपी मशीनों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इंदौर और जबलपुर में बोन मैरो ट्रांसप्लांट सेवाएं प्रारंभ हो चुकी हैं और जबलपुर मेडिकल कॉलेज में ऑर्गन एवं हार्ट हार्वेस्टिंग के माध्यम से सात लाभार्थियों को जीवनदान मिला है। इंदौर मेडिकल कॉलेज में ब्लड कैंसर उपचार के लिए अत्याधुनिक सीएआर - टी सेल थेरेपी प्रारंभ की गई है, जो प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। शासकीय मेडिकल कॉलेजों की संख्या 14 से बढ़कर 19 हो चुकी है तथा निजी मेडिकल कॉलेज 12 से बढ़कर 14 हो गए हैं। ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज, इंदौर में 50 एमबीबीएस सीटों के साथ शैक्षणिक गतिविधियां आरंभ हो चुकी हैं। शासकीय एमबीबीएस सीटों की संख्या 2275 से बढ़कर 2850 हो गई है तथा शासकीय एवं निजी क्षेत्र को मिलाकर कुल एमबीबीएस सीटें 5550 तक पहुंच चुकी हैं। पीजी (एमडी/एमएस) सीटों की संख्या 1262 से बढ़कर 1468 हुई है और कुल पीजी सीटें 2862 हो गई हैं। इसके साथ ही 93 सुपर स्पेशियलिटी सीटों की उपलब्धता से प्रदेश में उन्नत चिकित्सा शिक्षा और विशेषज्ञ सेवाओं को नया आयाम मिला है। वर्ष 2018-20 की तुलना में मातृ मृत्यु दर 173 से घटकर 142 तथा शिशु मृत्यु दर 41 से घटकर 37 हो गई है। अनमोल 2.0 के माध्यम से उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की पहचान, रेफरल और प्रबंधन को सुदृढ़ किया गया है। वर्ष 2028 तक निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों का संचालन, नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, एमबीबीएस एवं पीजी सीटों में वृद्धि, विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती, एमआरआई एवं कैथ लैब सुविधाओं का विस्तार, प्रमुख राजमार्गों पर ट्रॉमा सेंटरों का विकास तथा टेलीमेडिसिन सेवाओं का व्यापक विस्तार करना है।

फैसला अंतरिम आदेश जारी, अगली सुनवाई 30 जनवरी को

राजेश शर्मा के मामले में हाईकोर्ट के फैसले पर सुको की रोक

मुख्य संवाददाता, भोपाल। त्रिशूल कंस्ट्रक्शन एवं ट्राइडेंट वेचर्स के संचालक और भोपाल के किसान के साथ करोड़ों की धोखाधड़ी के आरोपी राजेश शर्मा को सुप्रीम कोर्ट ने झटका दे दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में अंतरिम आदेश देते हुए हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें शर्मा के खिलाफ ईओडब्ल्यू द्वारा दर्ज एफआईआर को निरस्त कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की युगलपीठ ने इस मामले में सभी पक्षों को नोटिस जारी करते हुए आगामी सुनवाई से पहले अपने जवाब और हलफनामे कोर्ट में पेश करने को कहा है। इस केस की अगली सुनवाई 30 जनवरी को रखी गई है।

हाईकोर्ट ने एफआईआर को किया था निरस्त

अपने अंतरिम आदेश में सुप्रीम कोर्ट की युगलपीठ ने एमपी हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की अदालत द्वारा दिए गए फैसले पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने इस मामले में राजेश शर्मा और उसके दो साथियों राजेश तिवारी एवं दीपक तुलसानी के खिलाफ दर्ज धोखाधड़ी, कूटरचना, आपराधिक षड्यंत्र के आरोप में दर्ज एफआईआर को निरस्त कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम आदेश में ये भी कहा है कि अगली सुनवाई आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई न की जाए।

इस तरह किया था फर्जीवाड़ा

राजेश शर्मा ने अपनी फर्म ट्राइडेंट मल्टीवेंचर्स के दो कर्मचारियों राजेश तिवारी और दीपक तुलसानी की मदद से इस फर्जीवाड़े को अंजाम दिया था। उन्होंने रातीबड़ के किसान चिंता सिंह मारण की महुआखेड़ा स्थित 12.46 एकड़ कृषि भूमि खरीदने का सौदा कर उसका आईसीआईसीआई बैंक की नेहरू नगर शाखा में खाता खुलवाया, लेकिन इसमें मोबाइल नंबर और मेल आईडी राजेश तिवारी का भर दिया। 12 जून 2023 को राजेश शर्मा ने रजिस्ट्रार के सामने आवेदन पेश कर जमीन का बेचनामा तैयार कर ट्राइडेंट मल्टीवेंचर्स के नाम पर 2 करोड़ 86 लाख 16 हजार रुपए में रजिस्ट्री कराई, लेकिन किसान को केवल 81 लाख 13 हजार 840 रुपए ही दिए। राजेश ने शेष रकम में 66 लाख के चेक स्टॉप पेमेंट कर वापस ले लिए, जबकि 1 करोड़ 36 लाख रुपए किसान के खाते से अपने सहयोगी राजेश तिवारी के खातों में ऑनलाइन, वॉलेट और अन्य तरीकों से ट्रांसफर कर दिए। इस सौदे में किसान को केवल 81 लाख रुपए मिले जबकि 2 करोड़ 2 लाख रुपए राजेश शर्मा ने धोखाधड़ी कर हड़प लिए। जांच के बाद ईओडब्ल्यू ने राजेश शर्मा, दीपक तुलसानी और राजेश तिवारी के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471, 120बी और आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया था।

फैसले के खिलाफ दो याचिकाएं दाखिल

हाईकोर्ट की एकलपीठ द्वारा विगत 28 जुलाई को राजेश शर्मा के खिलाफ दर्ज एफआईआर निरस्त करने के आदेश को किसान चिंता सिंह मारण और ईओडब्ल्यू दोनों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट की जबलपुर मुख्य पीठ के जस्टिस विशाल मिश्रा की कोर्ट ने अपने फैसले में लिखा था कि कानून के दुरुपयोग को रोकने और न्यायिक कार्यवाही की पवित्रता को बनाए रखने के लिए एफआईआर को रद्द किया जाता है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि यह दो पक्षों का प्राइवेट मामला है और इसमें ईओडब्ल्यू का दखल अनुचित था। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने चिंता सिंह मारण की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह अंतरिम आदेश जारी किया है। इस मामले में सुनवाई को दौरान मौजूद रहे ईओडब्ल्यू के अधिवक्ता ने इस मामले में कोर्ट के द्वारा जारी नोटिस को तत्काल स्वीकार करते हुए अदासत को बताया कि ईओडब्ल्यू भी इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में अपील दाखिल कर चुका है। इसके बाद जस्टिस करोल और जस्टिस सिंह ने दो सप्ताह में ईओडब्ल्यू को भी अपना रिजॉइन्डर कोर्ट में पेश करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि त्रिशूल कंस्ट्रक्शन कंपनी के संचालक राजेश शर्मा के ठिकानों पर पिछले साल के अंत में आयकर विभाग की टीम ने छापे मारकर लगभग 400 करोड़ से अधिक की अवैध संपत्ति उजागर की थी।

सरकार की गलत नीतियों से किसान की स्थिति चिंताजनक: विधायक यादव

विशेष संवाददाता, भोपाल। प्रदेश के कृषि मंत्री रहे विधायक सचिन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार की गलत नीतियों के चलते सूबे के किसानों की स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने कहा सरकार ने किसानों को उत्पादन की लागत, बाजार के भाव, बीमा सुरक्षा और संस्थागत व्यवस्था जैसे सभी मोर्चों पर अकेले छोड़ दिया है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए पूर्व मंत्री यादव ने कहा कि किसानो की ऐसी स्थिति सरकार की नीति केवल उनकी विफलता नहीं,बल्कि सोची-समझी किसान विरोधी नीति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जब राज्य में कमलनाथ की सरकार थी,तब किसानों को राहत के साथ-साथ संरक्षण की भी गारंटी दी गई। जय किसान ऋण मुक्ति योजना के जरिए 2 लाख तक फसल ऋण जहां माफ किए गए,तो वही 10 एच पी तक बिजली बिल आधे किए गए। मुख्यमंत्री प्याज कृषक प्रोत्साहन योजना से प्याज किसानों को सही दाम दिया गया। नकली खाद-बीज के खिलाफ शुद्ध के लिए युद्ध के तहत सख्त कार्रवाई हुई। यादव ने भाजपा के घोषणा पत्र(संकल्प) को पूरी तरह से झूठा और वादाखिलाफी वाला बताते हुए कहा कि तब किसानों को निरंतर 10 घंटे बिजलीसोयाबीन की एमएसपी पर नियमित सरकारी खरीदी और उसे और मजबूत करने,गेहूं रुपए 2700/क्विंटल, धान रुपए 3100/क्विंटल खरीदने की बात कही गई थी,लेकिन आज इन मामलों में किसान अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहा है। राज्य सरकार ने केन्द्र को मक्का खरीदी का कोई प्रस्ताव नहीं भेजा। इसी तरह केले का उचित बाजार भाव नहीं मिल पा रहा है। विधायक यादव ने सरकार पर मंडी व्यवस्था को तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य शासन पर मंडी बोर्ड की1700 करोड़ की लेनदारी है,लेकिन इस ओर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिससे कर्मचारियों को वेतन-पेंशन समय पर नहीं मिल पा रहा है।

मनरेगा से 'गांधी' का नाम हटाने, फंड शेयरिंग पर संसद में विपक्ष का हंगामा

महात्मा गांधी की फोटो के साथ पुरानी संसद के पोर्च पर चढ़े विपक्षी सांसद

नई दिल्ली, जेएनएन। मंगलवार को देश की संसद में बापू के नाम पर दंगल मचा। दरअसल, केंद्र सरकार ने 20 साल पुराने रोजगार गारंटी के मनरेगा कानून की जगह नया कानून लाने की तैयारी की है। केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में विकसित भारत-रोजगार गारंटी आजीविका मिशन ग्रामीण बिल पेश किया तो हंगामा हो गया। विपक्ष ने पहले तो कहा कि बापू के नाम वाले कानून से उनका नाम क्यों हटा रहे हो। फिर विधेयक के ड्राफ्ट पढ़ा तो कहा कि अब कर्जे में दबे राज्य 40 फीसदी खर्च कैसे वहन कर पाएंगे। सरकार का कहना है कि एक तो पुराना कानून बेकार हो गया था। कोई काम करता नहीं था, पैसे निकाल लेता था। 100 की जगह 50 दिन भी काम करने कोई आता नहीं था। इसलिए नया कानून जरूरी है।

संसद हुई स्थगित तो बाहर प्रदर्शन करने लगे विपक्षी सांसद

हंगामे के चलते लोकसभा को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इसके बाद विपक्षी सांसद संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास पहुंचकर प्रदर्शन करने लगे। समाजवादी पार्टी सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा, सपा इस बिल का पुरजोर विरोध करती है। एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा, नाम बदलने से कुछ नहीं होगा। हम बदलाव के विरोध में नहीं हैं, लेकिन बदलाव उचित होने चाहिए।

नया बिल संविधान की भावना के खिलाफ: प्रियंका

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने संसद के बाहर विरोध मार्च करते हुए कहा, सच तो यह है कि योजना का नाम बदलने की आड़ में केंद्र इस योजना को खत्म करना चाहते हैं। वे इस योजना का नाम क्यों बदलना चाहते हैं? महात्मा गांधी राष्ट्रपिता हैं। मनरेगा कानून की जगह जो नया बिल लाया गया बिल संविधान की स्पिरिट के खिलाफ है। इससे पंचायती राज कानून भी कमजोर होंगे, क्योंकि मनरेगा को लागू करने में ग्राम सभाओं की भूमिका घटाई जा रही है।

मोदी सरकार गरीबों की रोजी-रोटी भी छीन रही: राहुल

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला और आरोप लगाया कि बेरोजगारी के कारण मोदी सरकार देश के युवाओं का भविष्य तो खराब कर ही चुकी है अब वह गरीबों की रोजी-रोटी भी छीन लेना चाहती है।

गांधी नाम हटाने पर शिवराज का जवाब

आरोपों पर शिवराज सिंह ने जवाब देते हुए कहा, बापू हमारे दिलों में बसते हैं। नाम हटाकर किसी का अनादर नहीं कर रहे। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, पहले कांग्रेस जवाहर रोजगार योजना लाई थी, बाद में जवाहरलाल नेहरू का नाम हटा दिया गया। इसका मतलब यह नहीं कि कांग्रेस नेहरू का सम्मान नहीं करती।

शशि थरूर ने किया शायराना अंदाज में विरोध

शशि थरूर ने भी संसद में बिल का विरोध किया। उन्होंने शायराना अंदाज़ में कहा, देखो दीवानों ये काम ना करो, राम का नाम बदनाम मत करो। थरूर ने भी महात्मा गांधी का नाम योजना से हटाने पर आपत्ति जताई और बिल को स्टैंडिंग कमेटी को भेजने का समर्थन किया।

सऊदी अरब ने 2025 में 340 लोगों को दी फांसी

नई दिल्ली, जेएनएन। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान देश की सुधारवादी छवि पेश कर रहे हैं, लेकिन हाल के आंकड़े कुछ और ही कहानी बयां कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, इस साल अब तक सऊदी अरब ने 340 लोगों को फांसी दी है। यह संख्या पिछले साल के रिकॉर्ड 338 को भी पार कर चुकी है। सऊदी गृह मंत्रालय के अनुसार, हाल ही में मक्का में तीन लोगों को हत्या के आरोप में फांसी दी गई हैं। मानवाधिकार संगठनों के आंकड़े थोड़ा अलग हैं। अलक्स्ट, एमनेस्टी इंटरनेशनल और रिप्रीव के अनुसार, 2024 में सऊदी अरब में 345 लोगों को फांसी दी गई थी। ब्रिटेन स्थित संगठन अलक्स्ट की एक्टिविस्ट नादीन अब्दुलअजीज ने कहा कि यह आंकड़ा दिखाता है कि सऊदी अरब जीवन के अधिकार की उपेक्षा करता है और संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों की बार-बार की गई अपीलों को नजरअंदाज कर रहा है. उन्होंने कहा कि फांसी की सजा कई बार बिना सही मुकदमा चलाए, जल्दबाजी में दी गई। कई लोगों को यातना दी गई और उनसे कबूलनामे लिए गए। फांसी पाए गए लोगों में ऐसे लोग भी शामिल हैं, जो अपराध के समय नाबालिग थे।

ड्रग्स से जुड़े मामलों में अधिक फांसी : इस साल दी गई फांसी में अधिकांश, यानी 232 लोग, ड्रग्स से जुड़े मामलों में फांसी पाए। इसके अलावा कई लोगों को आतंकवाद के आरोप में फांसी दी गई। सऊदी अरब में आतंकवाद की परिभाषा व्यापक और अस्पष्ट है। अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार केवल सबसे गंभीर अपराधों, जैसे जानबूझकर हत्या के मामलों में ही फांसी दी जा सकती है, इसलिए ड्रग्स मामलों में फांसी को लेकर अंतरराष्ट्रीय आलोचना भी हुई।

दो नाबालिगों को भी फांसी : हाल के महीनों में सऊदी अरब ने दो ऐसे लड़कों को फांसी दी, जो अपराध के समय नाबालिग थे। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के तहत नाबालिगों को मृत्युदंड देना प्रतिबंधित है। 2020 में सऊदी अधिकारियों ने वादा किया था कि नाबालिग दोषियों को फांसी से बचाया जाएगा, लेकिन हाल के वर्षों में कई मामलों में यह नियम भी लागू नहीं हुआ। एमनेस्टी इंटरनेशनल के अनुसार, 2022, 2023 और 2024 में सऊदी अरब फांसी देने वाले देशों में तीसरे स्थान पर रहा।

खजराना मंदिर के गर्भगृह में पहुंचे विधायक के बेटे-बहू

भाजपा विधायक शुक्ला के परिवार ने तोड़ा नियम

जागरण, इंदौर। भाजपा विधायक गोलू शुक्ला का परिवार एक बार फिर से सुर्खियों में आ गया है। दरअसल मामला शहर के प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर से जुड़ा है, जहां रोक के बावजूद उनका बेटा और बहू न सिर्फ गर्भगृह में घुसे, बल्कि उन्होंने यहां एक-दूसरे को माला भी पहनाई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार भाजपा विधायक गोलू शुक्ला का बेटा अंजनेश और सिमरन 11 दिसंबर को दाम्पत्य सूत्र में बंधे हैं। इसके दूसरे दिन वे 12 दिसंबर को खजराना गणेश मंदिर पहुंचे। इस दौरान वे गर्भगृह में गए और भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष एक-दूसरे को माला पहनाई। जबकि कोविड-19 के बाद से खजराना गणेश मंदिर के गर्भगृह में आम श्रद्धालुओं की एंट्री पर प्रशासन ने बैन लगा रखा है। गर्भगृह में प्रवेश का वीडियो सामने आने के बाद मंदिर प्रशासन की भूमिका पर भी कई सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

परिवार का विवादों से छूट नहीं रहा नाता: हालांकि, यह कोई पहली बार नहीं है, जब भाजपा विधायक शुक्ला का परिवार विवादों में रहा है। इससे पहले जुलाई में शुक्ला का छोटा बेटा रुद्राक्ष जबरन महाकाल मंदिर के गर्भगृह में घुस गया था। उस दौरान मंदिर कर्मचारी ने रुद्राक्ष को रोकने की कोशिश की तो उसने उन्हें धमकाया था। तब गोलू शुक्ला भी मौके पर मौजूद थे।

माता टेकरी मंदिर में दर्शन पर हुआ था विवाद

भाजपा विधायक गोलू शुक्ला का बेटा रुद्राक्ष शुक्ला 11 अप्रैल को आधी रात में अपने साथियों को लेकर एक दर्जन वाहनों के काफिले के साथ देवास स्थित माता टेकरी मंदिर पहुंचा था। तब विधायक पुत्र पर आरोप लगे थे कि मंदिर के कपाट बंद होने के बावजूद पुजारी से जबरन कपाट खुलवाए थे। पुजारी के इंकार करने पर रुद्राक्ष और उसके साथियों ने गाली-गलौज और मारपीट कर दी थी।

आग ने तीन मकानों को चपेट में लिया, सो रहा शख्स जिंदा जला

सक्तापुर शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

जागरण, खंडवा। जिले के नर्मदानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सक्तापुर में मंगलवार अलसुबह दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। सुबह करीब 5.30 बजे अचानक एक घर में लगी आग ने देखते ही देखते तीन मकानों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक घटना में 50 साल के सूरज राठौर की जिंदा जलकर मौत हो गई। आग लगने की घटना का पता चलने के बाद एक दर्जन से अधिक दमकलें आग बुझाने में प्रयास में लगी रहीं। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गांव के अधिकतर लोग गहरी नींद में थे। अचानक सूरज के घर से उठती आग की लपटें और घना धुआं देखकर आसपास के लोग जागे। आग इतनी तेजी से फैल रही थी कि दो घरों में भी इसकी लपटें पहुंच गई। घरों में रह रहे लोग किसी तरह अपनी जान बचाकर बाहर निकल आए। मृतक सूरज राठौर के घर में सबसे पहले आग लगी थी। इसी मकान में आग का भयावह रूप देखने को मिला।

मां गई थी बाहर, बेटे को नहीं मिला बचने का मौका : ग्रामीणों के अनुसार, सूरज अपनी मां के साथ रहता था। लेकिन, घटना के समय उसकी मां किसी काम से इंदौर गई थी। सूरज घर में अकेला था और गहरी नींद में सो रहा था। आग इतनी तेजी से फैली कि उसे संभलने या बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिल पाया।

पड़ोस के मकानों को भी लिया चपेट में

नर्मदानगर थाना प्रभारी विकास खींची ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आशंका है कि सूरज के मकान में अचानक हुए शॉर्ट सर्किट से आग भड़की, जो कुछ ही मिनटों में पड़ोसी मकानों तक फैल गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि स्थानीय लोग उसे काबू में नहीं कर सके। घटना की सूचना मिलते ही नर्मदानगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घर के अंदर से सूरज राठौर का जला हुआ शव बाहर निकाला और उसे नर्मदानगर अस्पताल पीएम के लिए भेजा गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

बिजली कंपनी पर लापरवाही का आरोप

घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। लोगों का कहना है कि गांव में अक्सर वोल्टेज का उतार-चढ़ाव होता रहता है, जिससे पहले भी कई बार शॉर्ट सर्किट और आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग कई बार की गई, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हादसे के बाद ग्राम सक्तापुर में मातम पसरा हुआ है।

नर्मदा नदी में मिला चार बच्चों के साथ लापता मां और बेटे का शव

जागरण, खंडवा। घर से बिना बताए इंदौर से चार बच्चों के साथ लापता मां और उसके छह साल के बेटे का शव मंगलवार को जिले के मोरटक्का क्षेत्र में नर्मदा नदी से मिला है। महिला पांच दिन पहले इंदौर के खजराना थाना क्षेत्र स्थित कृष्णबाग कॉलोनी से गायब हुई थी। विगत दिवस पुलिस ने उसके 6 माह के एक बच्चे का शव भी नर्मदा नदी से बरामद किया था। रविवार को मोरटक्का पुलिस ने महिला के दो बच्चों को सकुशल ढूंढकर परिजनों को सौंप दिया था। अब पुलिस सर्चिंग के दौरान पांचवें दिन दोनों के शव मिल गए हैं। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। मोरटक्का चौकी प्रभारी लखनलाल डाबर ने बताया कि 11 दिसंबर को कृष्णबाग की रहने वाली प्रियंका पति सुंदरलाल चौरसिया (40) अपने बच्चों आर्यन (6), हिमांशी (2.5), प्रियांश (5) और चीकू (6 माह) के साथ घर से बिना बताए निकली थी। परिजनों की शिकायत के बाद इंदौर पुलिस सभी की तलाश में थी। रविवार को राहगीरों ने आर्यन और हिमांशी को मोरटक्का ब्रिज पर देखा। पुलिस ने दोनों बच्चों को सुरक्षित रूप से परिवार को सौंप दिया था। सोमवार दोपहर एक्वॉडक्ट पुल के पास 6 माह के चीकू का शव मिला था।

चंगाई सभा के नाम पर दंपत्ति पर धर्मांतरण कराने का आरोप

जागरण, जबलपुर। शहर के कुंडम थाना क्षेत्र की कुंडम बस्ती में धर्मांतरण से जुड़ा मामला सामने आया है। बजरंग दल और विहिप ने एक वीडियो जारी कर आरोप लगाए हैं कि यहां एक दंपत्ति किराये के मकान में चंगाई सभा का आयोजन करते हैं और आदिवासियों को बहला फुसलाकर उन्हें लालच देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। संगठन के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मौके पर पहुंचकर हंगामा किया। कार्यकर्ताओं के पहुंचने पर सभा में शामिल होने पहुंचे लोग घर से निकलकर भागने लगे थे। कार्यकर्ताओं ने मौके पर जाकर धर्मांतरण में शामिल लोगों की लिस्ट तैयार कर थाना कुंडेश्वर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। कार्यकर्ताओं के भारी विरोध के बाद पुलिस कार्रवाई हुई। वहीं दंपती राजेंद्र और दीपा का कहना है कि हमने किसी को यहां जबरदस्ती नहीं बुलाया है। ये सभी लोग अपनी मर्जी से आए हैं। यहां हम किसी का धर्मांतरण नहीं करा रहे थे, यहां सिर्फ प्रार्थना सभा हो रही थी।

पिकअप की टक्कर से शिक्षक मां-बेटे की मौत

जागरण, खरगोन। जिले के चित्तौड़गढ़-भुसावल राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार लोडिंग पिकअप वाहन ने दो बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में शिक्षक मां-बेटे की मौत हो गई, बेटे ने मौके पर दम तोड़ा। जबकि गंभीर रूप से घायल आश्रम अधीक्षक शिक्षक मां ने निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। हादसा मंगलवार सुबह का है। बाइक सवार शिक्षक ऋ तुराज बिल्वे अपनी मां मधु के साथ स्कूल जा रहे थे। जामली गांव के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रहे पिकअप ने एक के बाद एक दो बाइक को चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि शिक्षकों की बाइक का अगला पहिया बाहर निकल गया।

नकली दवा बनाने, बेचने वालों को 3 साल की सजा

जागरण, उज्जैन। एक नौ साल पुराने मामले में कोर्ट ने नकली दवा बनाने वाले चार आरोपियों को दोषी ठहराया। कोर्ट ने सभी को तीन साल के कारावास और 6 लाख के अर्थदंड से दंडित किया है। आरोपियों में नकली दवा बनाने, रखने और बेचने वाले शामिल हैं। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीप सिंह भदौरिया ने बताया कि खाद्य एवं औषधि प्रसाधन, उज्जैन के संयुक्त जांच दल ने सिमको आर्गेनिक्स के खिलाफ शिकायत मिलने पर जांच की।

भोपाल में इस साल पहली बार रात का पारा 4.8 डिग्री, सर्दी से ठिठुरी राजधानी

- एमपी के 4 जिलों में शीत लहर
- कोहरे से ढके खजुराहो व रीवा
- आने वाले दिनों में और बढ़ेगी ठंड

कार्यालय संवाददाता, भोपाल। मध्य प्रदेश में ठंड का असर अब बढ़ने लगा है, मंगलवार को प्रदेश की राजधानी भोपाल में सीजन की सबसे ठंडी रात रही। यहां रात का पारा 4.8 डिग्री तक गिर गया, इससे पहले 17 नवंबर को पारा 5.2 डिग्री दर्ज किया गया था। इस साल पहली बार पारा अपने न्यूनतम स्तर पर है। हालांकि भोपाल में न्यूनतम पारे का इतिहास 1 और 2 डिग्री भी रहा है। मौसम केंद्र भोपाल से मिली जानकारी अनुसार मंगलवार को भोपाल सहित कई जिलों में पारा गिरा। भोपाल में 4.8 डिग्री न्यूनतम पारे के कारण कड़ाके की ठंड रही। रात में शहर के लोगों को अपने घरों में भी गर्म कपड़ों और हीटर का इस्तेमाल करना पड़ा। वहीं रैन बसेरों में नगर निगम द्वारा हीटर की व्यवस्था कराई गई है।

शीत लहर और घन कोहरा: प्रदेश के कई जिलों में लगातार दूसरे दिन भी घना कोहरा छाया रहा। जिससे इन जिलों में विजिबिलिटी घटकर 200 मीटर तक पहुंच गई। मौसम बुलेटिन के मुताबिक सबसे कम विजिबिलिटी रीवा में रही, यहां 200 से 500 मीटर तक ही दिखाई दे रहा था। इसके बाद नौगांव, सीधी व सतना में विजिबिलिटी 500 से 1000 मीटर के बीच रिकार्ड की गई है। सुबह के समय घना कोहरा होने के कारण इन क्षेत्रों में सड़क यातायात भी प्रभावित रहा है। वहीं शीत लहर की बात करें तो भोपाल के अलावा रायसेन, इंदौर और शाजापुर में शीत लहर का प्रकोप रहा।

11 जगह पारा 6 डिग्री से नीचे

प्रदेश में कड़ाके की ठंड का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मंगलवार को प्रदेश के 11 स्थानों पर रात का पारा 6 डिग्री से कम रिकार्ड किया गया। सबसे कम तापमान शाजापुर जिले के गिरवर में रिकार्ड किया गया। यहां पारा 4.4 डिग्री रहा। इसके बाद मंदसौर में 4.6, भोपाल में 4.8, कल्याणपुर, नौगांव और राजगढ़ में न्यूनतम पारा 5 डिग्री रहा। इसके बाद पचमढ़ी में 5.2 डिग्री पारा रहा। बड़े शहरों में तापमान की बात की जाए तो इंदौर व भोपाल के अलावा ग्वालियर और जबलपुर में रात का पारा 9 डिग्री रिकार्ड किया गया।

एमपी के 25 जिलों में कोहरे का अलर्ट: बुधवार को करीब 25 जिलों में हल्के से लेकर अति गहरा कोहरा छाए रहने की उम्मीद है। इसमें भोपाल में शीत लहर के साथ हल्का कोहरा दर्शाया गया है। विदिशा, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, दमोह, सागर, मैहर में मध्यम कोहरा छाया रहेगा।

मौसम विभाग ने जारी की एडवाइजरी

प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के चलते मौसम विभाग ने एडवाइजरी जारी की है।

1. **गाड़ी** चलाते समय या किसी ट्रांसपोर्ट के जरिए ट्रैवल करते समय सावधान रखें। ड्राइविंग धीरे करें और फॉग लाइट का इस्तेमाल करें।
2. **तेज** ठंड होने पर शरीर की गर्माहट बनाए रखने के लिए सिर, गर्दन, हाथ-पैर की उंगलियों को अच्छे से ढंके। फ्लू, सर्दी, खांसी-जुकाम होने पर डॉक्टर को दिखाएं। विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं।
3. **जहां** मिट्टी में पर्याप्त नमी हो, वहां गेहूं, चना, सरसों-मटर की बुआई करें। जहां बुआई हो चुकी है, वहां जरूरत पड़ने पर कृषि वैज्ञानिकों से सलाह लें।

पांच जिलों में शीत लहर की चेतावनी: *भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़ और शाजापुर।*

बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगर फ्री) स्वास्थ्य और स्फूर्ति के लिए एक आयुर्वेदिक टॉनिक

नागपुर। बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगर फ्री) एक विशेष रूप से तैयार किया गया अवलेह (च्यवनप्राश) है, जो आज के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक पुरुषों और महिलाओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया है। विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो अपने चीनी के सेवन को नियंत्रित रखना चाहते हैं। यह श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन प्रालि द्वारा विकसित किया है, जो हमेशा नये आयुर्वेदिक औषधी निर्माण में अग्रणी हैं, इसमें पारंपरिक च्यवनप्राश की श्रेष्ठता भी है, लेकिन बिना किसी अतिरिक्त चीनी के।

बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगर फ्री) में कोई चीनी नहीं है। इसे कम कैलोरी वाले प्राकृतिक मधुर स्रोतों से मीठा किया है, जिससे यह कैलोरी-सचेत व्यक्तियों के लिए उपयुक्त है। यह कई समय परीक्षित आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों से बना है, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण है आँवला, जो प्रत्येक चम्मच में विटामिन सी प्रदान करता है तथा जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में भी सहायक है। अश्वगंधा, कौंच बीज, बिल्व, दशमूल और केसर यह वनस्पति स्वास्थ्यवर्धक गुणों के लिए प्रसिद्ध हैं । ये शरीर की दुर्बलता को कम करके पोषण देने और स्फूर्ति में वृद्धि करने में मदद करते हैं। दालचिनी, जावित्री, गिलोय और विदारीकंद शरीर को विभिन्न प्रकार के संक्रमणों से बचाने में सहायक होते हैं । उच्चरक्त शर्करा से पीड़ित व्यक्ति अक्सर कमजोरी और कम रोग प्रतिरोधक क्षमता से ग्रसित रहते हैं । नियमित रूप से बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगर फ्री) का सेवन, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के साथ करने से, शरीर में ऊर्जा, शक्ति और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है। च्यवनफिट (शुगर फ्री%) में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट युक्त जड़ी-बूटियाँ शरीर की प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक क्षमता को संतुलित बनाए रखने में मदद करती हैं । श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन सदैव मानव स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए प्रामाणिक आयुर्वेदिक औषधी निर्माण और निरंतर शोध हेतु समर्पित रहा है।

आय से अधिक संपत्ति मामले में कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

सहायक समिति प्रबंधक को पांच साल की सजा, 40 लाख रुपए का जुर्माना

मुख्य संवाददाता, भोपाल। आय से अधिक संपत्ति के मामले में सागर जिले की स्पेशल कोर्ट ने सहकारी समिति के तत्कालीन सहायक प्रबंधक चंद्रशेखर ढिमोले को पांच साल कैद से साथ ही 40 लाख के जुर्माने की सजा सुनाई है। लोकायुक्त पुलिस के अनुसार ढिमोले के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति जमा करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत सही पाए जाने पर पुलिस ने उसके तिलक वार्ड देवरी स्थित आलीशान मकान की तलाशी ली। इस दौरान जब्त दस्तावेजों से प्रमाणित हुआ कि उसे बतौर वेतन उसके कार्यकाल के दौरान 68 लाख 64 हजार रूपए मिले थे लेकिन उसने 1 करोड़ 27 लाख 18 हजार खर्च किए थे। जांच में उजागर हुआ कि ढिमोले ने भ्रष्टाचार के जरिए 58 लाख से अधिक की प्रॉपर्टी जमा की थी।

कोर्ट ने ठहराया दोषी: लोकायुक्त पुलिस द्वारा पेश चालान के बाद सुनवाई करते हुए अदालत ने तत्कालीन सहायक प्रबंधक को अनुपातहीन संपत्ति बनाना का दोषी पाया। कोर्ट ने विवेचना और साक्ष्यों के आधार पर चंद्रशेखर ढिमोले को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1) बी और 13(2) के तहत दोषी करार देते हुए पांच के सश्रम कारावाट और चालीस लाख के जुर्माने से दंडित किया।

आतंकी तेलंगाना पुलिस ने कहा, साजिद अकरम वर्ष 1998 में चला गया था ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया में तबाही मचाने वाला आतंकी निकला हैदराबादी

हैदराबाद, जेएनएन। ऑस्ट्रेलिया के बोंडी बीच टेरर अटैक में शामिल शूटर्स में से एक हैदराबाद का रहने वाला है। तेलंगाना के डीजीपी बी. शिवधर रेड्डी के मुताबिक, 50 साल के साजिद अकरम ने हैदराबाद में बी-कॉम पूरा किया और नवंबर 1998 में यूरोपियन मूल की एक महिला से शादी करने के बाद ऑस्ट्रेलिया चला गया। पता चला है कि ऑस्ट्रेलिया जाने के बाद साजिद छह बार इंडिया आया था। रेड्डी के मुताबिक, तेलंगाना पुलिस के पास 1998 में जाने से पहले भारत में रहने के दौरान साजिद अकरम के खिलाफ कोई खराब रिकॉर्ड नहीं है। तेलंगाना पुलिस

सेंट्रल एजेंसियों और दूसरे काउंटरपार्ट्स के साथ सहयोग करने के लिए कमिटेड है। उन्होंने कहा कि जिन वजहों से साजिद अकरम रेडिकलाइज हुआ, उनका 'भारत से कोई कनेक्शन नहीं है'। इस बीच, फिलीपीन ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन की स्पोक्सपर्सन डाना सैंडोवल ने कहा, अकरम 1 नवंबर को सिडनी से एक साथ फिलीपींस पहुंचे। सैंडोवल ने कहा कि दोनों लोग 28 नवंबर को देश छोड़कर मनीला होते हुए सिडनी पहुंचे। 14 दिसंबर, 2025 को ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में बॉन्डी बीच पर हुए एक मास शूटिंग टेरर अटैक में १५ लोग मारे गए थे। यह हमला हनुक्का (समुद्र के किनारे चानुका) सेलिब्रेशन के दौरान हुआ था। यह त्योहार के पहले बड़े यहूदी कम्युनिटी गैदरिंग में से एक था। दो गनमैन, जिनकी पहचान अकरम और उनके बेटे नवीद के तौर पर हुई, शूटर के तौर पर पहचाने गए।

आतंकी हमले में घायल लोगों में तीन भारतीय छात्र भी

सिडनी के बॉन्डी बीच पर हनुक्का बाय द सी के सार्वजनिक समारोह के दौरान हुए संदिग्ध आतंकी हमले में 40 लोग घायल हुए, जिनमें कथित तौर पर 3 भारतीय छात्र भी हैं। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घायल छात्रों में से दो अस्पताल में भर्ती हैं। हालांकि, उनकी पहचान और सटीक मेडिकल स्थिति का अभी तक खुलासा नहीं किया गया है। उनमें से एक के पास फिलीपींस यात्रा के दौरान भारतीय पासपोर्ट था। इस हमले को अधिकारियों ने तीन दशकों में ऑस्ट्रेलिया की सबसे खराब सामूहिक गोलीबारी बताया है, जिसमें 10 साल के बच्चे सहित 15 लोगों की जान चली गई। पांच पीड़ित गंभीर हैं। दो घायल पुलिस अधिकारी गंभीर हैं।

पटवारी भर्ती परीक्षा-2008 में धोखाधड़ी का मामला

सीबीआई कोर्ट ने 10 आरोपियों को सुनाई 5 साल की सजा

मुख्य संवाददाता, भोपाल। स्पेशल सीबीआई कोर्ट इंदौर ने मंगलवार को व्यापम घोटाले से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने पटवारी भर्ती परीक्षा-2008 में धोखाधड़ी और नकल के आरोप में नामजद सभी दस अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए सज़ा सुनाई है। कोर्ट ने मंगलवार को न्यायालय द्वारा रामेश्वर, राकेश, देवेंद्र, चेतन, बलराम, हरपाल, गोपाल, जितेंद्र, दिनेश और दिग्विजय सिंह सोलंकी को पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए सभी पर 3-3 हजार का जुर्माना भी ठोका है। इस मामले में सीबीआई ने खरगोन जिला पुलिस कोतवाली में दर्ज एफआईआर संख्या 557/2012 के आधार पर जांच की थी। जांच में उजागर हुआ कि व्यापम द्वारा आयोजित पटवारी भर्ती परीक्षा-2008 में धोखाधड़ी करते हुए इन सभी ने न केवल जाली प्रमाण पत्र पेश किए, बल्कि इनके जरिए उन्होंने परीक्षा में सफलता हासिल करते हुए पटवारी की नौकरी भी हासिल कर ली। खरगोन पुलिस ने जांच के बाद दिनांक 2014 में कोर्ट में चालान पेश किया था।

ये रीवा है भाई जिंदा निःशक्त को मृत बताकर, उसके क्रिया कर्म का पैसा भी निकाल लिया

जनसुनवाई में 75 आवेदकों ने दिये आवेदन, संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने किये प्रेषित

जागरण, रीवा। जनसुनवाई में नगर पंचायत मनगवां वार्ड- 14 के निवासी रमेश पिता स्व. रामकुमार साकेत ने शिकायत दर्ज करवाई कि गिर जाने से उसकी कमर की हड्डी टूट गई, जिस कारण कमर के नीचे का हिस्सा काम नहीं करता। जिसके लिए वह सहायता राशि की मांग करने विगत 5 दिसंबर को आवेदन देने गया। जहां पर रमेश को पता चला कि रिकार्ड में तो उसकी मृत्यु 19 मार्च 2023 में को ही हो चुकी है व अंत्येष्टी के लिए राशि स्वीकृत होकर बैंक खाता के माध्यम से भुगतान किया गया है। जबकि आवेदक निःशक्त व जीवित है। रमेश ने जनसुनवाई में शिकायत कर उसे मृत घोषित कर अंत्येष्टी राशि आहरित करने वालों पर दण्डात्मक कार्यवाही किए जाने के साथ ही उसे सहायता राशि प्रदान करने की मांग की। दरअसल यह मामला कलेक्ट्रेट मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में आया। सुनवाई में 75 आवेदकों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किये। अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी सहित संयुक्त कलेक्टर राजेश कुमार सिन्हा एवं जीपी अग्रवाल ने जनसुनवाई करते हुए आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

आम रास्ते पर कब्जा करने की शिकायत कर कार्रवाई की मांग

ग्राम मध्येपुर तहसील हुजूर निवासी मनोज साकेत, समयलाल साकेत, पूरन साकेत आदि ने परिवार सहित जनसुनवाई में शिकायत की कि ग्राम के ही वाल्मीकि पंक्षी यादव उर्फ रामफल ने पटवारी से सांठगांठ कर उनकी बस्ती का आम रास्ता कब्जा करके बंद कर दिया है, जिससे उनका आवागमन बाधित हो गया है। इसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा पूर्व में भी शिकायत की गई थी, जिसकी नापजोख के बाद श्यामलाल की भूमि पर अवैध कब्जा होना पया गया था जिसे हटाने के निर्देश दिए गए थे किन्तु आज दिनांक तक कजा नहीं हटाया गया, रास्ता बंद हो जानेसे ग्रगामवासियों को आवागमन में परेशानी हो रही है। शिकायतकर्ताओं ने रास्ता से कब्जा हटाकर कब्जा करने वालों पर कार्यवाही की मांग की है।

नवीन ग्राम पंचायत भवन ग्राम पंचायत मुख्यालय से बना रहे दूर

ग्राम पंचायत अतरैला- 12 के निवासियों ने शिकायत दर्ज करवाई गई कि ग्राम पंचायत द्वारा नवीन पंचायत भवन का निर्माण मनमानी पूर्वक ग्राम पंचायत मुख्यालय से दूर निर्मित किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को पंचायत संबंधी कार्य के लिए जाने-आने में परेशान पड़ेगा। ग्राम सरपंच नवीन भवन मुख्यालय से करीब 5 किमी दूर निर्मित करवा रहा है, जिसकी समस्त ग्रामवासी पूर्व में भी शिकायत कर चुके हैं, किन्तु सरपंच अपनी मनमानी करने पर तुला है। ग्रामवासियों ने ग्राम पंचायत मुख्यालय में नवीन पंचायत भवन बनाए जाने की मांग की है।

ग्राम पंचायत द्वारा किए कार्यों की जांच करने की मांग

ग्राम पंचायत अहिरगांव निवासी कुलदीप कुशवाहा, गणेश कुशवाहा, जगदीश कुशवाहा आदि ने ग्राम पंचायत में किए गए कार्यों में की गई धांधली की जांच की मांग की है। शिकायत में बताया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा से संबंधित भुगतान, नाला गहरीकरण, सड़क निर्माण, सहित अन्य निर्माण कार्यों में नियमों का उल्लंघन करते हुए कार्य करवाए हैं, जिनमें निर्मित कार्यों की अपेक्षा अधिक राशि का आहरण किया गया है, जो कि जांच का विषय है।

अयूब पिता वाकड़ खान निवासी पांती बड़ी ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उनके द्वारा धान का विक्रय के लिए स्लॉट बुक करवाया गया था, किन्तु पटवारी द्वारा उसे असत्यापित कर दिया गया है। आवेदक ने धान बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाए जाने की मांग की है ताकि वह सोसायटी में अपना धान विक्रय कर सके।

बुआ का पुत्र दे रहा जान से मारने की धमकी

ग्राम जोन्ही निवासी भावना पिता प्रकाश नारायण मिश्रा ने शिकायत दर्ज करवाई है कि आवेदिका व उसकी बहन कॉलेज में पढ़ाई कर रही हैं, उनकी बुआ का लड़का विजय नारायण द्विवेदी निवासी इलाहाबाद आए दिन रास्ते में उनके साथ मारपीट करने आमादा होता है,उनकी झूठी रिपोर्ट भी कर चुका है। जिससे दोनों बहनों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। थाना चोरहटा में कई बार शिकायत दर्ज करवा चुके हैं, किन्तु पुलिस द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई, जिससे धमकाने वाले का हौसला बढ़ता जा रहा है। आवेदिका ने उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

इन्होंने भी की शिकायत : जनसुनवाई में पुरुषोत्तम प्रसाद गोड़ निवासी बेलहा ने फर्जी वासीयतनामा के आधार पर राजस्व अभिलेखों में हितग्राहियों के दर्ज नाम के संबंध में कार्यवाही करने, हाजी मोहम्मद अमहिया ने अवैध कब्जे को हटाने तथा सुनील कुमार साहू चेलवा टोला ने बिजली बिल के संबंध में, इटौरा के नागरिकों ने उप स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण को अन्यत्र कराये जाने, सहित शिक्षा, ग्रामीण विकास एवं राजस्व विभाग से संबंधित आवेदनों की सुनवाई करते हुए अपर कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

पटवारी और तहसीलदार पर कार्यवाही के दिए निर्देश

कमिश्नर ने वीसी से की समाधान ऑनलाइन प्रकरणों की समीक्षा

रीवा। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने संभाग के सभी जिलों में समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में शामिल आवेदन पत्रों के निराकरण की समीक्षा की। संभाग के विभिन्न जिलों में 14 आवेदन पत्र इस माह की समाधान ऑनलाइन की समीक्षा में शामिल हैं। कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित आवेदनों पर तत्परता से कार्यवाही करें। प्रकरण में अंतिम कार्यवाही होने से पहले उसे फोर्स क्लोज न करें। आमजनता को शासन की योजनाओं का तत्परता से लाभ दें, जिससे उसे योजना का लाभ पाने के लिए भटकने और सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने की आवश्यकता न रहे। सीधी जिले में गाज गिरने से भैंस की मौत के राहत प्रकरण के संबंध में कमिश्नर ने कहा कि प्रकरण को मंजूर करने में एक वर्ष की देरी की गई। पटवारी ने प्रकरण के संबंध में सही रिपोर्ट नहीं दी तथा तहसीलदार ने कम राशि का भुगतान किया। कलेक्टर आवेदक को पूरी राशि का भुगतान कराएं। संबंधित पटवारी को निलंबित करें तथा तहसीलदार बहरी को कारण बताओ नोटिस दें।

कमिश्नर ने सतना जिले के प्रकरण की सुनवाई करते हुए कहा कि ग्राम पालदेव में आवेदक के कटहल के पेड़ों के ऊपर से बिजली के तार गए हैं। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार लाइन शिफ्टिंग की कार्यवाही करें। सतना जिले के एक अन्य प्रकरण के संबंध में कमिश्नर ने कलेक्टर और वन मण्डलाधिकारी को मौके पर जाकर वस्तुस्थिति के अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान रीवा जिले के दो, सिंगरौली जिले के तीन, सतना जिले के तीन, सीधी जिले के तीन तथा मैहर एवं मऊगंज के एक-एक आवेदन पर सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान 10 आवेदन पत्रों का निराकरण किया गया। सुनवाई के दौरान संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, उपायुक्त एलएल अहिरवार, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, संबंधित संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। अन्य जिलों के कलेक्टर तथा अन्य अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

कमिश्नर ने आमजनता के आवेदनों में की सुनवाई

रीवा। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित जनसुनवाई में कमिश्नर बीएस जामोद ने आमजनता के आवेदनों में सुनवाई की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई के आवेदन पत्रों पर तत्परता से कार्यवाही करके निराकरण करें। आवेदक को भी आवेदन पत्र में की गई कार्यवाही से अवगत कराएं। जनसुनवाई में गणेश साकेत निवासी देवतालाब ने अभिलेख की नकल, सेवानिवृत्त शिक्षक राकेश शुक्ला ने लंबित स्वत्वों के भुगतान तथा सेवानिवृत्त शिक्षक सुनीता पाण्डेय ने एनपीएस पेंशन भुगतान के लिए आवेदन दिया। कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को सात दिवस में प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सीधी जिले के ग्राम ममदर निवासी शिवशंकर मिश्रा ने रेलवे लाइन में भू-अर्जन की राशि के भुगतान के लिए आवेदन दिया। कमिश्नर ने एसडीएम चुरहट को लंबित राशि के भुगतान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लालबहादुर सिंह ने फसल बीमा की राशि के भुगतान, नरेन्द्र सिंह ने ग्राम पंचायत बरौं में सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने तथा ग्राम पंचायत द्वारा अवैध भुगतान पर कार्यवाही के लिए आवेदन दिया। जनसुनवाई में रश्मि सेन, चक्रपाणि मिश्रा, राकेश कुमार, पूरनलाल, काशी प्रसाद दुबे तथा दिनेश कुमार के आवेदन पत्रों में भी सुनवाई की गई।

चार दिनों से बंद संजय गांधी अस्पताल आईसीयू में बच्चों की एक्स-रे मशीन

जागरण, रीवा। संजय गांधी अस्पताल अपनी अव्यवस्थाओं का दंश झेल रहा है। पिछले चार दिनों से बच्चों की एक्स-रे मशीन खराब पड़ी हुई है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा से मरीज के परिजनों द्वारा शिकायत करने के बाद भी आज दिनांक तक मशीन नहीं बनी, यहां तक कि इतने बड़े संजय गांधी अस्पताल में ब्लड टेस्ट की व्यवस्था भी चरमराई हुई है। एबीजी ब्लड टेस्ट करवाने के लिए भी मरीज भटक रहे हैं किन्तु यहां की भी मशीन पिछले तीन-चार दिनों से खराब पड़ी हुई है। जिसके चलते उक्त ब्लड टेस्ट नहीं हो पा रहा। अकेले शिशु गहन चिकित्सा इकाई में ही इन अव्यवस्थाओं के कारण दो शिशुओं की मौत हो चुकी है।

फाइटर पायलट बन मप्र का किया नाम रौशन

जागरण, रीवा। वायुसेवा अकादमी हैदराबाद में शनिवार को पासिंग आउट परेड में भोपाल के अनंत मिश्रा, तिलक शर्मा और विश्वास यादव फाइटर पायलट बने। जो शहर के लिए बड़ी उपलब्धि है। इन होनहार तीन युवाओं ने फाइटर पायलट बनकर मप्रका नाम रौशन किया है।अनंत मिश्रा जनसंपर्क के उपसंचालक संतोष मिश्रा के सुपुत्र हैं। इस दौरान अनंत मिश्रा के पिता संतोष मिश्रा व उनकी माताजी मौजूद रहीं। इस उपलब्धि पर पिता पुत्र को शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

माइनिंग मिनरल्स ट्रक एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

जागरण, रीवा। माइनिंग मिनरल्स ट्रक एसोसिएशन द्वारा मंगलवार को कलेक्टर को खनिज की टीपी सभी गिट्टी की गाड़ियों में अनिवार्य रूप से जारी करने बाबत ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग रखी गई कि हम समस्त मोटर मालिक गिट्टी के साथ रॉयल्टी चाहते हैं, जिस तरह से नदी से रेत लाने पर रेत के साथ हमें टीपी दी जाती है उसी तरह प्रत्येक क्रेशर से जो भी मोटर मालिक गिट्टी लेने जाएं उनको गिट्टी के साथ रॉयल्टी दी जाए। अगर उनकी गाड़ी में रॉयल्टी नहीं होती है तो आए दिन जगह-जगह परेशान कर रॉयल्टी केनाम पर राशि की मांग की जाती है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि उनके द्वारा सड़क पर खड़े रहकर यह बात ट्रक चालकों को भी समझाई गई। इस समय गोविन्दगढ़ होते हुए परे शहर में दो नंबर की रेत आती है, जिस पर रोक लगाई जाकर गिट्टी पर भी रॉयल्टी अनिवार्य की जाए।

मानस भवन में संत शिरोमणि वेदांती महाराज को दी गई श्रद्धांजलि

सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा का संगीतमय गायन किया

रीवा। मंगलवार को स्थानीय मानस भवन में प्रतिमाह होने वाले नियमित सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा का संगीतमय गायन किया गया। सर्वप्रथम श्री राम दरबार के चित्र के समक्ष अध्यक्ष सुभाष बाबू पांडे सचिव संतोष अवधिया उपाध्यक्ष संदीप सिंह उपाध्यक्ष अशोक तिवारी सह सचिव राम सुशील गुप्ता प्रचार सचिव शिव शंकर प्रसाद दीक्षित के साथ पूर्व उपाध्यक्ष पीयूष त्रिवेदी वरिष्ठ सदस्य राम सहाय मिश्रा कीर्ति प्रसाद द्विवेदी डॉक्टर यच के पांडे संरक्षक सदस्य डी पी सिंह ऋषि शंकर मिश्रा आर बी द्विवेदी राजेश पांडे पूर्व प्राचार्य आरपी सिंह एडवोकेट सुनील अग्रवाल राजेश भल्ला नीरज सिंह पंडित राजमणि मिश्रा संग्राम सिंह राममणि मिश्रा बीके मिश्रा डॉक्टर विमल दुबे रेवा शंकर अवस्थी माहेश्वरी त्रिपाठी मुकुंद प्रसाद मिश्रा रमेश प्रताप सिंह अजय पांडे डॉक्टर शोभा पांडे संग्राम सिंह रामायणी दिनेश सेन एडवोकेट मुनिराज तिवारी पवन डॉ एस के त्रिपाठी प्रेम शंकर सिंह अतुल कुमार त्रिपाठी एडवोकेट अजय पांडे हीरा यादव राम विश्वास यादव पुष्पांजलि यादव आदि ने दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात भजन मंडली द्वारा अत्यंत सुंदर और मोहक ढंग से संगीत में सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। द्वितीय सत्र में संत शिरोमणि वेदांती महाराज के साकेतवासी होने पर सभी ने अपने अपने संस्मरण सुनाएं और उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में सभी ने वेदांती महाराज के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और 2 मिनट का मौन धारण कर सभा विसर्जित की गई। इस अवसर पर मानस मंडल के वरिष्ठ सदस्य एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

रीवा संभाग ई-ऑफिस में प्रदेश में प्रथम स्थान कायम

रीवा। प्रशासनिक नवाचार के तहत ई-ऑफिस व्यवस्था लागू की गई है। अब कार्यालयों के अंदर तथा अन्य कार्यालयों में फाइलों का संचालन ऑनलाइन माध्यम से हो रहा है। ई-ऑफिस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करके रीवा संभाग में संभागीय रैंकिंग में प्रदेश में लगातार एक माह से प्रथम स्थान पर कायम है। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि रीवा संभाग में कुल 9823 फाइलें ई-ऑफिस में क्रिएट की गईं तथा 41268 फाइलों का मूवमेंट हुआ। प्रदेश में दूसरे स्थान पर नर्मदापुरम संभाग है, जिसमें 4642 फाइलों का क्रिएशन तथा 33599 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। तीसरे स्थान पर ग्वालियर संभाग है। इसमें 2026 फाइलों का क्रिएशन तथा 19440 फाइलों का मूवमेंट हुआ है।

कमिश्नर ने बताया कि प्रदेश स्तर में संभाग और जिलों की सामूहिक रैंकिंग में सभी जिले और संभाग शामिल किए गए हैं। इनकी कुल संख्या 65 है। सामूहिक रैंकिंग में रीवा संभाग को 10वां स्थान मिला है। इस रैंकिंग में रीवा जिला 25वें स्थान पर है। रीवा जिले में 4503 फाइलें क्रिएट हुई हैं तथा 25483 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। रैंकिंग में सिंगरौली जिला 37वें, मऊगंज जिला 45वें, सतना जिला 46वें, सीधी जिला 56वें तथा मैहर जिला 59वें स्थान पर है। कमिश्नर ने सभी कलेक्टर्स को ई-ऑफिस प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने तथा सभी जिला कार्यालयों में इसे दृढ़ता से लागू कराने के निर्देश दिए हैं। ई-ऑफिस के माध्यम से कम श्रम और कम समय में फाइलों का मूवमेंट और निराकरण हो रहा है। यह सुशासन को मजबूत करने के लिए सराहनीय पहल है।

संयुक्त ट्रेड यूनियनों ने राष्ट्रपति के नाम भेजा ज्ञापन

रीवा। संयुक्त ट्रेड यूनियन मंच के केंद्रीय आह्वान पर सरकार द्वारा लागू की गई चार श्रम संहिताओं को पूरी तरह रद्द करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर केंद्रीय श्रमिक संगठनों द्वारा श्रम पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया। संगठन द्वारा सौपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि देश के किसानों एवं मजदूरों द्वारा लगातार देशव्यापी लामबंदी एवं विरोध प्रदर्शन के बावजूद दुर्भाग्यजनक तरीके से सरकार किसानों, मजदूरों की मांगों पर विचार नहीं कर रही है, केन्द्र सरकार द्वारा थोपी गई श्रम संहितायें सभी कानूनों को खत्म कर देंगी जिससे बड़ी संख्या में बेरोजगारी बढ़ेगी। ज्ञापन सौपने के दौरान सीटू के जिलाध्यक्ष गिरिजेश सिंह सेंगर, महासचिव सौरभ मिश्रा, अमित सोहगौरा, विनयशंकर मुफलिश, इंटक के जिलाध्यक्ष जीपी त्रिपाठी, विद्याशंकर तिवारी, यादवेन्द्र शुक्ला, रमेश सोनी, बीरेन्द्र सिंह, एम. आर. यूनियन के गौरव रणदेव, संजय तिवारी, वृजेश सिंह, किसान नेता रामजीत सिंह, जे.आर.सी.से मनोज मिश्रा के अलावा अविनाश शुक्ला, मनीष गुप्ता, विकास तिवारी, आशीष अग्निहोत्री, योगेन्द्र सिंह, सुमित मघलानी सहित श्रमिक संगठनों से संबंधित श्रमिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

म.प्र.किसान सभा ने संभागायुक्त को सौंपा ज्ञापन

रीवा। मध्य प्रदेश किसान सभा द्वारा जिले के सिकमी बटाईदार, ठेका में खेती करने वाले किसानों की धान सरकार समितियों द्वारा खरीदे जाने की मांग को लेकर कमिश्नर कार्यालय पर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने संभागायुक्त से तत्काल हस्तक्षेप कर किसानों की समस्याओं का निराकरण करने की मांग करते हुए उपज खरीदी केन्द्रों में हो रही देरी व भ्रष्टाचार पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। संगठन द्वारा चेतावनी दी गई है कि यदि प्रशासन द्वारा जल्द ही समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो किसान अपनी जायज मांगों को लेकर चकाजाम जैसे आन्दोलन करने के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन सौंपने में किसान सभा के जिलाध्यक्ष कांती कुमार दुवे, महासचिव रामनरेश सिंह, पूर्व सचिव रामजीत सिंह, श्रमिक नेता गिरजेश सेंगर, अमित सोहगौरा, राजेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह, दिग्विजय सिंह, राजपाल सिंह, अंशू सिंह, सुरेन्द्र सिंह, वी.पी.सिंह, राम सिंह, अजय सिंह, आदि किसान नेता उपस्थित रहे।

रोजगार मेला आज संभागीय आईटीआई में

रीवा। युवा संगम कार्यक्रम के तहत संभागीय आईटीआई रीवा में 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने रोजगार मेला के आयोजन के लिये विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। रोजगार मेले में 38 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, एमबीए, आईटीआई, डिप्लोमा मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा बीई मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल उतीर्ण युवा जिन्हें अलग-अलग कंपनियों में वेतन एवं भत्ते 7000 रुपए से 35 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

सर्दियों में न्यूरोलॉजिकल बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है: डॉ. निखिल

विशेषज्ञ डॉक्टर ने बचाव और सावधानी बरतने की सलाह दी

बालाघाट। सर्दियों का मौसम न्यूरोलॉजिकल (दिमाग और नसों) से जुड़ी बीमारियों वाले लोगों पर काफी असर डाल सकता है, हालांकि ठंड का मौसम अपने आप ये बीमारियाँ पैदा नहीं करती। लेकिन कम तापमान, कम धूप और बढ़ते श्वसन संबंधी सक्रमण लक्षणों को बढ़ा सकते हैं, बीमारी अचानक बढ़ सकती है और दिमाग और नसों की (न्यूरोलॉजिकल) समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। डॉ. निखिल डोंगरे, कंसल्टेंट-न्यूरोसाइंसेजी, न्यूरोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने बताया की, सर्दियों में खासतौर पर बुजुर्गों और पहले से किसी बीमारी से ग्रस्त लोगों में न्यूरोलॉजिकल सिस्टम के लिए जोखिम बढ़ जाती हैं। इन खतरों को समझकर लोग अपनी न्यूरोलॉजिकल सेहत की सुरक्षा के लिए उपाय कर सकते हैं। ठंड के महीनों में कई न्यूरोलॉजिकल समस्याएँ और बढ़ सकती हैं, जिनमें निम्नलिखित समस्याएं शामिल हैं: स्ट्रोक : ठंड के मौसम में रक्त वाहिकाएँ सिकुड़ती हैं और ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, जिससे स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। सर्दियों में होने वाले श्वसन सक्रमण से भी ब्लड क्लॉट जम सकते हैं। माइग्रेन और सिरदर्द: मौसम में बदलाव, ठंडी हवाएँ, और घर में हीटिंग अक्सर सिरदर्द को बढ़ा सकते हैं। मल्टिपल स्क्लेरोसिस फ्लेयर: विटामिन डी की कमी और सक्रमण की अधिकता एमएस के लक्षणों को बढ़ा सकते हैं। सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर: दिन की रोशनी कम होने से शरीर की जैविक घड़ी प्रभावित होती है और मनोदशा और सोचने-समझने की क्षमता पर असर पड़ता है। न्यूरोपैथिक दर्द: डायबिटीज से जुड़े नसों की बीमारिया या नसों की चोट वाले लोगों को अक्सर ठंडे तापमान में हाथ-पैरों में खून का बहाव कम होने की वजह से ज़्यादा दर्द होता है। सर्दियों में होने वाले इन्फेक्शन: फ्लू, आरएसवी और अन्य वायरल सक्रमण कभी-कभी गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्याएँ भी पैदा कर सकती हैं। सर्दियों में न्यूरोलॉजिकल समस्याओं के खतरे को कम करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए जा सकते हैं: शरीर को गर्म रखने के लिए कई लेयर वाले कपड़े पहनें और सर्दियों के अनुसार उचित कपड़े इस्तेमाल करें। घर की हवा में नमी बनाएँ और घर के अंदर वेंटिलेशन सही रखें। वैक्सीनेशन समय पर लें और स्वच्छता का ध्यान रखें। हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज जैसी पुरानी बीमारियों पर नज़र रखें। मूड को ठीक रखने के लिए पर्याप्त धूप लें या लाइट थेरेपी के बारे में सोचें। घर में व्यायाम और शारीरिक गतिविधियाँ करें। सामाजिक संबंध बनाए रखें और जरूरत पड़ने पर मानसिक स्वास्थ्य के लिए मदद लें। सर्दियों में गर्म रहना, एक्टिव रहना और इन्फेक्शन से बचाव करना जैसे छोटे बदलाव भी स्वास्थ्य पर बड़ा असर डाल सकते हैं।

समिति प्रबंधक व व उनके भतीजे दे रहे आवेदक को जान से मारने की धमकी

जागरण, रीवा। किसान सभा अध्यक्ष कांति कुमार दुबे द्वारा सेवा सहकारी समिति मर्यादित रिमारी एवं जवा में किसानों के फर्जी पंजीयन की शिकायत की गई थी। शिकायत पर कार्यवाही न होने पर श्री दुबे ने उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका दायर की थी, जिस पर 10 दिसंबर को उच्च न्यायालय द्वारा रिमारी व जवा खरीदी केन्द्र बंद करने के ओदश पारित किए हैं। उक्त कार्यवाही से बौखलाए संबंधित सेवा सहकारी समिति मर्यादित रिमारी के प्रभारी समिति प्रबंधक उदयभानसिंह व उसके भतीजे सुनील सिंह निवासी ग्राम रिमारी थाना पनवार दिनकर द्विवेदी निवासी अतरैला थाना अतरैला, नन्द कुमार द्विवेदी ग्राम चौखण्डी थाना अतरैला एवं उदयभान सिंह के सगे भाई व सहयोगियों द्वारा शिकायतकर्ता के परिचितों के माध्यम से जान से मारने की धमकी देकर उच्च न्यायालय जबलपुर में प्रस्तुत पिटीशन को वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। जिसकी शिकायत शिकायतकर्ता श्री दुबे ने पुलिस महानिरीक्षक को कर बताय ाकि धमकाने वाले लोग आपराधिक प्रवृत्ति के हैं जिनके ऊपर थाना पनवार में पुलिस के साथ मारपीट करने के अपराध पंजीबद्ध हैं। श्री दुबे ने धमकाने वाले प्रभारी समिति प्रबंधक सहित अन्य पर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

जल की पर्याप्त उपलब्धता से स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे : प्रदीप पटेल

ग्राम पंचायत ढाबा गौतमान में वाटरशेड महोत्सव का हुआ आयोजन

आंचलिक डेस्क। परियोजना स्तर पर प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत वाटरशेड महोत्सव का आयोजन परियोजना क्रमांक 02 हनुमना के ग्राम पंचायत ढाबा गौतमान में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप पटेल, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा मेहताब सिंह गुर्जर, सेवानिवृत कार्यपालन यंत्री डॉ नागेन्द्र प्रसाद मिश्र, जल संसाधन विभाग, जिला परियोजना अधिकारी वॉटरशेड डॉ संजय सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हनुमना सुरभि श्रीवास्तव, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, वाटरशेड समिति के अध्यक्ष एवं अधिकारी व कर्मचारियों गण तथा ग्रामीण जन मानस की उपस्थिति में भव्य आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि द्वारा कन्या पूजन व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, उसके पश्चात पौधरोपण, निर्माण कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया गया। उसी कड़ी में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया।

विधायक ने सुनी व्यापारियों की समस्याएं

मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल 15 दिसंबर को हनुमना नगर परिषद के सभी व्यापारियों एवं जनता जनार्दन से रूबरू हुए। व्यापारियों एवं जनता के द्वारा बताई गई समस्याओं को विधायक ने ध्यान पूर्वक सुना तथा जल्द समस्या का समाधान करने हेतु आश्वासन दिया। विधायक प्रदीप पटेल ने नगर परिषद के वार्ड क्रमांक4, 09,10,11 एवं अन्य वार्ड में घर-घर जाकर एवं व्यापारियों से समस्याएं जानी। इस दौरान उनके साथ हनुमना नगर के समाजसेवी जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

परियोजना के बताए लाभ

कार्यक्रम के तारतम्य में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा द्वारा परियोजना का संक्षिप्त परिचय दिया गया तथा लोगों को वर्षा जल संचय के विषय में बताया गया। उसके पश्चात सेवानिवृत कार्यपालन यंत्री जलसंसाधन विभाग द्वारा वर्षा जल संचय की तकनीकी जानकारी व पुरानी परम्पराओं को एक साथ जोड़ते हुए शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में जनभागीदारी व निर्मित संरचनाओं को लोगों को खुद का स्वामित्व मान रहा उसका देखभाल करना चाहिए, तथा पुरानी संरचनाओं के जीर्णोद्धार के विषय में बात की गई,जिसे कम लगात में ठीक किया जा सकता है।

सुंदरकांड की चौपाई सुनाकर किया प्रेरित

जिला परियोजना अधिकारी वॉटरशेड द्वारा सुंदरकांड की चौपाई बन बाग उपबन वाटिका सर कूप वापी सोहही, नर नाग सुर गंधर्व कन्या रूप मुनि मन मोहही के माध्यम से बहुत ही सुंदर तरीके से पानी की उपयोगिता तथा परियोजना द्वारा निर्मित संरचनाओं से हो रहे लाभों के बारे में बताया गया। राधा रमण तिवारी कृषक द्वारा वाटरशेड द्वारा निर्मित संरचनाओं से भू जलस्तर में हुई वृद्धि के बारे मे बताया गया, जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा सामूहिक पौधरोपण पर विशेष जोर दिया गया तथा जल संरक्षण के बारे में बताया गया।

लोकगीत से बताया जैविक खेती का महत्व

स्व सहायता समूह के सदस्य अनिता मिश्रा द्वारा जैविक खेती को स्वरचित लोकगीत के माध्यम से पिरोया तथा उन्होंने बताया जिस तरह से पंजाब हरियाणा से कैंसर ट्रेन चलती है, वैसी स्थिति हमारे विंध्य में निर्मित नहीं होनी चाहिए तथा कृषकों को जैविक खेती के लिए प्रेरित किया गया तदोपरांत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा स्थानीय समस्याओं के निराकारण हेतु उद्योगों की स्थापना व औषधीय कृषि व जैविक कृषि की ओर ध्यान इंगित किया, जल की उपलब्धता सुनिश्चित होने पर स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाने पर लगाई रोक

कलेक्टर मऊगंज ने धारा 163 के तहत आदेश किये जारी

मऊगंज जागरण। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन में आक्रोश एवं तनाव को रोकने के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मऊगंज संजय कुमार जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा।

कलेक्टर ने सोशल मीडिया यूट्यूब, फेसबुक, वाट्सएप, ट्विटर आदि पर भ्रामक और अपुष्ट सूचनाएं, पोस्ट, वीडियो या रील्स को अपलोड या फॉरवर्ड अथवा वायरल करने पर तत्काल रोक लगा दी है। यह कदम अपुष्ट खबरों के प्रसारण से उत्पन्न होने वाले संभावित आक्रोश और कानून-व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए उठाया गया है। कोई भी व्यक्ति या संस्थाएं भ्रामक एवं अपुष्ट सूचनाएं सोशल मीडिया पर अपलोड या फॉरवर्ड अथवा वायरल नहीं करेंगे। समस्त व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन को निर्देश है कि वे तथ्यहीन, अफवाह फैलाने वाले, या तनाव निर्मित करने वाले मैसेज प्रसारित न होने दें। नागरिकों को किसी भी अनजान लिंक को क्लिक न करने और अनजान एप्लीकेशन को डाउनलोड न करने का निर्देश दिया गया है। सक्षम प्राधिकारी से विधिवत अनुमति लिए बिना कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने जारी आदेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए होटल, लॉज, सिम कार्ड विक्रेताओं, कियोस्क संचालकों और मकान मालिकों के लिए भी निर्देश जारी किए हैं। होटल या लॉज संचालक रुकने वाले समस्त लोगों की सम्पूर्ण जानकारी निर्धारित प्रारूप में संकलित करें और उनके वैध दस्तावेजों की जांच करें। सिम कार्ड विक्रय के दौरान वैध दस्तावेजों का सावधानी से निरीक्षण/जांच करें और संपूर्ण वैधानिक प्रक्रिया का पालन करें। ऑनलाइन भुगतान या रुपये हस्तांतरण के लिए आने वाले समस्त व्यक्तियों की जानकारी निर्धारित फॉर्मेट में एक रजिस्टर में संधारित करें। किरायेदारों की जानकारी निर्धारित फॉर्मेट में तत्काल निकटस्थ थाने पर उपलब्ध कराएँ और बिना वैध दस्तावेजों के किसी भी व्यक्ति को मकान, फ्लैट, दुकान किराए पर नहीं दें। प्रतिष्ठान संचालक व्यापारी अपने यहाँ कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी समस्त वैध दस्तावेजों के साथ तत्काल निकटस्थ पुलिस थाना पर प्रदान करें।

कलेक्टर ने कहा है कि आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 एवं आयुध अधिनियम 1959 के तहत दण्डनीय कार्यवाही होगी। यदि जांच के दौरान कोई भी व्यक्ति ऐसी पोस्ट अपलोड या फारवर्ड करने में संलिप्त पाया जाता है तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के तहत कार्यवाही की जा सकेगी। चूंकि यह आदेश जिले के प्रत्येक नागरिक को व्यक्तिशः तामील कराना संभव नहीं है। अतः सर्वसाधारण को सार्वजनिक माध्यमों, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, समाचार पत्रों के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक और मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को विभागीय संसाधनों से आदेश का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा है।

अंजान बाबाधाम धवैया में भव्य कलश यात्रा के साथ सप्त दिवसीय श्रीराम कथा आज से

आंचलिक डेस्क। ग्रामांचल की सुप्रसिद्ध श्रीराम कथा का आयोजन इस वर्ष आज 17दिसम्बर से 23 दिसंबर तक साप्ताहिक चलने वाली कथा की तैयारी पूरी कर ली गई है। आज 12:30 बजे से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी और दो बजे से कथा व्यास सुप्रसिद्ध मानस कोकिला अन्नपूर्णा देवी जी द्वारा कथा प्रारम्भ कर दिया जाएगा, जो एक सप्ताह तक रोज दोपहर 12 बजे से शाम 5:30 तक चलेगी। साप्ताहिक चलने वाली कथा में आयोजन समिति ग्राम उत्थान समिति धवैया (सथिनी) द्वारा बताया गया है कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्य कथा का आयोजन किया गया है। आयोजकों ने सभी से अनुरोध किया है कि इस कथा में शामिल होकर, कथा सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान दें।

जिला पोषण समिति की बैठक आज

मऊगंज जागरण। कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के सभागार में 17 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गयी है। संबंधितों को उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

जिला कौशल समिति की बैठक आज

मऊगंज। जागरण कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में नवगठित जिला कौशल समिति की प्रथम बैठक 17 दिसंबर को दोपहर 12.30 बजे से कलेक्ट्रेट के सभागार में आहूत की गयी है। कलेक्टर ने संबंधित को बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिये हैं।

मऊगंज में अपर कलेक्टर ने आमजनता के 27 आवेदनों में की सुनवाई

मऊगंज जागरण। कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने आमजनता से प्राप्त 27 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन पत्रों के सात दिवस में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संदीप कुमार केवट निवासी ग्राम हर्राई मुड़हान ने उनके घर के ऊपर से निकली हुई 33 हजार केव्ही बिजली की लाइन हटाने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने अधीक्षण यंत्री ऊर्जा को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। रामाधार बहेलिया निवासी ग्राम छतैनी ने दो वर्षों से उचित मूल्य दुकान से खाद्यान्न न मिलने की शिकायत की। अपर कलेक्टर ने खाद्य निरीक्षक को आवेदक को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। छेदीलाल नाई निवासी ग्राम बेला कमोद ने आग दुर्घटना से मकान में हुई हानि की क्षतिपूर्ति के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार नईगढ़ी को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। शैलेन्द्र कुमार सेन निवासी ग्राम बरांव ने किसान सम्मान निधि के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार हनुमना को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मोतीलाल सिंह, वैद्यनाथ मिश्रा, विजय कुमार तिवारी, सिद्धमुनि शर्मा तथा अन्य आवेदकों के आवेदन पत्रों में भी सुनवाई की गई।

वैश्य महासम्मेलन सम्मान समारोह 21 दिसंबर को वृन्दावन गार्डन रीवा में

तहसील इकाई जवा के आजीवन सदस्यों की बैठक संपन्न

जवा ब्यूरो। वैश्य महासम्मेलन तहसील इकाई जवा के आजीवन सदस्यों के जिला स्तरीय सम्मेलन एवं सम्मान हेतु राज पैलेस जवा में बैठक आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि वैश्य महासम्मेलन रीवा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि युवा इकाई के जिला प्रभारी संजय गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र राय संरक्षक अमर बहादुर गुप्ता रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता मार्गदर्शन संरक्षक दिनेश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का संचालन वैश्य महासम्मेलन तहसील इकाई जवा के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं मां लक्ष्मी जी की प्रतिमा में दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि आगामी 21 दिसंबर दिन रविवार को वृन्दावन गार्डन रीवा में सुबह 11: 00 से जिला रीवा के आजीवन सदस्यों का सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया है, जिसमें वैश्य महासम्मेलन के समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारी आयोजन स्थल में पहुचने की अपील करते हुए बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता एवं प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया जायेगा, साथ ही उनका मार्गदर्शन भी हम सभी को प्राप्त होगा।

ये रहे मौजूद

बैठक में वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई जवा की अध्यक्ष मीरा गुप्ता, युवा इकाई के प्रभारी मोहित लाल गुप्ता, मोतीलाल सोनी, मानिक लाल सोनी, प्रभात गुप्ता, पन्नालाल गुप्ता, रमा निवास सोनी, शिवनंदन जायसवाल, सत्य प्रकाश सोनी, संतोष गुप्ता, डॉक्टर एस एन गुप्ता, राम उजागर गुप्ता, सोहनलाल गुप्ता, शिव शरण गुप्ता, सोमचंद सोनी, राजकुमार गुप्ता, विजय गुप्ता, संजय गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, चंद्रकाली गुप्ता सहित अन्य अधिकारी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

चंद्रमणि मिश्रा सांसद प्रतिनिधि जवा की नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में हर्ष

जवा ब्यूरो। रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं जिला कार्यसमिति सदस्य चन्द्रमणि मिश्रा दोदर को जनपद पंचायत जवा का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है, साथ ही यह अधिकार भी दिया गया है कि शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन हितग्राही मूलक योजनाओं के पक्ष प्रतिरक्षण हेतु सांसद प्रतिनिधि नामांकित किया जाता है। उनकी नियुक्ति पर सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष डभौरा माया गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जवा अखिलेश सिंह, डभौरा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र अग्निहोत्री, अतरैला मंडल अध्यक्ष शालिक राम साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश उर्मलिया, वरिष्ठ भाजपा नेता मुद्रिका प्रसाद तिवारी, दिनकर द्विवेदी, हरि प्रसाद कुशवाहा, गुलाब गुप्ता, संजय गुप्ता, प्रमोद पयासी, श्रीनिवास मिश्रा, नरेन्द्र मिश्रा, जिला कार्य समिति सदस्य दिनेश मिश्रा, राजमणि गुप्ता, राम सिया वर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

हाटेश्वर नाथ हाटा में पूसी तेरस का मेला आज

हनुमना, नि.प्र.। मऊगंज जिले के हनुमना नगर से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत हाटा में बहुत ही प्राचीन और वरदानी मंदिर है। संवाददाता को स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मंदिर हाटेश्वर नाथ के नाम से जाना जाता है, इस मंदिर में अनवरत भक्त दर्शन के लिए जाते हैं और भोलेनाथ सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। ऐसा कहा जाता है कि पूसी तेरस का एक अलग ही महत्व माना गया है, इस दिन को रीवा जिले से सीधी, सतना, मिर्जापुर जिला सहित अन्य जिले से एवं ग्रामीण पूसी तेरस को भगवान शिव का दर्शन करने के लिए हाटेश्वर नाथ हाटा में आते हैं और यहां विशाल मेला कई दिनों तक लगा रहता है, आयोजकों ने नगर एवं ग्रामीण भक्तों से यह अपील की है कि 17 दिसंबर को हाटेश्वर नाथ हाटा में भगवान शिव का दर्शन करें तथा अपने जीवन को कृतार्थ करें।

पूर्व सांसद डॉ. रामविलास वेदांती के निधन पर गुढ़ विधायक ने व्यक्त किया शोक



गुढ़ (नि.प्र)। पूर्व सांसद और प्रख्यात संत डॉ. रामविलास वेदांती महाराज का सोमवार को रीवा में निधन हो गया। उनके निधन पर गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वेदांती जी महाराज का जाना सनातन संस्कृति और रामभक्त समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक व्यक्त करने वालों में भाजपा जिला मंत्री बाबूलाल यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि एड. अनंत कुमार गुप्ता, नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह, नारायण मिश्रा, राजकुमार मिश्रा, अरुण सिंह, डॉ. ज्ञानेश्वर द्विवेदी, अनिल सिंह, एड. के. टी. निवास मिश्रा, काशीनाथ पटेल, बी. के. पांडेय, कपूरचंद्र सोनी, मंडल उपाध्यक्ष गीता मुंद्रिका तिवारी, कपिल पयासी, रावेंद्र मिश्रा, भूपेंद्र प्रताप सिंह, आलेश पयासी, महामंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ला, मंतु यादव, मंत्री धनपतलाल गुप्ता, अभिषेक सिंह, प्रकाश सोनी, श्रीमती रामबाई कोल, सूर्यप्रकाश पांडेय, लीलावती द्विवेदी, संतोषी महेंद्र जायसवाल, दिलीप दुबे, दामोदर प्रसाद नामदेव, बालेंद्र त्रिपाठी, राजबहोर कुशवाहा, धीरू शुक्ला, सनत कुमार शुक्ला, प्रभात तोमर, डॉ. भृगुनाथ पांडेय, पार्षद ओम त्रिपाठी, बबिता आनंद यादव, अशोक कचेर, अर्चना नितेश साकेत, रामसेवक पटेल, श्रीमती रक्षारानी पटेल, सरजू माली सहित सैकड़ों लोग शामिल हैं। सभी ने दिवंगत संत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों और संघर्षों को स्मरण किया।

नगर परिषद सेमरिया अध्यक्ष पद पर उप चुनाव के लिए भरा गया नामांकन

बीजेपी अधिकृत प्रत्याशी आराधना विश्वकर्मा ने भरा नामांकन भाजपा जिलाध्यक्ष सहित पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी रहे उपस्थित

सेमरिया, नि.प्र.। सेमरिया नगर परिषद के अध्यक्ष पद एवं पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपने प्रत्याशी उप चुनाव हेतु उतार दिए है संवाददाता को बीजेपी नेताओं ने बताया कि बीजेपी ने अध्यक्ष पद हेतु आराधना विश्वकर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। ज्ञात हो कि पूर्व अध्यक्ष रानी विश्वकर्मा के निधन के बाद पार्टी ने उप चुनाव में उनकी बहू आराधना विश्वकर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं वार्ड 3 में विष्णु हरि केशरी को अपना पार्षद प्रत्याशी बनाया है, स्थानीय हनुमान पार्क में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थित में एक सभा का आयोजन कर पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थित में एक रैली हनुमान पार्क से तहसील कार्यालय तक निकाल कर सेमरिया के अध्यक्ष पद हेतु भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी आराधना विकास विश्वकर्मा एवं वार्ड 03 के पार्षद पद हेतु पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी हरी विष्णु केसरी (गोल्डेन गुप्ता) का नामांकन पत्र दाखिल किया गया।

इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता , सेमरिया के पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, भाजपा के जिलामहामंत्री विवेक गौतम, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय द्विवेदी जिला उपाध्यक्ष मनीषचंद्र शुक्ला, जिला मंत्री सुमन शुक्ला, रीवा जनपद अध्यक्ष संगीता राजेश यादव ,नगर परिषद सेमरिया के उपाध्यक्ष मुरलीधर शर्मा, सेमरिया मंडल अध्यक्ष अरुणेंद्र तिवारी, शाहपुर मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह, बनकुइया मंडल अध्यक्ष शेषमणी पांडे, मनकहरी मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, राजेंद्र त्रिपाठी ,राजाराम गुप्ता, अरुण प्रताप सिंह, भागीरथी शुक्ला, राजकिशोर गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि रीवा राजेश पांडे, दामोदर पाठक, जयराम अग्निहोत्री ,झल्लू सिंह, अनिल पांडे, सीएम शर्मा, राजेश्वर अग्निहोत्री, पुरुषोत्तम शर्मा , नंदकुमार अग्निहोत्री, समस्त पार्षद, पार्टी कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

डीए एरियर्स के शीघ्र भुगतान की माँग

त्योंथर ब्यूरो। मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील त्योंथर के अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सक्षम अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कर्मचारियों के लंबित डीए एरियर्स के शीघ्र भुगतान की माँग किया है। ज्ञातव्य है कि इस बावत संघ द्वारा दो माह पूर्व विभाग को पत्राचार किया गया था तत्पश्चात स्मरण पत्र भी दिया जा चुका है किन्तु अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका जो खेदजनक है। संघ द्वारा विगत माह क्षेत्रीय विधायक सिद्धार्थ तिवारी को भी ज्ञापन देकर अवगत कराया गया था। अभी तक कर्मचारियों का एरियर्स का भुगतान नहीं किया गया है। अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र ने डीए एरियर्स के शीघ्र भुगतान की माँग की है।

पूर्व विधायक स्वर्गीय पं रामधनी मिश्रा की 27 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन

मऊगंज ब्यूरो। मऊगंज जिले में शिक्षा की ज्योति जलाने वाले जीवन में शिक्षा का महत्व बताने वाले महाविद्यालय एवं सरस्वती बल मंदिर विद्यालय जैसी शिक्षा के मंदिर की स्थापना करने वाले पूर्व विधायक स्वर्गीय पंडित रामधनी मिश्रा की 27 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। बाल मंदिर विद्यालय एवं महाविद्यालय प्रांगण में उनकी अलौकिक मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद करते हुए उनके उद्देश्य एवं मार्गदर्शन पर चलने की प्रेरणा ली गई। जिले में महामना के रूप में एक उनकी अलग पहचान और प्रसिद्ध है। सोमवार को उनके परिजनों में बेनी माधव मिश्रा, बसंत मिश्रा, बुद्ध सेन पटेल, राम यश त्रिपाठी, छोटेलाल शर्मा, एसबी सिंह, कामेश्वर मिश्र, शिव गुप्ता, उर्मिला मिश्रा, विश्वनाथ मिश्र सहित कई लोग उपस्थित रहे।

तथागत स्कूल मझिगवां के बच्चों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

त्योंथर ब्यूरो। स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय फील्ड एवं अर्चरी तीरंदाजी प्रतियोगिता देवसर, जिला सिंगरौली में 07 दिसंबर से 10 दिसंबर तक ऐतिहासिक आयोजन हुआ। उद्घाटन की विशेषता यह रही कि विद्वान श्री पाठक, विशिष्ट शिक्षा विभाग के मुख्य अतिथि, ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए शानदार मार्गदर्शन दिया। खिलाड़ियों ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 15 वर्ष एवं 17 वर्ष आयु वर्ग बालक-बालिकाओं ने सहभागिता की। तथागत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझिगवां तहसील त्योंथर का प्रदर्शन सराहनीय रहा। जीत की खुशी में स्कूल की डायरेक्टर अमृता कुशवाहा, प्राचार्य सुरेश कुशवाहा ने बधाइयां दी हैं तथा खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

श्री रामलीला में हुआ परशुराम लक्ष्मण संवाद

मऊगंज ब्यूरो। मऊगंज ग्राम घुरेहटा बगीचा प्रांगण में चल रही श्री रामलीला में लक्ष्मण और परशुराम का काफी देर तक संवाद सुनकर श्रोता दर्शक मंत्र मुग्ध् हुए, तत्पश्चात श्री सीताराम जी का विवाह बड़े धूमधाम से मनाया गया। कमेटी के प्रधान अध्यक्ष यादवेंद्र पाल डायरेक्टर पंडित रमेश द्विवेदी एडवोकेट, महेश प्रसाद द्विवेदी, शशिकला दुबे, विद्या चरण दुबे, बृजेश तिवारी एडवोकेट सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

आदतन अपराधी को एक साल तक थाने में हाजिरी के आदेश

मऊगंज। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज संजय कुमार जैन ने आदतन अपराधी अभय मिश्रा को एक साल तक प्रत्येक 15 दिन में तक थाना शाहपुर में हाजिरी देने के आदेश दिए हैं। आदतन अपराधी अभय मिश्रा पिता सत्यप्रकाश मिश्रा आयु 21 वर्ष निवासी धरमपुरा के विरुद्ध थाना शाहपुर में कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इस संबंध में आवेदक को नोटिस दिया गया था। नोटिस की सुनवाई के बाद उसके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की गई है।

शावेन्द्र शर्मा बनाए गए भाजपा के कटरा मंडल अध्यक्ष

कटरा/गढ़ निप्र। भारतीय जनता पार्टी ने कटरा मंडल का अध्यक्ष जनपद पंचायत सदस्य त्योंथर के प्रतिनिधि एवं बजरंग ढाबा के संचालक शाबेन्द्र शर्मा को बनाया है, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने घोषणा की है। कटरा मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर शावेन्द्र शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंतखंडेलवाल रीवा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता एवं त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि पार्टी ने मुझे जिस विस्वास के साथ जिम्मेदारी दिया है, मैं पूरे मनोयोग से कार्य करूंगा, शावेन्द्र शर्मा को कटरा मंडल अध्यक्ष बनाए जाने से क्षेत्र में हर्ष की लहर है। उनके इष्ट मित्र संदीप त्रिपाठी, शैलेंद्र त्रिपाठी, अनिरूद्ध चतुर्वेदी, कटरा सरपंच राजेश सोनी, गौरव मेडिकल कटरा के संचालक बृजेंद्र तिवारी, घूमा सरपंच भूपेन्द्र मिश्रा, कांकर सरपंच मनीष सिंह, पूर्व सरपंच घनश्याम सिंह, कलवारी सरपंच नागेंद्र द्विवेदी, विष्णु प्रसाद मिश्रा मनीष मिश्रा, गज्जू पांडेय, अशोक गुप्ता, राहुल गुप्ता, शिवरतन नामदेव जमुई सरपंच राजेंद्र लोनिया, राम लखन नामदेव, सतीश त्रिपाठी, अशोक नामदेव, मिठाई लाल गुप्ता, लालजी पांडे, राकेश पयासी, देउर सरपंच लक्ष्मण यादव, इंडेन गैस एजेंसी कलवारी के संचालक सरोज वर्मा, भोले नामदेव आदि लोगों ने शावेन्द्र शर्मा को मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।

सीएसके ने लगाया युवाओं पर दांव, केकेआर ने 2 खिलाड़ियों पर लुटाए 43.20 करोड़ रुपए

अबु धाबी, जेएनएन। आईपीएल 2026 के मिनी ऑक्शन में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने अपनी पारंपरिक अनुभव-प्रथम नीति को छोड़कर युवा अनकैप्ड खिलाड़ियों पर जोर दिया। सीएसके ने प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा को 14.2 करोड़ रुपये प्रत्येक में खरीदा, जो कुल 28.4 करोड़ रुपए हुए। यह राशि उनकी 43.40 करोड़ की पर्स का दो-तिहाई हिस्सा है। दूसरी ओर, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने सबसे बड़ा दांव लगाया। उन्होंने कैमरन ग्रीन को रिकॉर्ड 25.20 करोड़ और मथीशा पथिराना के लिए 18 करोड़ रुपए खर्च किए। आईपीएएल नीलामी के बाद सभी 10 टीमों की स्थिति...

रॉयल्स चैलेंज बैंगलोर : आरसीबी ने पिछले साल वेंकटेश अय्यर के लिए 23.50 करोड़ तक की बोली लगाई थी, लेकिन इस बार उन्हें मात्र 7 करोड़ में अपनी टीम में शामिल कर लिया। टीम काफी स्थिर है। 140 किमी/घंटा की रफ्तार वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मंगेश यादव व यश दयाल का बैकअप होंगे। टीम में सुयश शर्मा के अलावा कलाई के स्पिनर का कोई मजबूत बैकअप नहीं है। **टीमः** विराट कोहली, पाटीदार, डेविड, पडिक्कल, साल्ट, जितेश शर्मा, जॉर्डन कॉक्स, जैकब बेथेल, वेंकटेश अय्यर, क्रुणाल, स्वप्निल सिंह, शेफर्ड, सात्विक देसवाल, कनिष चौहान, विहान मल्होत्रा, विक्की ओस्तवाल, सुयश शर्मा, भुवनेश्वर, हेजलवुड, रसिख सलाम, मंगेश यादव, यश दयाल, जैकब डफी, नुवान थुशारा, अभिनंदन सिंह।

लखनऊ सुपर जाइंट्स : डेविड मिलर को रिलीज करने के बाद लखनऊ को एक फिनिशर नहीं मिल पाया। जोश इंग्लिस को 8.6 करोड़ में खरीदा, लेकिन वे सीजन के बड़े हिस्से के लिए अनुपलब्ध रहेंगे। **टीमः** समद, बदोनी, ब्रेट्जके, हिम्मत सिंह, मार्कराम, अक्षत रघुवंशी, पंत, पूरन, इंग्लिस, मुकुल चौधरी, अर्शिन कुलकर्णी, हसरंगा, मिशेल मार्श, शाहबाज अहमद, दिग्वेश राठी, एम सिद्धार्थ, आकाश सिंह, आवेश, शमी, मोहसिन, एनरिच नोर्टजे, प्रिंस यादव, अर्जुन तेंदुलकर, मयंक यादव, नमन तिवारी।

सनराईजर्स हैदराबाद : तीसरे सबसे बड़े पर्स के बावजूद हैदराबाद नीलामी में देर से सक्रिय हुई। टीम ने लियाम लिविंगस्टोन (13 करोड़ रुपए) उनकी एकमात्र बड़ी खरीद रहे। हालांकि मोहम्मद शमी के जाने के बाद तेज गेंदबाजी थोड़ी कमजोर दिख रही है। **टीमः** हेड, अनिकेत वर्मा, आर स्मरण, क्लासेन, इशान किशन, सलिल अरोड़ा, लिविंगस्टोन, अभिषेक शर्मा, नीतीश रेड्डी, ब्रायडन कार्स, कमिंस, हर्षल पटेल, मेंडिस, हर्ष दुबे, जैक एडवर्ड्स, शिवांग कुमार, क्रेंस फुलेत्रा, जीशान अंसारी, अमित कुमार, एशान मालिंगा, उनादकट, मावी, ओंकार तरमाले, साकिब हुसैन, प्रफुल हिंगे

पंजाब किंग्स : आईपीएल 2025 की उपविजेता पंजाब किंग्स ने ज्यादा छेड़छाड़ नहीं की। टीम में जोश इंग्लिस की जगह कूपर कोनोली को शामिल किया गया है। बेन द्वारशियस अनुभवी विदेशी गेंदबाज के तौर पर जुड़े हैं। **टीमः** हरनूर सिंह, नेहल वढ़ेरा, प्रियांश आर्य, पाइला अविनाश, श्रेयस अय्यर, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, अजमतुल्लाह ओमरजाई, बेन द्वारशुइस, कूपर कोनोली, हरप्रीत ब्रार, मार्को जानसेन, मार्कस स्टोइनिस, मिशेल ओवेन, मुशीर खान, शशांक सिंह, सूर्यांश शेडगे, प्रवीण दुबे, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, लॉकी फार्ग्यूसन, विजयकुमार व्यशाक, विशाल निषाद, जेवियर बार्टलेट, यश ठाकुर।

दिल्ली कैपिटल : दिल्ली में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो अलग-अलग भूमिका निभा सकते हैं। अगर आकिब नबी या नटराजन फॉर्म में नहीं होते, तो वे विदेशी पेस अटैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। **टीमः** करुण नायर, नीतीश राणा, पथुम निसांका, आशुतोष शर्मा, डेविड मिलर, समीर रिजवी, साहिल पारख, केएल राहुल, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, बेन डकेट, अक्षर पटेल, विप्राज निगम, काइल जैमीसन, औकिब नबी, माधव तिवारी, टी विजय, अजय मंडल, कुलदीप यादव, मिशेल स्टार्क, मुकेश कुमार, टी नटराजन, लुंगी एनगिडी, दुष्मंथा चमीरा।

कोलकाता नाइटराइडर्स : केकेआर नीलामी में सबसे बड़े पर्स के साथ गई और उसने इसका भरपूर फायदा उठाया। फ्रेंचाइजी ने ग्रीन को 25.20 करोड़ रुपए में खरीदकर विदेशी खिलाड़ी का रिकॉर्ड तोड़ दिया। साथ ही पथिराना और मुस्तफिजुर रहमान के रूप में डेथ ओवर स्पेशलिस्ट जोड़े। **टीमः** रहाणे, कैमरन ग्रीन, एलन, पथिराना, तेजस्वी सिंह, कार्तिक त्यागी, अनुकूल रॉय, हर्षित राणा, मनीष पांडे, रमनदीप सिंह, प्रशांत सोलंकी, राहुल त्रिपाठी, टिम सीफर्ट, मुस्तफिजुर रहमान, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती, सार्थक रंजन, दक्ष कामरा, रचिन रवींद्र, आकाश दीप, अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह, पॉवेल, सुनील नरेन, उमरान मलिक।

राजस्थान रॉयल्स : नीलामी से पहले राजस्थान को वानिंदु हसरंगा और थीक्षाना के विकल्प चाहिए थे। टीम ने रवि बिश्नोई को 7.20 करोड़ में खरीदकर अपनी स्पिन को और धारदार बना लिया। एडम मिल्ने के रूप में विदेशी पेसर भी जोड़ा। **टीमः** ल्हुआन-ड्रे प्रेटोरियस, हेटमायर, शुभम दुबे, सूर्यवंशी, जायसवाल, अमन राव, जुरेल, रवि सिंह, डोनोवन फेरेरा, जडेजा, सैम करन, रियान पराग, युधवीर सिंह, बिश्नोई, यश राज पुंजा, विग्नेश पूथुर, आर्चर, मफाका, बर्गर, संदीप शर्मा, देशपांडे, सुशांत मिश्रा, एडम मिल्ने, कुलदीप सेन, बृजेश शर्मा।

गुजरात टाइटंस : टीम के पास भरने के लिए ज्यादा जगह नहीं थी। जेसन होल्डर उनकी सबसे बड़ी खरीद रहे। टॉम बैंटन और ल्यूक वुड के रूप में अच्छे बैकअप बेस प्राइस पर मिले। यह उन दो टीमों में से है, जिसने अपना विदेशी कोटा पूरा नहीं किया। **टीमः** शुभमन गिल, सुदर्शन, टॉम बैंटन, ग्लेन फिलिप्स, शाहरुख खान, बटलर, अनुज रावत, कुमार कुशाग्र, होल्डर, राशिद, वाशिंगटन , सुथार, तेवतिया, निशांत सिंधु, जयंत यादव, अरशद खान, साई किशोर, रबाडा, ल्यूक वुड, सिराज, कृष्णा, गुरनूर ब्रार, इशांत, अशोक शर्मा, पृथ्वी राज यार्रा।

चेन्नई सुपर किंग्स : सीएसके इस बार नीलामी में दूसरी सबसे बड़ी राशि (43.40 करोड़) के साथ उतरी थी। टीम ने अपनी पारंपरिक अनुभव-पहले की रणनीति को पूरी तरह बदल दिया। टीम ने प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा जैसे दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को एक समान 14.2 करोड़ रुपए की भारी कीमत पर खरीदा। हालांकि टीम में मध्यक्रम और गेंदबाजी आक्रमण में आईपीएल के अनुभव की कमी दिख रही है। **टीमः** रुतुराज गायकवाड़, डेवाल्ड ब्रेविस, आयुष म्हात्रे, सरफराज खान, मैट शॉर्ट, संजू सैमसन, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, कार्तिक शर्मा, शिवम दुबे, जैक फाउल्क्स, रामकृष्ण घोष, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, अकील होसेन, अमन खान, प्रशांत वीर, नूर अहमद, राहुल चाहर, खलील अहमद, नाथन एलिस, मैट हेनरी, गुरजापनीत सिंह, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी।

मुंबई इंडियंस : एक सेटल टीम के साथ आई थी और उन्होंने ज्यादा उथल-पुथल नहीं की। उन्होंने उन्होंने डीकॉक और अथर्व अंकोलेकर जैसे खिलाड़ियों को बेस प्राइस पर खरीदा। टीम में ऑलराउंडरों की भरमार है। **टीमः** रोहित शर्मा, सूर्यकुमार, दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज, रिकेल्टन, डीकॉक, शार्दुल, रदरफोर्ड, बोश, हार्दिक, सैंटनर, धीर, राज बावा, तिलक, विल जैक्स, अथर्व अंकोलेकर, मयंक मार्कंडे, एएम गजानफर, रघु शर्मा, अश्वनी कुमार, दीपक चाहर, बुमराह, बोल्ट, इजहार

भारत की दूसरी बड़ी जीत, मलेशिया को 315 रन से रौंदा

यूथ वनडे में दोहरा शतक जड़ने वाले पहले भारतीय अभिज्ञान

अंडर-19 एशिया कप

जेएनएन, दुबई

अभिज्ञान कुंडू के रिकॉर्ड नाबाद 209 रन और दीपेश देवेंद्रन के पांच विकेट की मदद से भारत ने अंडर 19 एशिया कप मैच में मंगलवार को मलेशिया को 315 रन से हराया। यह रनों के अंतर से युवा वनडे में भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले 2022 में भारत ने युगांडा को 322 रन से हराया था। कुंडू युवा वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने। उन्होंने अपनी पारी में 125 गेंदों का सामना करके 17 चौके और नौ छक्के लगाए, जिसकी मदद से भारत ने सात विकेट पर 408 रन जोड़े। जवाब में दाहिने हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज देवेंद्रन ने 22 रन देकर पांच विकेट चटकाते हुए मलेशियाई बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। मलेशिया की टीम 32.1 ओवर में 93 रन पर आउट हो गई। भारत के लिए वैभव सूर्यवंशी ने 26 गेंद में 50 रन बनाए। उन्होंने यूएई के खिलाफ इसी टूर्नामेंट में 171 रन की पारी खेली थी। चौथे नंबर पर उतरे वेदांत त्रिवेदी और कुंडू ने चौथे विकेट के लिए 209 रन की साझेदारी की। कुंडू ने अपनी पारी में 55 सिंगल निकाले। त्रिवेदी ने 106 गेंद में सात चौकों की मदद से 90 रन बनाए। कुंडू ने कनिष्क चौहान के साथ पांचवें विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी की।

17 साल के कुंडू दक्षिण अफ्रीका के जोरिच वान शाकविक के बाद युवा वनडे में दोहरा शतक जमाने वाले दूसरे बल्लेबाज हो गए। जोरिच ने इस साल की शुरुआत में हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ 153 गेंद में 215 रन बनाए थे।

लखनऊ में भारत की नजरें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज में बढ़त लेने पर

दोनों टीमों के बीच चौथा मैच आज शाम सात बजे से, प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स व जियो हॉटस्टार पर

जेएनएन, लखनऊ

शुभमन गिल का खराब प्रदर्शन चर्चा का विषय बना हुआ है, लेकिन साथ ही खराब फॉर्म से जूझे रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव भी समीक्षा के दायरे में हैं, क्योंकि भारत बुधवार को चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सही संतुलन तलाश कर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैच की सीरीज में विजयी बढ़त बनाने के इरादे से उतरेगा। भारत फिलहाल पांच मैच की सीरीज में 2-1 से आगे है। सीरीज में अब तक किस्मत बहुत तेजी से बदली है। पहले मैच में भारत का दबदबा था, लेकिन दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका ने बाजी पूरी तरह से पलट दी। तीसरे मैच में भारत ने फिर एकतरफा जीत दर्ज की और दक्षिण अफ्रीका सीरीज को जीवंत रखने के लिए बुधवार को हर हाल में जीत हासिल करने के इरादे से उतरेगा। टी-20 विश्व कप में दो महीने से भी कम समय बचा है और ऐसे में गत चैंपियन टीम चाहेगी कि उनका कप्तान और प्रमुख बल्लेबाज जल्द से जल्द लय फिर से हासिल कर ले। उप कप्तान शुभमन गिल का प्रदर्शन भी काफी खराब रहा है। उनके पारी का आगाज करने से भारत का शीर्ष क्रम अस्थिर हो गया है। गिल ने अच्छी तरह से स्थापित संजू सैमसन की जगह ली।

पिच और हालात हालांकि ठंड रहेगी, लेकिन लखनऊ धर्मशाला जितना ठंडा नहीं होगा। तापमान 10 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है, जिससे स्पिन के अनुकूल पिच तैयार करना अब भी मुश्किल रहेगा। आईपीएल के दौरान गर्मियों में लखनऊ उन मैदानों में शामिल रहा है जहां स्कोर का बचाव किया जा सकता है। रात के मैचों में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों का 8-11 का रिकॉर्ड सम्मानजनक है, लेकिन सर्दियों में ओस काफी रहने की उम्मीद है, जिससे टीमें लक्ष्य का पीछा करना पसंद करेंगी।

भारतः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शाहबाज अहमद, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, संजू सैमसन, हर्षित राणा, कुलदीप यादव और वाशिंगटन सुंदर।

दक्षिण अफ्रीकाः एडेन मारक्रम (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, रीजा हेंड्रिक्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसेन, लूथो सिपाम्ला, ओटनील बार्टमैन, एनरिक नोर्किया, लुंगी एनगिडी, कोर्बिन बॉश, केशव महाराज और जॉर्ज लिंडे।

एशेज सीरीज : तीसरा टेस्ट मैच आज से एडिलेड में

ऑस्ट्रेलिया सीरीज पर कब्जा करने उतरेगी, इंग्लैंड की नजरें वापसी पर

एडिलेड, जेएनएन। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच 17 दिसंबर से एडिलेड ओवल में खेला जाएगा। पांच मैचों की इस प्रतिष्ठित सीरीज में ऑस्ट्रेलिया फिलहाल 2-0 की बढ़त बनाए हुए है, और इस मुकाबले को जीतकर वह सीरीज बरकरार रखने की कोशिश करेगा। वहीं, इंग्लैंड इस मैच में जीत दर्ज कर सीरीज में वापसी करने के इरादे से उतरेगी। एडिलेड में तेज गेंदबाज कप्तान पैट कमिंस की वापसी से ऑस्ट्रेलियाई टीम और मजबूत हो गई है। वहीं बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम मुश्किल दौर से गुजर रही है। पहले दो मैचों में उनकी बल्लेबाजी कमजोर साबित हुई, जहां जो रूट और ओली पोप जैसे खिलाड़ी फॉर्म में नहीं दिखे। यह मैच दोनों टीमों के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। एडिलेड ओवल की पिच शुरुआत में तेज गेंदबाजों को मदद देती है, लेकिन बाद में बल्लेबाजों के लिए अनुकूल हो जाती है। बॉन्डी बीच गोलीबारी के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए इस मैच में खिलाड़ी काली पट्टी बांधकर खेलेंगे और झंडे आधे झुकाए जाएंगे।

इंग्लैंडः जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ, विल जैक्स, जोश टंग, ब्राइडन कार्स और जोफ्रा आर्चर।

ऑस्ट्रेलियाः जैक वेदराल्ड, ट्रेविस हेड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, कैमरन ग्रीन, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिस, पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड।

विश्व टूर फाइनल्स : ग्रुप ऑफ डेथ में सात्विक-चिराग की होगी कड़ी परीक्षा

हांगझोउ, जेएनएन। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बुधवार से शुरू होने वाले सत्रांत बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी को उस ग्रुप में जगह मिली है, जिसे 'ग्रुप ऑफ डेथ' (सबसे मुश्किल ग्रुप) माना जा रहा है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हर वर्ग में आठ शीर्ष खिलाड़ी या जोड़ियां शामिल होती हैं, जिनका चयन विश्व टूर कैलेंडर में प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। दुनिया की पूर्व नंबर एक और अब तीसरे नंबर की सात्विक और चिराग की जोड़ी इस एलीट प्रतियोगिता में एकमात्र भारतीय प्रतिनिधि हैं। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग को ग्रुप-बी में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा, क्योंकि इस ग्रुप में कई ओलंपिक पदक विजेता शामिल हैं।

मप्र के ऐश्वर्य ने विश्व रिकॉर्ड के साथ थ्री पी में जीता स्वर्ण

भोपाल, खेप्र। मध्यप्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी के खिलाड़ी विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने मंगलवार को 68वीं निशानेबाजी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन फाइनल में 470.5 का विश्व रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। ऐश्वर्य का स्कोर मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 1.6 अंक अधिक है। मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी में खेली जा रही इस प्रतियोगिता में ऐश्वर्य ने शुरुआत से ही शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वालिफाइंग में 597 के अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की, जो उन्होंने हाल ही में दोहा में संपन्न हुए आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में बनाया था। नौसेना के निशानेबाज नीरज कुमार ने 463.7 अंकों के साथ रजत पदक जीता। इसी स्पर्धा में डेफ केटेगरी में मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी के खिलाड़ी कुशाग्र सिंह राजावत ने स्वर्ण पदक जीता।

हैदराबाद को हराकर हरियाणा फाइनल में, झारखंड से खिताबी मुकाबला, पंजाब ने मप्र को दी शिकस्त

पुणे, जेएनएन। हरियाणा ने मंगलवार को हैदराबाद को 124 रनों से शिकस्त देकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में जगह पक्की की, जहां उसका सामना झारखंड से होगा। सामंत जाखड़ (22 गेंद में 60 रन) और अंकित कुमार (27 गेंदों में 57) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत हरियाणा ने सात विकेट पर 246 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। पार्थ वत्स ने आखिरी ओवरों में 19 गेंद 45 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद 16.1 ओवर में 122 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले ग्रुप के अन्य मैच में अजिंक्य रहाणे के नाबाद 72 रन और सरफराज खान के 22 गेंद में 73 रन की मदद से मुंबई ने राजस्थान को तीन विकेट से हराया। जीत के लिए 217 रन के लक्ष्य के जवाब में मुंबई ने विकेट गंवाने के बावजूद रनगति बनाए रखी और 11 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। रहाणे और सरफराज ने दूसरे विकेट के लिए 39 गेंद में 111 रन जोड़े। इससे पहले राजस्थान ने दीपक हुड्डा (31 गेंद में 51 रन) और मुकुल चौधरी (28 गेंद में नाबाद 54 रन) की पारियों के दम पर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 216 रन बनाए।

वेंकटेश का अर्धशतक बेकार

झारखंड ने आंध्र प्रदेश से नौ रन से हार के बावजूद सुपर लीग ग्रुप ए में शीर्ष पर रहकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। आंध्र ने सात विकेट पर 203 रन बनाए और झारखंड को आठ विकेट पर 194 रन पर रोक दिया। झारखंड प्लस 0.221 के नेट रनरेट के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहा, जबकि आंध्र का नेट रनरेट माइनस 0.113 था। वेंकटेश अय्यर ने मध्यप्रदेश के लिए अर्धशतक बनाया, लेकिन पंजाब को दो विकेट से जीतने से नहीं रोक पाए। जल्द ही 31 बरस के होने वाले वेंकटेश ने 43 गेंद में 70 रन बनाए, जिससे मप्र ने आठ विकेट पर 225 रन का मजबूत स्कोर बनाया। पंजाब ने हरनूर सिंह की 36 गेंद में 64 रन की पारी की बदौलत 19.1 ओवर में आठ विकेट पर 226 रन बनाकर जीत दर्ज की।

फीफा पुरस्कार: ओवाले का 'स्कॉर्पियन किक' व मोंटिएल का 'ओवरहेड शॉट' सर्वश्रेष्ठ गोल

दोहा, जेएनएन। महिला फुटबॉल की अब तक की सबसे महंगी खिलाड़ी लिजाबेथ ओवाले के 'स्कॉर्पियन किक' और सैंटियागो मोंटिएल के लंबी दूरी के 'ओवरहेड शॉट' को मंगलवार को बीते सत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ गोल के फीफा पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। दोनों ही खिलाड़ियों ने गोल करते समय गेंद को नेट की ओर पीठ करके मारा था। प्रशंसकों के वोटों के आधार पर ओवाले को मार्टा पुरस्कार और मोंटिएल को पुस्कास पुरस्कार के लिए चुना गया है। ओवाले ने मेक्सिकन लीग में 'तिग्रेस' का प्रतिनिधित्व करते हुए गुआडालाजारा के खिलाफ हवा में उछलते हुए अपनी एड़ी से गेंद को फ्लिक कर गोल किया था। यह गोल स्कॉर्पियन किक कहलाता है। महिला वर्ग का यह पुरस्कार ब्राजील की महान खिलाड़ी मार्टा के नाम पर रखा गया है, जो अब ओवाले की साथी खिलाड़ी हैं। मार्टा ने पिछले साल यह पुरस्कार जीता था और उनका गोल भी मौजूदा पुरस्कारों के लिए नामित किया गया था। मोंटिएल ने अर्जेंटीना की 'प्राइमेरा डिवीजन में इंडिपेंडियंटे रीवाडाविया के खिलाफ खेलते हुए इंडिपेंडियंटे के लिए गोल किया था। कॉर्नर से डिफेंडर के हेडर के बाद उछलती हुई गेंद को उन्होंने लगभग 22 मीटर (यार्ड) दूर से हवा में उछलकर ओवरहेड शॉट से गोल में बदल दिया।

सबालेंका फिर डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनीं, सेरेना-स्वियातेक की बराबरी की

न्यूयॉर्क, जेएनएन। आर्यना सबालेंका ने सोमवार को लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। उन्हें अमेरिकी ओपन जीतने, दो अन्य ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने और सत्र का अंत नंबर एक खिलाड़ी के रूप में करने के लिए मीडिया पैनल से लगभग 80 प्रतिशत वोट मिले। सबालेंका पिछले 25 वर्षों में सेरेना विलियम्स और इगा स्वियातेक के साथ लगातार दो बार यह सम्मान जीतने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। बेलारूस की 27 साल की सबालेंका 2025 में महिला टेनिस में मैच जीतने (63 जीत, 12 हार), खिताब जीतने (चार) और फाइनल में पहुंचने (नौ) में सबसे आगे रहीं। उन्होंने एक करोड़ 50 लाख डॉलर की इनामी राशि जीतकर टूर रिकॉर्ड बनाया। वह पूरे साल नंबर एक खिलाड़ी रहीं। सबालेंका जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में मेडिसन कीज से और जून में फ्रेंच ओपन के फाइनल में कोको गॉफ से हार गईं थी। वह जुलाई में विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचीं और फिर सितंबर में अमेरिकी ओपन के फाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को हराकर अपने करियर की चौथी ग्रैंड स्लैम एकल ट्रॉफी जीती। अमेरिका की 24 साल की अमांडा अनिसिमोवा को विंबलडन और अमेरिकी ओपन के फाइनल में पहुंचने के लिए सबसे अधिक सुधार करने वाली खिलाड़ी चुना गया। अन्य पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों में विकी म्बोको को साल की सर्वश्रेष्ठ नई खिलाड़ी, बेलिंडा बेनसिक को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और कैटरीना सिनियाकोवा तथा टेलर टाउनसेंड को साल की सर्वश्रेष्ठ युगल टीम चुना गया।

स्थानीय निर्वाचन के लिये प्रेक्षक नियुक्त

रीवा। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा रीवा जिले में संपन्न होने वाले उप निर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तरार्द्ध) स्थानीय निर्वाचन के संचालन के लिये श्री कृष्ण मोहन गौतम सेवानिवृत्त (मा.प्र.से.) को प्रेक्षक नियुक्त किया है। प्रेक्षक का मोबाइल नंबर 9425047345 है।

भारत पेंशनर्स समाज का सम्मेलन आज

रीवा। भारत पेंशनर्स समाज का पेंशनर्स दिवस समारोह 17 दिसम्बर को आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे मानस भवन में आरंभ होगा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रेलवे सत्यनारायण दुबे होंगे। अध्यक्षता सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार मिश्रा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व कुलपति प्रोफेसर रत्नमणि मिश्रा तथा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ ज्योति सिंह शामिल होंगी।

कुत्तों की नसबंदी के नाम पर खिलवाड़ अपनी जेब भरने में लगा एनजीओ

प्रशिक्षु कर रहे नसबंदी, माचिस और लाइटर से कान जलाकर लगाए जा रहे निशान

जागरण, रीवा

आवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए जिस निजी संस्था को टेंडर दिया गया उस संस्था पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगने शुरू हो गए हैं। कुत्तों के साथ अमानवीय व्यवहार का वीडियो लेकर पहुंचे कुछ पशु प्रेमियों ने बताया कि जिन कुत्तों को नसबंदी के लिए पकड़ा जाता है उन्हें माचिस और लाइटर से जलाकर निशान बनाए जा रहे हैं। कई वर्षों से जानवरों के लिए काम करने वाली सामाजिक कार्यकर्ता रूपा द्विवेदी ने बताया कि एक ही सिरिंज से सभी कुत्तों को एनेस्थीसिया के इंजेक्शन लगाए जा रहे हैं, इस कारण एक वर्ष में रेबीज के सर्वाधिक केस देखने को मिले। शिकायतकर्ता का कहना था कि कुत्तों के नसबंदी के लिए एनिमल केयर फाउंडेशन दुर्ग को दोबारा टेंडर दिया गया है जिसका कोई भी रिकॉर्ड सार्वजनिक नहीं किया गया। बताया गया कि अभी तक कितने कुत्तों की नसबंदी की गई इस बात की जानकारी भी सार्वजनिक नहीं है, जबकि गाइडलाइन है कि एक कमेटी बनाई जाए जो इस तरह की गतिविधि पर निगरानी रखेगी। हालांकि कुत्तों के साथ अमानवीय व्यवहार का वीडियो आने के बाद अब नगर निगम आयुक्त के द्वारा संबंधित को नोटिस जारी की गई है और जवाब आने पर कार्यवाही की जाएगी। विदित हो कि इसी संस्था को पूर्व में भी कुत्तों की नसबंदी का ठेका दिया गया था, जिसके द्वारा लापरवाही किए जाने पर आयुक्त नगर निगम के द्वारा दो बार पैसा भी रोका गया था लेकिन इस वर्ष दोबारा उसी संस्था को नसबंदी का टेंडर मिल गया। जिसके बाद अब भी लापरवाही व कुत्तों के साथ क्रूरता का आरोप लग रहा है।

गोविंदगढ़ तालाब में मिला मृत तेंदुआ

जागरण,रीवा। गोविंदगढ़ तालाब में मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने तेंदुए के शव को उतराता देखा। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। मामले की सूचना वन विभाग की टीम को आसपास के लोगों ने दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने तालाब से रेस्क्यू कर तेंदुए के शव को बाहर निकाला। तेंदुए के शव को मुंकुदपुर टाइटगर सफारी ले जाया गया जहां चिकित्सकों की टीम ने उसका पोस्टमार्टम किया जिसके बाद उसका अंतिम संस्कार किया गया। बताया जा रहा है कि तेंदुए के शरीर में प्रथम दृष्टया कोई चोट के निशान नहीं मिले है। बिसरा रिपोर्ट जबलपुर लैब भेजी गई है, रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण स्पष्ट होगे। वन विभाग की टीम पूरे मामले की जांच कर रही है।

4 से 5 साल के बीच थी उम्र : गोविंदगढ़ तालाब में मिले तेंदुए के शव का परीक्षण करने पर पशु चिकित्सकों की टीम ने बताया कि मृत तेंदुआ वयस्क था, उसकी उम्र करीब 4 से 5 साल के बीच होना बताई गई। बहरहाल तेंदुआ तालाब में कैसे पहुंचा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई यह स्पष्ट नहीं हो सका है, वन विभाग के अधिकारी पूरे मामले की जांच कर रहे है। आशंका जताई जा रही है कि तेंदुआ पानी पीने व शिकार करने के लिए तालाब के पास आया होगा और वह हादसे का शिकार हो गया। फिलहाल बिसरा रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण स्पष्ट होंगे,प्रथम दृष्टया पानी में डूबने से मौत की आशंका जताई जा रही है।

खुली नाली में गिरा ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल

साल भर पूर्व आयुक्त ने दिए थे नालियों को ढंकने के निर्देश, नहीं किया पालन

जागरण, रीवा। शहर में जगह-जगह खुली नालियां लोगों के लिए जानलेवा साबित हो जा रही हैं, सोमवार रात करीब 12 बजे उर्रहट स्थित दैनिक जागरण मोड़ पर खुले नाले में एक ई-रिक्शा जा गिरा, जिसका चालक ई-रिक्शा के नीचे करीब आधा घंटा दबा रहा, यहां से गुजरने वाले एक अन्य ई-रिक्शा के चालक ने उसमें बैठी सवारियों के सहयोग से घायल चालक को बाहर निकाला, और डायल 112 पर संपर्क गंभीर रूप से घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया। ज्ञातव्य है कि शहर के अधिकतर नाले व नालियां खुले पड़े हैं, जिनके कारण आए दिन कोई न कोई वाहन चालक उनमें गिरता पड़ता रहता है वहीं कई बच्चे भी इन खुली नालियों का शिकार हो चुके हैं, पिछले वर्ष नवंबर माह में नगर निगम आयुक्त द्वारा वार्ड में लगे शिविरों के दौरान खुले नाले-नालियों को ढंकने के निर्देश दिए गए थे, किन्तु उनके अधीनस्थ कर्मचारियों ने आयुक्त के निर्देशों को हवा में उड़ा दिया। जिनकी लापरवाही का नतीजा यह रहा कि बरसात के दौरान खुले नाले में बहने से एक बच्चे की जान चली गई, और आए दिन लोग इन खुले नाले-नालियों में गिरकर घायल हो रहे हैं।

बैकुंठपुर थाना प्रभारी, एसआई व प्रधान आरक्षक लाइन अटैच

पुलिस अधीक्षक ने जारी किए आदेश

जागरण, रीवा। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने अलग-अलग दो मामलों में बैकुंठपुर थाना प्रभारी, एसआई व प्रधान आरक्षक को तत्काल प्रभाव से रक्षित केंद्र अटैच किया है। बैकुंठपुर थाना प्रभारी जे.पटेल व प्रधान आरक्षक राजरूप साकेत के खिलाफ ट्रक चालक ने शिकायत दर्ज करवाई थी। गत 7 दिसंबर को की गई शिकायत की जांच एसडीओपी त्योंथर ने की। जांच के उपरांत 12 दिसंबर को प्रतिवेदन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा जिसमें उल्लेख किया गया कि थाना प्रभारी और प्रधान आरक्षक ट्रक क्रमांक एमपी 17 एचएच 3372 पर कार्रवाई के दौरान संदिग्ध आचरण करते पाए गए। पुलिस अधीक्षक ने मामले में कार्यवाहक निरीक्षक जेपी पटेल व प्रधान आरक्षक राजरूप साकेत को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक के लिए रक्षित केंद्र रीवा संबंध किए जाने के निर्देश दिए हैं।

फरियादी से अभद्रता पर एसआई लाइन अटैच

बैकुंठपुर थाना में पदस्थ उप निरीक्षक आरएस बागरी को भी पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह ने लाइन अटैच कर उनका मुख्यालय रक्षित केंद्र नियत किया है। सोशल मीडिया में एसआई आरएस बागरी का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एसआई द्वारा फरियादी से की जा रही बातचीत अनर्गल व अशोभनीय पाई गई थी। वीडियो संज्ञान में आने के बाद पुलिस अधीक्षक ने मामले में कार्रवाई करते हुए एसआई आरएस बागरी को बैकुंठपुर थाना से रक्षित केंद्र रीवा सम्बद्ध किया है।

सोहागी पहाड़ में दुर्घटनाग्रस्त ट्रक से टकराया लकड़ी से लोड ट्रक

5 घण्टे चले रेस्क्यू के बाद पुलिस ने बचाई चालक की जान

जागरण, रीवा। सोहागी पहाड़ में सोमवार की रात एक बार फिर सड़क दुर्घटना सामने आई। अचानक एक ट्रक अनियंत्रित होकर घाटी में पलट गया जिसके बाद पीछे से आ रहा दूसरा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त ट्रक से टकरा गया। हादसे की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने करीब 5 घण्टे के रेस्क्यू के बाद घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया जिससे उसकी जान बच गई। घटना रात करीब दस बजे के आसपास की बताई गई है। घटना के संबंध में सोहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला ने बताया कि सोहागी पहाड़ में एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के कुछ ही देर बाद उसी मार्ग से गुजर रहा दूसरा ट्रक आगे बढ़कर पलटे हुए ट्रक से टकरा गया। ट्रक प्रयागराज की ओर जा रहा था, जिसमे लकड़ी लोड थी। घटना में दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही सोहागी थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कटर की मदद से ट्रक में फंसे दूसरे ट्रक के चालक को करीब 5 घण्टे के रेस्क्यू के बाद बाहर निकाला। हादसे में गंभीर रूप से घायल चालक मोहम्मद शकील निवासी उत्तरप्रदेश को त्योंथर अस्पताल भिजवाया गया जहां से रीवा संजय गांधी अस्पताल भेजा गया, घायल चालक की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

रीवा। चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बाइक सवार युवक को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना बीती रात करीब 8 बजे चोरहटा थाना क्षेत्र के सकरवट गांव में सामने आई। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सकरवट गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें रामरतन यादव 38 वर्ष गंभीर रूप से घायल हुआ और मौके पर ही उसकी जान चली गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक सवार ट्रक के नीचे जा घुसा वहीं हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही चोरहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू की। जिसके बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया गया। मृतक के शव को मंगलवार पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है, वहीं पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

बैंक का कर्ज नहीं चुकाया तो घर से धोना पड़ा हाथ

जागरण, रीवा। बैंक से कर्ज लेने के बाद उसे नहीं चुकाने पर एक परिवार को घर से हाथ धोना पड़ा है। कोर्ट के आदेश के बाद राजस्व विभाग की टीम ने बैंक को घर पर कब्जा दिलाया है। जिला न्यायालय के आदेश पर सिरमौर जनपद के ग्राम पंचायत सुरवार में राजस्व टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। राजस्व टीम ने ऋणी के अधिपत्य की संपति पर बैंक प्रबंधन को कब्जा दिलाया है। कार्रवाई के संबंध में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट ललन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय के आदेश पर मंगलवार को ऋणी की संपत्ति पर बैंक को कब्जा दिलाने की कार्रवाई संपादित की गई है। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के मुताबिक ग्राम पंचायत सुरवार निवासी मोतीलाल यादव और उनकी पत्नी के नाम हिंदूजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा रीवा से हाउस निर्माण के लिए 18 लाख रुपयों का लोन लिया गया था, लेकिन समय-समय पर लोन की किस्त में जमा नहीं करने पर बैंक की ओर से लोन लेने वाले ऋणी के खिलाफ न्यायालय में परिवाद दायर किया गया, जिस पर न्यायालय ने बैंक को ऋणी की संपत्ति पर कब्जा दिलाने का आदेश जारी किया था। बताया गया कि कोर्ट के आदेश के उपरांत संबंधित ऋणी को पूर्व में नोटिस दिए जाने के बाद मंगलवार को ऋणी के आधिपत्य संपत्ति पर बैंक प्रबंधन को कब्जा दिलाने की कार्रवाई संपादित की गई है।

मनमाना पैसा लेकर उठाए जा रहे मृत मवेशियों के शव

एक से दो हजार रुपए लेने का आरोप

जागरण, रीवा। मवेशियों के शव को उठाने के नाम पर मनमाने तरीके से पैसा लिया जा रहा है वहीं रसीद तक नहीं दी जा रही है। इसी तरह का एक मामला सामने आया है। आरोप है की नगर निगम के मृत मवेशियों के शव को ढोने वाले वाहन के कर्मचारियों द्वारा एक गाय के शव को ले जाने के नाम पर 2 हजार रुपयों की मांग की गई, और बाद में 1 हजार रुपए लेकर वह मृत गाय के शव को पहड़िया ले गए। मामला शहर से सटे ग्राम पंचायत इटौरा का है, जहां एक गाय की कुएं में गिरने से मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों के द्वारा मृत गाय को कुएं से बाहर निकाला गया और ग्राम पंचायत के प्रधान और सचिव को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन पंचायत की ओर से और कोई कार्रवाई न होने के बाद पहड़िया जा रही नगर निगम की गाड़ी को ग्रामीणों ने रास्ते में रोक लिया और उनके द्वारा मृत गाय के शव को ले जाने की बात कही गई, ऐसे में गाय के शव को ले जाने वाले वाहन के कर्मचारियों ने ग्रामीणों से 2 हजार रुपए की मांग की। हालांकि बाद में वह 1 हजार में माने और गाय के शव को उठाकर पहड़िया ले गए। गौरतलब है कि नगर निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में मवेशियों को शव को उठाने के लिए निःशुल्क व्यवस्था बनाई गई है। जिसके लिए बाकायदा वाहन और कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। बावजूद इसके सामने आया है कि नगर निगम के ही कर्मचारी मृत मवेशियों के शवों को उठाने के नाम पर लोगों से पैसों की मांग कर रहे हैं।

शिक्षक पर दलित छात्रा को जूते से मारने का आरोप

जागरण, रीवा। सगरा थाना क्षेत्र से आए लोगों ने शिक्षक पर छात्रा को जूते से मारने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि शासकीय स्कूल के शिक्षक ने कक्षा सातवीं में पढ़ने वाली दलित छात्रा को जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए जूते से मारा गया। घटना से नाराज लोग मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और शिक्षक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी की मांग की है। बताया गया कि सगरा थाना क्षेत्र के शासकीय हई स्कूल लौआ कोठार का पूरा मामला है। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि शासकीय स्कूल में पढ़ने कक्षा 7 वीं की छात्रा से स्कूल में पदस्थ शिक्षक द्वारा एक छात्र की शिकायत पर जाति सूचक गालियां देते हुए अपमानित किया गया साथ ही जूते से मारा गया है। नाराज लोगों ने मामले की शिकायत सगरा थाने में की, लेकिन कार्रवाई न होने के बाद मंगलवार को परिजन सहित ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई की मांग की।

एसपी कार्यालय पहुंचे लोगों ने उठाई कार्रवाई की मांग

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा- 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com